e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 219


# प्रभात मंत्र

रविवार
11.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26


**सुविचार**

हम वो हैं, जो हमें हमारी सोच ने बनाया है। इसलिए, इस बात का ध्यान रखिए कि आप क्या सोचते हैं। शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं, वे दूर तक यात्रा करते हैं।

## क्विक न्यूज

### ब्राजील में भीषण विमान हादसा, 61 लोगों की मौत

**ब्रासिलिया :** ब्राजील के साओ में एक बड़ा विमान हादसा हुआ. ब्राजील के साओ पाउलो राज्य में एक पैसेंजर प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है. घटना में विमान में सवार सभी 61 लोगों की मौत हो गई है. घटना का वीडियो भी सामने आया जिसमें प्लेन को तेजी से नीचे की ओर जाते हुए देखा गया है. एक बयान में कहा गया कि फ्लाइट 2283 में सवार सभी 61 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई.

### पेरिस ओलंपिक्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले पहलवान अमन सहरावत को पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक में पहलवान अमन सहरावत को 57 किलो फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी। अमन ने पेरिस ओलंपिक में कुश्ती में भारत को पहला पदक दिलाया। उन्होंने 57 किलो फ्रीस्टाइल वर्ग के कांस्य पदक के मुकाबले में पुएर्तो रिको के डारियन तोइ क्रूज को अंकों के आधार पर 13 . 5 से हराया।मोदी ने एक्स पर लिखा,हमारे पहलवानों की बदौलत हमें और भी गर्व हुआ। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए अमन सहरावत को बधाई।

### प्रदर्शनकारियों से मिली धमकी के बाद बांग्लादेश के चीफ जस्टिस ने दिया इस्तीफा

**ढाका :** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद अब वहां के चीफ जस्टिस ओबैदुल हसन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. प्रदर्शनकारी छात्रों ने आज सुप्रीम कोर्ट का घेराव किया था और ओबैदुल हसन को इस्तीफा देने के लिए एक घंटे की मोहलत दी थी. दरअसल ओबैदुल हसन ने नवगठित अंतरिम सरकार से परामर्श किए बिना सभी न्यायाधीशों की एक बैठक बुलाई थी. जिसका प्रदर्शनकारियों ने विरोध किया और इस्तीफे की मांग पर अड़ गए. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि न्यायालय के न्यायाधीश एक साजिश का हिस्सा हैं. विरोध बढ़ने पर, बैठक को रद्द करना पड़ा.

### सोनभद्र में दंपति की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**सोनभद्र :** राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की सुबह दंपति का खून से लथपथ शव उनके ही घर में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है।पुलिस सूत्रों के अनुसार राबर्ट्सगंज ब्रम्ह नगर निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह का वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर शहर के बीच में बिल्डिंग मैटरियल की दुकान है। दुकान के पास में ही वह अपना एक कमरे का आवास भी बनाये थे, जहां पर अपनी पत्नी के साथ रहते थे।

### भारत के सहयोग से नेपाल में तीन प्रमुख पेट्रोलियम परियोजनाओं का होगा निर्माण

**काठमांडू :** भारत के आर्थिक अनुदान से नेपाल में तीन प्रमुख पेट्रोलियम परियोजनाओं का निर्माण किया जाएगा। नेपाल के उद्योग, वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्री दामोदर भंडारी ने पिछले दिनों नई दिल्ली में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक कर इन परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में भारतीय सहयोग सेअमलेखगंज-चितवन, सिलीगुड़ी-झापा पाइपलाइन और झापा में भंडारण टैंक बनाने का फैसला किया गया।नई दिल्ली में 6-8 अगस्त तक आयोजित बिम्सटेक व्यापार शिखर सम्मेलन के बाद काठमांडू लौटे मंत्री भंडारी के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव बाबूराम अधिकारी ने शनिवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी।



**रांची का तापमान**

अधिकतम 30°
न्यूनतम 24°

---

झारखंड आदिवासी महोत्सव 2024 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए मुख्यमंत्री

# झारखंड के कलाकारों के लिए बनेगी विशेष पॉलिसी : हेमंत

## गीत-नृत्य झारखंड की कला-संस्कृति का अहम हिस्सा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान रांची के ऐतिहासिक परिसर में आयोजित दो दिवसीय ÷झारखंड आदिवासी महोत्सव, 2024 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में राज्य सरकार द्वारा झारखंड के कलाकारों के लिए विशेष पॉलिसी बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कलाकार झारखंड की कला-संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। यहां के कलाकारों को आने वाले दिनों में एक बेहतर नीति और कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ाने का काम उनकी सरकार करेगी ताकि झारखंड के कलाकार देश और दुनिया में अपने हुनर का प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के कलाकार झारखंड की कला-संस्कृति को निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। इनके प्रयासों को और मजबूती प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और कला, संस्कृति के क्षेत्र में झारखंड की पूरे विश्व में अलग पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में बात करें तो हॉकी इंडिया में झारखंड के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है। देश की महिला हॉकी टीम में इस राज्य की महिला खिलाड़ियों ने एक अलग मुकाम हासिल की है।



### गीत-नृत्य झारखंड की कला-संस्कृति का अहम हिस्सा

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इस समय बारिश का मौसम है। खेत-खलिहान से जुड़े लोगों के मन में भी उत्साह है और सामाजिक सरोकार रखने वाले लोगों के मन में भी उत्साह है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। यहां के आदिवासी समाज के लोग यहां की कला-संस्कृति को संरक्षित करने का काम करते हैं। राज्य की समृद्ध कला-संस्कृति का सीधा जुड़ाव प्राकृतिक से भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गीत-नृत्य यहां की कला-संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो अनवरत चलता रहता है। इसी कड़ी में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई चुनौतियों का सामना करते हुए आदिवासी समाज के लोग अपनी कला-संस्कृति, रहन-सहन और समृद्ध आदिवासियत को बचाने के लिए जद्दोजेहद में लगे हैं।

### अतिथियों ने उठाया सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सहित सभी अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया तथा झारखंड एवं अन्य राज्यों से पहुंचे कलाकारों का मनोबल भी बढ़ाया।

### आदिवासी समाज के लोग अब हर क्षेत्र में बढ़ रहे हैं आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार जगत हो, न्यायपालिका का क्षेत्र हो, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स का क्षेत्र हो, चाहे आईएएस, आईपीएस की बात करें तो भी इन क्षेत्रों में आदिवासी समाज के गिने-चुने लोग ही अपनी जगह बना पाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमारे आदिवासी समाज के लोग आगे नहीं बढ़ रहे हैं। अब आदिवासी समाज के नौजवान युवक-युवतियां एवं छात्र-छात्राएं अलग-अलग क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सिर्फ नदी, पहाड़, पर्वत या खनिज संपदा के लिए ही नहीं जाना जाता है बल्कि यहां एक समृद्ध मानव बल के लिए भी जाना जाता है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन, सांसद राज्यसभा महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक अनूप सिंह, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक भूषण तिर्की, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

---

वायनाड भूस्खलन के पीड़ितों से मिले पीएम नरेंद्र मोदी, बोले

# वायनाड के पीड़ितों के साथ है भारत सरकार



**एजेंसी**

**वायनाड :** वायनाड में घटी भूस्खलन की घटना के बाद पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को वायनाड पहुंचे। त्रासदी वाले इलाकों का दौरा करने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने वायनाड भूस्खलन घटना और चल रहे राहत प्रयासों पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन भी उपस्थिति थे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा,मैंने जब से इस आपदा के बारे में सुना तब से मैं यहां पर संपर्क में रहा और पल-पल की जानकारी लेता रहा। केंद्र सरकार के जितने भी अंग है, जो भी इस स्थिति में काम आ सकते हैं उसे तुरंत काम पर लगाया गया। जो परिवार इसमें घिरे हैं उनकी सहायता करना। यह त्रासदी सामान्य नहीं है। सैकड़ों परिवार के सपने उजड़ गए हैं। प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया है। मैंने वहां जाकर परिस्थिति को देखा। मैं पीड़ितों से भी मिला। मैं अस्पताल में भी उन सभी मरीज़ से मिला हूं जो इस आपदा के कारण अनेक प्रकार की चोट के कारण मुसीबत का समय बिता रहे हैं। ऐसे संकट के समय जब हम साथ मिलकर काम करते हैं तो उत्तम परिणाम मिलता है।उन्होंने कहा,भारत सरकार और देश इस संकट में यहां के पीड़ितों के साथ है। मैं विश्वास दिलाता हूं सभी पीड़ितों और उनके परिजनों को हम सब इस संकट में उनके साथ हैं। सरकार में नीति नियमों के तहत सहायता राशि दी गई है हम और भी राशि देने की क़वायद करेंगे। बहुत ही उदारता पूर्वक सभी समस्याओं के समाधान के लिए केरल सरकार के साथ भारत सरकार खड़ी रहेगी। छोटे बच्चों और जिन्होंने अपनो को खोया है उनके लिए एक लंबे समय तक की योजना बनाने का निर्णय लिया है।

**पीएम मोदी ने कहा की केंद्र सरकार के जितने भी अंग है, जो भी इस स्थिति में काम आ सकते हैं उसे तुरंत काम पर लगाया गया। जो परिवार इसमें घिरे हैं उनकी सहायता करना। यह त्रासदी सामान्य नहीं है। सैकड़ों परिवार के सपने उजड़ गए हैं।**

---

# गाजा में स्कूल पर इस्राइल की एयर स्ट्राइक, 100 से ज्यादा की मौत



**एजेंसी**

**गाजा :** गाजा में एक स्कूल पर हुए हमले में 100 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। इस हमले में बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। हमले का आरोप इस्राइल पर लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस स्कूल में विस्थापित शरणार्थियों ने शरण ली हुई थी। वहीं इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने हमास के कमांड सेंटर को निशाना बनाया है। गाजा सिटी के अल- सहाबा इलाके के अल-तबैइन स्कूल को निशाना बनाया गया। गाजा के सरकारी मीडिया के अनुसार, इस्राइली हवाई हमले में शरणार्थियों को निशाना बनाया गया, जब लोग फज्र की नमाज पढ़ रहे थे। शुरुआत में कहा गया कि हमले में 40 लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हुए। हालांकि बाद में मृतकों का आंकड़ा 100 के पार चला गया। इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने हमास आतंकियों के एक कमांड सेंटर को निशाना बनाया है। इस्राइली सेना ने कहा कि आतंकी आम नागरिकों को ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहे थे।गौरतलब है कि बीते दिनों में इस्राइल ने गाजा और हमास नेताओं पर ताबड़तोड़ हमले किए हैं। कुछ दिनों पहले गोलन हाइट्स स्थित इस्राइल के कब्जे वाले इलाके में हिजबुल्ला के रॉकेट हमले में 12 बच्चों की मौत हो गई थी। इस हमले के जवाब में इस्राइल ने हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडर को बेरूत में ढेर कर दिया था। इसके 24 घंटे बाद ही ईरान की राजधानी तेहरान में हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानिया की भी हत्या कर दी गई थी। इसका भी आरोप इस्राइल पर लगा। हानिया की हत्या के बाद ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया और ईरान ने इस्राइल पर हमले की धमकी दी है।

---

# सीएम ने अपने जन्म दिवस पर गृह रक्षकों को दी सौगात

## पीएम नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी व खड़गे ने सीएम हेमंत सोरेन को दी जन्मदिन की बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने 49 वें जन्म दिवस के अवसर पर गृह रक्षकों को बड़ी सौगात दी है।उन्होंने गृह रक्षकों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक दिए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।इसके तहत गृह रक्षकों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक के रूप में एक हजार अठासी रुपए प्रतिदिन की दर से भुगतान किए जाने का प्रस्ताव है। वर्तमान में इन्हें पांच सौ रुपए मात्र प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जाता है। वर्तमान में विधि-व्यवस्था हेतु गृह रक्षकों की संख्या तीन हजार पांच सौ सताईस है। इधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने वंचितों और सामाजिक न्याय के लिए लड़ने की बात कही है। साथ ही जन्मदिन की बधाई भी दी है।झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को 49वां जन्मदिन मनाया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी लंबी उम्र और बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि झारखंड के मुख्यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं। विपक्षी गठबंधन इंडिया गरीबों, वंचितों एवं आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ेगा और जीतेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हें बधाई देते हुए लिखा कि हम उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं। 'इंडिया' गठबंधन देश में सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण और समावेशी विकास के लिए मिलकर लड़ रहा है।



---

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को तिमोर-लेस्ते ने अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से किया सम्मानित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सार्वजनिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक समर्पण के लिए तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्टा द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया गया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह सम्मान भारत और तिमोर-लेस्ते के बीच दोस्ती के संबंधों का प्रतिबिंब है. बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी छह दिवसीय यात्रा पर फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर लेस्ते की यात्रा पर हैं. तिमोर लेस्ते, इस तीन देशों की छह दिवसीय यात्रा का आखिरी चरण है. राष्ट्रपति की तीन देशों की छह दिवसीय यात्रा का उद्देश्य भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति को आगे बढ़ाना है.इससे पहले मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया गया था. इस दौरान राष्ट्रपति ने दोनों देशों के संबंधों की प्रंशसा की थी और कहा था,भारत एक मजबूत, लचीला और अधिक समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए फिजी के साथ साझेदारी करने के लिए तैयार है.यह किसी भारतीय राष्ट्रपति के द्वारा फिजी की पहली यात्रा थी.



---

# महिला डॉक्टर की हत्या पर बवाल

**एजेंसी**

**कोलकाता :** कोलकाता के सरकारी आरके कार मेडिकल कॉलेज में एक महिला ट्रेनी डॉक्टर का शव बरामद हुआ। महिला की बर्बरता से हत्या की गई है। इस हत्याकांड को लेकर पूरे कोलकाता और पश्चिम बंगाल में गुस्सा है।

कोलकाता में डॉक्टर और नर्सें सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।।सीएम ममता बनर्जी ने भी कह दिया है कि वह इस मामले में दोषी के लिए ऐसी सजा चाहती हैं, जो मिसाल बने। इधर कोलकाता की एक अदालत ने महिला स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार आरोपी को शनिवार को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। आरोपी को गिरफ्तारी के बाद शनिवार को सियालदह अदालत में पेश किया गया। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (दुष्कर्म) और 103 (हत्या) के तहत मामला दर्ज है।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पिटल
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# जनता का सेवा ही जनप्रतिनिधि का असली धर्म व कर्म है : मंत्री मिथिलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को गढ़वा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनता संवाद का आयोजन किया। इस दौरान मंत्री ने तिवारी मरहटिया के केवटाहा टोला आश्रम के समीप, दुबे मरहटिया गांव के पंचायत भवन में, टेनवा टोला स्थित शिव मंदिर के समीप तथा ग्राम टेढ़ी हरैया में मदरसा के समीप आयोजित जनता संवाद में ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। मंत्री ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया। साथ ही शेष समस्याओं की यथाशीघ्र निदान करने की बात कही। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूरे गढ़वा में किसी भी क्षेत्र में ग्रामीणों को कोई कोई समस्या न हो इसीलिए वे प्रत्येक गांव, प्रत्येक टोला में घूम घूम कर लोगों से मिल रहे हैं। उनकी समस्याओं को जान कर निदान भी कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि जनता का सेवा ही जनप्रतिनिधि का असली कर्म व धर्म है। जब तक क्षेत्र की जनता खुशहाल नहीं होगी, क्षेत्र में सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होगी तब तक वे चैन से नहीं बैठेंगे। मंत्री ने कहा कि आप सबों के आशीर्वाद से काफी कम समय में पूरे गढ़वा में बेहतर विकास कार्य हुआ है। जिस दिन से गढ़वा की जनता मुझे अपना सेवक चुना है उस दिन से दिन रात एक करके वे पूरे गढ़वा की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि जब तक गढ़वा के एक एक गांव की सारी समस्याओं का निदान नहीं हो जाता तब तक वे चैन से बैठने वाले नहीं हैं। मंत्री ने कहा कि पिछली बार आप सबों ने सेवा का मौका दिया उसका परिणाम आज दिख रहा है। आनेवाले विधानसभा चुनाव में बहुरूपियों के चक्कर में नहीं फसें। सोच समझ कर कार्य करने वाले को ही वोट दें। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो में जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, मुखिया पूनम तिवरी, परेश तिवारी, नीरज तिवारी, मनोज तिवारी, प्रभा शंकर दुबे, जितेंद्र राम, छोटू पासवान, अनुज दास, सुनीता देवी, बंधु राम, जितेंद्र चौधरी, रवि तिवारी, मनीष द्विवेदी, देवकांत तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पार्टी कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** झामुमो कार्यालय केतार में शनिवार को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 49 वां जन्म जयंती धूमधाम से उत्साह के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने अपने नेता हेमंत सोरेन को जन्मदिन की बधाइयां दी साथ ही उनकी लंबी उम्र की कामना भी किया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य रामविचार साहू, युवा प्रखंड अध्यक्ष छोटन कुमार सिंह, गोपाल विश्वकर्मा, सुरेश साह, बिंदु राम, श्री राम सिंह, सूर्यनाथ सिंह, उमेश दुबे, प्रमोद मेहता, नंदू प्रजापति, जय माल प्रसाद, मारूफ अंसारी, लक्ष्मी सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

## जपला मुख्य डाकघर में तिरंगा झंडे की बिक्री शुरू, 25 रुपये में उपलब्ध



**हुसैनाबाद, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से 9 अगस्त से 15 अगस्त तक देशभर में तिरंगा फहराने का आह्वान किया गया है। इस दिशा में डाक विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सभी डाकघरों में तिरंगा झंडे की उपलब्धता सुनिश्चित की है। जपला मुख्य डाकघर के अरविंद ओझा ने जानकारी दी कि तिरंगा झंडा अब मात्र 25 रुपये प्रति झंडा की दर से बिक्री के लिए उपलब्ध है। उन्होंने जनता से आग्रह किया है कि वे इस स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान अपने घरों और संस्थाओं पर तिरंगा झंडा फहराकर देशभक्ति का परिचय दें। इस पहल का उद्देश्य न केवल देश की आजादी का जश्न मनाना है, बल्कि प्रत्येक नागरिक में राष्ट्र के प्रति गौरव और सम्मान की भावना को भी जागृत करना है। डाक विभाग का यह प्रयास प्रधानमंत्री के हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक जनसमर्थन देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। आम जनता से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी डाकघर से तिरंगा झंडा प्राप्त करें और इस स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में राष्ट्रध्वज को फहराकर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का हिस्सा बनें।

## वित मंत्री से मिले हड़ताली कर्मचारी



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ समाहरणालय संवर्ग जिला इकाई पलामू का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के उनके पैतृक आवास पर मिलकर अपनी 9 सूत्री मांगो से संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिस पर वित्त मंत्री द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि आपकी मांगों पर हम जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर विचार विमर्श कर अंतिम निर्णय लेंगे। सौहार्दपूर्ण आश्वासन के लिए वित्त मंत्री को सभी ने आभार जताया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रंजय सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष पांडेय, शकील अख्तर, सचिदा राम, अभिमन्यु सिंह, सूरज राम, सचिव संजय प्रसाद, राम लखन राम, घनश्याम दुबे, बख्तियार अहमद, दिनेश चंद्राराम, संजय कुमार, मनोज कुमार, विकेश कुमार सिंह, घनश्याम दुबे, सुबोध शुक्ला, रूपेश सिंह, अमरेश सिंह, राम लखन राम, राजेश कुमार सिन्हा, चंदन कुमार, आशुतोष कुमार सिंह एवं अन्य काफी संख्या में अनुसूचिव कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रमना थाना क्षेत्र के मान दोहर ग्राम निवासी जितेंद्र पाठक को अवैध 1.481 किलोग्राम गांजा के साथ उसके घर से ही रमना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।उक्त जानकारी एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार जिले में लगातार अपराधकर्मी के विरुद्ध कार्रवाई किया जा रहा है। इसी क्रम में एक गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रमना थाना अंतर्गत अबैध रूप से गांजा की बिक्री का कार्य हो रहा है। जानकारी प्राप्त होते ही टीम का गठन कर उक्त सूचना का सत्यापन कर छापेमारी किया गया। जिसमें रमना थाना क्षेत्र के मानदोहर ग्राम से जितेंद्र पाठक को 1.481 किलोग्राम गांजा के साथ उसके घर से ही गिरफ्तार किया गया।उन्होंने बताया कि जितेंद्र पाठक ने स्वीकार किया है कि वे गांजा का खरीद-बिक्री का कार्य करते है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में रमना थाना में कांड संख्या 106/24 दर्ज कर धारा 20 (बी) (ii) (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियुक्त को न्यायालय में अग्रसारित किया जा रहा है।छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी रमना मोहम्मद अशफ़ाक़ आलम, पुलिस अवर निरीक्षक ओमप्रकाश महतो, पुलिस अवर निरीक्षक ऋ षिकेश सिंह, आरक्षी 579 सुरेंद्र यादव, आरक्षी 1035 श्रीकांत पासवान, चालक आरक्षी लव कुमार दुबे शामिल थे।

## लूट की योजना बना रहे दो अपराधी गिरफ्तार, गुमला सोना लूट में भी थे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने लूट की योजना बना रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है. दोनों अपराधियों के पास से एक पिस्तौल, पांच गोलियां और एक बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराधियों में जेजेएमपी का पूर्व एरिया कमांडर ललन भुइयां उर्फ अर्जुन जी उर्फ अर्जुन सिंह और वीरेंद्र भुइयां शामिल है। ललन भुइयां पलामू के सतबरवा के ढुलसुलमा का और वीरेंद्र भुइयां चैनपुर के चकरभोंगा का रहने वाला है। जेजेएमपी के पूर्व एरिया कमांडर ललन भुईयां के खिलाफ पलामू के पांकी, लातेहार के चैनपुर, रामगढ़, गारू और गढ़वा के डंडा में कई प्राथमिकी दर्ज हैं। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने प्रेस कांफ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस ने छापेमारी कर पलामू में लूट की योजना बना रहे ललन और वीरेंद्र को गिरफ्तार किया है। ललन जेजेएमपी का पूर्व एरिया कमांडर रह चुका है. जेल से बाहर आने के बाद मोनू सोनी ने ललन और वीरेंद्र से संपर्क कर गुमला में सोना लूटने की योजना बनायी थी. ललन भुइयां और वीरेंद्र ने 25 जुलाई को गढ़वा के डंडा थाना क्षेत्र में एक स्वास्थ्यकर्मी को गोली मारकर उसकी बाइक लूट ली थी। इस लूट की बाइक का इस्तेमाल गुमला में सोना लूटने में किया जाना था। लेकिन बाइक रास्ते में खराब हो गयी थी. जिसकी वजह से लूट के लिए दूसरी बाइक का इस्तेमाल किया गया था। छापेमारी दल में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल थे।

## जिले में भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन आज, जुटेंगे हजारों लोग



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आज नगर बैठक गुदरी बाजार स्थित पार्टी नगर कार्यालय अटल भवन में किया गया।जिसमें आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कल दिनांक 11/08/2024 दिन रविवार को समय 10:00 बजे ललित नारायण स्टेडियम से भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन युवा मोर्चा के द्वारा किया गया है। साथ ही साथ जिले के अनेको कार्यक्रम की चर्चा की गई है। जैसे,12 अगस्त को युद्ध स्मारक स्थल पर शहीदों की प्रतिमा पर साफ सफाई एवं माल्यार्पण किया जाना है, 13 अगस्त को हर घर तिरंगा,14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस (संगोष्ठी) मनाना है उसके पश्चात कैंडल मार्च निकली जाएगी। एवं 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में ध्वजा रोहण कार्यक्रम।जिसमें जिले के सभी भाजपा के पदाधिकारी, नगर के पदाधिकारी, युवा मोर्चा के पदाधिकारी और सदस्य गण इस तिरंगा यात्रा में आमंत्रित है। इस बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू जी के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला मंत्री मिथुन तमेड़ा जी थे। मौके पर उपस्थित अजय कुमार साहा, आदित्य कुमार, प्रांजल कुमार, चंदन गोप, मनीष कुमार गुप्ता, गोपाल कुमार साहू इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संजय मेहता के मंडल अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा,पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के सरैया पंचायत निवासी संजय मेहता को भाजपा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर से भरोसा जताते हुए पिपरा प्रखंड अध्यक्ष का कार्य भार सौपा है। पिपरा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि संजय मेहता एक कुशल नेतृत्वकर्ता है. उनके नेतृत्व में हम सभी पार्टी के कार्य एवं विचार जन जन तक पहुंचाते हैं. मंडल अध्यक्ष बनाए जाने के बाद हम सभी लोगों में हर्ष का माहौल है। संत जेवियर इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ताओं ने संजय मेहता के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया था। जहां सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंग वस्त्र देकर बधाइयां दी. वही संजय मेहता ने कहा कि भाजपा पार्टी के द्वारा दी गई जिम्मेवारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। भाजपा कार्यकर्ता एवं भाजपा से जुड़े लोगों के हर दुख सुख में शामिल रहता हूं और आगे भी रहने की कोशिश करूंगा। क्षेत्र का विकास कैसे हो उन बिंदुओं को पहले प्राथमिकता दूंगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मथुरा गुप्ता शिवाश्वय सिंह बिंदेश्वर पाठक अनिल प्रजापति अरुण मिश्रा विपिन सिंह कुंज बिहारी गुप्ता चंदन सिंह कपिल देव राय संतन गुप्ता राजन सोनी अंशु मिश्रा विजय प्रजापति मनोज गुप्ता संतोष गुप्ता उमेश सिंह नीतीश तिवारी सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर एसडीओ ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्घा ने अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियो, गण्यमान्य लोगों के साथ बैठक किया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. झंडोत्तोलन के लिये समय निर्धारित किया गया. बैठक में मुख्य समारोह स्थल अनुमंडल मैदान में राष्ट्रगान, वंदे मातरम कार्यक्रम, मार्च पास्ट, देशभक्ति गीत तथा प्रगति गीत सहित कई कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन 7:00 बजे पूर्वाह्न से सभी विद्यालय अपने-अपने पोषक क्षेत्र में प्रभात फेरी निकालेंगे। झंडा तोलन के लिए अनुमंडलीय मैदान में 11:00 बजे पूर्वाह्न का समय निर्धारित है.मुख्य समारोह स्थल पर झंडा बांधने की जिम्मेवारी रामकृष्ण प्रजापति एवं रामकिशन राम ताईद को दिया गया. मार्च पास्ट के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नगर उंटारी, होली क्रॉस उच्च विद्यालय नयाखाड़ नगर उंटारी, मध्य विद्यालय अधौरा, मध्य विद्यालय नगर उंटारी, अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय नगर उंटारी, जमा 2 उच्च विद्यालय नगर उंटारी, माँ नगीना शाही इंटर महाविद्यालय नगर उंटारी तथा मिलेनियम पब्लिक स्कूल बिशुनपुर को शामिल किया गया। सभी विद्यालयों को सूचना देने के लिए भी निर्देशित किया गया। जिससे सभी विद्यालय मार्च पास्टका अभ्यास छात्र-छात्राओं को कराना सुनिश्चित करेंगे। राष्ट्रगान, वंदे मातरम, देश भक्ति गीत एवं मैदानी कार्यक्रमों के चयन के लिए गठित चयन समिति में जो राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय नगर उंटारी में 13 अगस्त को आयोजित किया जाएगा तहमीना परवीन, लक्ष्मण राम, दिनेश कुमार शुक्ला अधिवक्ता, विभूतिभूषण चौबे, अखिलेश प्रसाद शिक्षक को शामिल किया गया है। अनुमंडलीय मैदान में आयोजित कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य बालारानी, कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी, कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेम्ब्रम, बीपीओ तहमीना परवीन, लक्ष्मण राम, दिनेश शुक्ला, रजनीश कुमार मंगलम, धीरेंद्र चौबे संपादक बंशीधर न्यूज़, बृजेश चौबे अधिवक्ता को शामिल किया गया है।भाषण प्रतियोगिता में चयन समिति के लिए 13 अगस्त को राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय में ग्रुप ए के लिए भारतीय लोकतंत्र में मतदान का महत्व, ग्रुप बी के लिए बदलते परिवेश में स्वस्थ जीवन शैली, ग्रुप सी के लिए आजादी में क्रांतिकारियों का योगदान तथा ग्रुप डी के लिए पर्यावरण का महत्व विषय निर्धारित किया गया है।मौके एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, डॉ सुचित्रा कुमारी, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, सीओ विकास कुमार सिंह, बीपीओ तहमीना प्रवीण, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, वीरेंद्र पांडे, अविनाश सहाय, अशोक सेठ, लवली आनंद, लक्ष्मण राम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आजसू ने आदिवासी समाज के लोगों को अंग वस्त्र व माला पहनाकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समुदायों की संस्कृति, पारंपरिक संगीत, नृत्य व अन्य सांस्कृतिक गतिविधि व विरासत के प्रति सम्मान बढ़ाने की आवश्यकता है। उनके अधिकारों की सुरक्षा जरूरी है। आदिवासियों के संचित ज्ञान को पहचाना सांस्कृतिक व वैज्ञानिक दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। उक्त बातें आजसू के पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कही। वे चियांकी में विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज आदिवासियों के उत्थान व विकास करने का संकल्प लेने का दिन है। झारखंड खनिज संपदा से भरा पड़ा है। हराभरा खुशहाल राज्य में भी आदिवासी बेरोजगार हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य में पीछे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। आजसू आदिवासियों के उत्थान के लिए संघर्ष जारी रखेगा। मौके परौ संगठन सचिव शिव शंकर ने कहा कि आदिवासी समाज के पास औषधीय का भंडार है। इसे सीख कर समाज का कल्याण किया जा सकता है। मौके पर आजसू नेता राजीव पांडेय ने कहा कि आदिवासी समुदाय सच्चे व ईमानदार होते हैं।

**आदिवासी होते हैं प्राकृतिक संरक्षक : चंद्रशेखर सिंह छोटू**

आदिवासियों की पहचान प्राकृतिक संरक्षक के रूप में है। जल, जंगल व जमीन को बचाने में आदिवासी समाज अग्रणी रहा है। पूरे विश्व में आदिवासी की संख्या घट रही है। यह चिंता का विषय है। आदिवासी समुदाय को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उनके मान सम्मान को बनाए रखना हम सभी का धर्म है। कहा कि राजनीतिक परिस्थितियों में डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के अब तक के जनप्रतिनिधियों ने आदिवासी समाज को ठगने का काम किया है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आजसू आदिवासियों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी। आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक रूप से सबल बनाएगी। पार्टी के संगठन सचिव शिव शंकर प्रसाद ने आदिवासी समाज के लोगों के साथ जुड़कर कार्य करने पर बल देने की बात कही। पार्टी ने आदिवासी समाज के देवेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, मंगरू मुंडा, कोचे मुंडा, ब्रह्मदेव उरांव, जोखन उरांव, चंदेश्वर उरांव, फुलवा देवी जयंती देवी, सुदामा कोरवा, अर्जुन परहिया आदि को माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# कार्यकर्ताओं और माटी की पार्टी है झामुमो : राजेंद्र सिन्हा

## पलामू के सतबरवा प्रखंड में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सतबरवा के बलवंत सिंह नामधारी कॉलेज में झामुमो के सतबरवा कमिटी ने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने की और इस कार्यक्रम का संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष मेघनाद प्रसाद ने किया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विनय सिंह, भाजपा नेता विकास गुप्ता और विनोद गुप्ता अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए जिन्हें श्री सिन्हा ने पार्टी का अंगवस्त्र और माला पहना कर झामुमो परिवार में शामिल किया। झामुमो अध्यक्ष और कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद सिन्हा का झामुमो कार्यकर्ताओं ने भव्य तरीके से सैकड़ों मोटरसाइकिल के साथ स्वागत कर कार्यक्रम स्थल तक गए। मुख्य अतिथि राजेंद्र सिन्हा ने स्व सुरेश प्रसाद और श्रीमती उर्मिला देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप में केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, सचिव सन्नू सिद्धिकी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष लल्लन चौधरी शामिल हुए। सतबरवा प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने प्रमुखता में मांग किया कि डाल्टनगंज विधानसभा से झामुमो चुनाव लड़े और उम्मीदवार राजेंद्र प्रसाद सिन्हा हों। श्री सिन्हा की लोकप्रियता पलामू में तेजी से बढ़ी है, उनके कार्य करने के शैली और मदद के लिए चौबीस घंटे तत्पर रहने के सौभाग्य ने उन्हें लोकप्रिय बनाया है। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को झामुमो की सभी योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मईया योजना की सौगात माताओं और बहनों को दी हैं, सबों से आग्रह है कि इसका लाभ लें। 200 यूनिट फ्री योजना भी हेमंत सोरेन ने दिया है। **कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति :** कार्यक्रम में झामुमो मोर्चा के कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, संगठन सचिव अरविंद चौधरी, प्रखंड उपाध्यक्ष जमिल अहमद खान, मुस्ताक खान, करीम अंसारी, निवास चौधरी, बिहारी मेहता, मो फैजल, मो निजाम, अनिल राम, अजय राम, राम बाबू, राम अवतार सिंह, अनिल सिंह, सोल्जर सिंह, अजीत यादव, अरविंद भुइया गोविंद कुमार समेत सैकड़ों झामुमो के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### तपोवन मंदिर नवनिर्माण के लिए प्रस्तावित प्रतिकृति का अनावरण एवं भूमिपूजन संपन्न

**रांची।** महावीर मंडल रॉंची के द्वारा श्री महावीर मंडल रॉंची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में श्री राम जानकी तपोवन मंदिर निवारणपुर , रॉंची के नवनिर्माण हेतु प्रस्तावित प्रतिकृति का अनावरण तथा भूमिपूजन कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि चंपत राय (महासचिव , रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या) , मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन सोरेन , प्रथम मुख्यमंत्री झारखंड बाबूलाल मरांडी , तपोवन मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण , संगठन मंत्री भाजपा कर्मवीर सिंह , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक गोपाल सहित सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया ।कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का भव्य स्वागत अंगवस्त्र देकर , शाल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया ।स्वागत कार्यक्रम में किशोर साहू , शंकर दुबे , लंकेश सिंह , रवि कुमार पिंकू , अर्जुन राम , राहुल सिन्हा चंकी , संजय सिंह लल्लू , सहित दर्जनों श्री महावीर मंडल रॉंची के सदस्य उपस्थित थे ।

### पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने खिलारी थाना क्षेत्र का किया दौरा

**रांची।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची सुमित कुमार अग्रवाल के द्वारा 10.08.24 को खलारी थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूर्व में निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों का अनुपालन किया गया है कि नहीं के साथ कार्यालय अभिलेखों का बारी-बारी से अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही थाना में जप्त वाहनों को विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए उसका निष्पादन कराने, बैरक एवं कैंपस का साफ-सफाई तथा आम लोगों से प्राप्त शिकायतों को त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक खलारी थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज, एवं थाना के पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# एंटी ट्रैफिकिंग नेटवर्क के तहत जतन झारखंड के 13 जिलों में कर रही है काम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड एंटी ट्रैफिकिंग नेटवर्क (जतन) एक सामूहिक-सहयोगी पहल है जो कि झारखंड राज्य में सुरक्षित प्रवास को बढ़ावा देने और मानव तस्करी को कम करने का काम करती है। अपनी इस भूमिका में जतन विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी हितधारकों के बीच सुरक्षित प्रवास, सुरक्षा और संकटग्रस्त प्रवासियों की सुरक्षा की समझ को प्रचारित और लोकप्रिय करने के साथ समुदाय में जागरूक व सुरक्षित अभ्यासों को बढ़ावा देती है।

ज़मीनी स्तर पर डेटा एकत्र कर, अनुसंधान और सबूतों के संग्रह के माध्यम से झारखंड के प्रवासियों, विशेष कर से महिलाओं और किशोर-किशोरियों के विरुद्ध अपराधों के प्रमाण जुटाने के कार्य जतन ने अपने गठन के प्रारंभ से किए हैं। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में समुदाय और हितधारकों को शिक्षित और जागरूक करने के दौरान नेटवर्क ने यह पाया कि असुरक्षित प्रवास की दिशा में झारखंड एक बड़ी वृद्धि हो रही है। इस प्रकार के निष्कर्षों ने जतन को विभित्र स्तरों पर मुद्दों को जोरदार तरीके से उजागर करने में मदद की और इससे सरकार और नीति निर्माताओं के साथ प्रभावी वकालत करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।जतन झारखंड के 13 जिलों में काम कर रही है और इसका उद्देश्य और दृष्टिकोण यह है कि अनजान, अशिक्षित एवं हाशिए पर मौजूद वर्गों को असुरक्षित प्रवास से बचाया जाए।

1. प्रवास से पहले पंजीकरण एवं कार्य का प्रकार समझना
2. प्रवासियों और उनके परिवारों को पंजीकरण, कार्य का प्रकार, और गंतव्य का विवरण बताना।
3. सामाजिक-शारीरिक सुरक्षा, ईमानदारी, समान वेतन और निश्चित कार्य घंटों को बढ़ावा देना।

- सामुदायिक संगठन और जागरूकता बढ़ाना।
- समुदाय और नेटवर्क के सदस्यों की क्षमता का निर्माण।
- समुदाय और नेटवर्क के सदस्यों की क्षमता का निर्माण ।
- सरकार और नीति निर्माताओं के साथ संलग्नता और समर्थन
- परामर्श और कानूनी समर्थन प्रदान करना।
- केस वर्क करना।
- समान विचारधारा वाले समूहों और संगठनों के साथ नेटवर्किंग और संपर्क स्थापित करना।

जतन के सफ़र में अब तक की गई प्रमुख गतिविधियां मुख्य रूप से सुरक्षित प्रवासन और तस्करी विरोधी गतिविधियों के लिए नेटवर्क सदस्यों की क्षमता का निर्माण करना था। इनके अलावा निम्नलिखित गतिविधियों के माध्यम से नीति निर्माताओं एवं समुदायों के साथ नेटवर्क ने संपर्क और एडवोकेसी का काम बढ़ाया है-

- सुरक्षित प्रवास और तस्करी विरोधी के प्रति नेटवर्क सदस्यों की क्षमता का निर्माण।

## प्रवासी, महिलाओं और उनके परिवारों के लिए जतन की मुख्य रणनीतियाँ

- विभिन्न मीडिया और बैठकों के माध्यम से नेटवर्क के दृश्यता विश्वसनीयता एवं प्रतिनिधित्व को बढ़ाना।
- नीति प्रभाव के लिए साक्ष्य एकत्रण और राज्य स्तर पर परामर्श और संवाद करना।
- महत्वपूर्ण स्थानों, ट्रांजिट और गंतव्यों की मैपिंग (मानचित्रण) और पहचान करना। - तस्करी सर्वाइवरों (उत्तरजीवियों) के लिए कानूनी समर्थन और सामुदायिक पुनर्वास की स्थापना करना। - सुरक्षित प्रवास पर राष्ट्रीय स्तर के परामर्श का आयोजन करना।
- सभी जतन गतिविधियों के माध्यम से कोविड-19 पर जागरूकता अभियान चलाना।
- सर्वाइवरों की पहचान और मनो-सामाजिक व कानूनी सहायता प्रदान करना।
- लक्षित गांवों में प्रवासी फोरम का गठन ।
- नियमित प्रशिक्षण/बैठकों के माध्यम से प्रवासी फोरम का सशक्तिकरण, प्रस्थान पूर्व परामर्श और तस्करी से कमजोर लोगों की सुरक्षा करना।
- चरणबद्ध प्रशिक्षण और प्रवासी फोरम की क्षमता का निर्माण।
- शिक्षा और ज्ञान के प्रसार के लिए (जानकारी, शिक्षा, संचार) सामग्री का विकास ।

गत वर्षों में नेटवर्क ने विविध पहलों से भागीदारों को वकालत की योजना बनाने और प्रवासियों के लिए



आवाज उठाने के लिए और मजबूत किया और विभिन्न उपलब्धियों के साथ उभरने में सक्षम रहा:

- महिलाओं की सुरक्षित गतिशीलता और तस्करी विरोधी हस्तक्षेप पर आधारित दृष्टिकोण के साथ झारखंड में काम करने वाला पहला नेटवर्क।
- गांव के निवासियों और विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी हितधारकों के बीच सुरक्षित प्रवास और गतिशीलता की अवधारणा को सफलतापूर्वक पेश किया।
- 20,000 से अधिक लोगों तक अपने संदेश के साथ पहुंच ।
- 130 प्रवासी फोरम की स्थापना।
- सभी 13 सदस्य संगठन 13 जिलों में सूचना केंद्र/सहायता डेस्क स्थापित कर जानकारी प्रसारित कर रहे हैं। - एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग इकाइयों के साथ प्रभावी ढंग से काम किया। - महिलाओं के अधिकारों से संबंधित कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकारी अधिकारियों के साथ समन्वय किया।
- सभी 13 जिलों में प्रवास की स्थिति पर शोध अध्ययन किया और रिपोर्ट साझा की। - महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों को कवर करने वाली पुस्तिका जारी की। सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से समुदाय के सदस्यों को जोड़ने की प्रक्रिया को सुगम बनाया।
- सभी 13 जिलों में प्रवास की स्थिति पर शोध अध्ययन किया और रिपोर्ट साझा की।
- महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों को कवर करने वाली पुस्तिका जारी की।
- सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से समुदाय के सदस्यों को जोड़ने की प्रक्रिया को सुगम बनाया।
- पंचायत स्तर पर पंजीकरण की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए शिविरों और बैठकों का आयोजन किया।
- पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित किया।
- स्रोत और गंतव्य पर समान विचारधारा वाले संगठनों के साथ इंटरफेस और राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ संपर्क स्थापित किया।

जतन के वर्ष 2021 से वर्ष 2024 तक कुल प्रभावः

स॥ह्य (सेल्फ हेल्प ग्रुप) के साथ 1,430 बैठकें आयोजित की गई जिसमें लगभग 14,931 सदस्यों ने भाग लिया।

- 48.565 सदस्य जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया।
- स॥ह्य और समूहों के माध्यम से 30,602 बच्चों, महिलाओं, किशोरों और युवाओं तक पहुँचा।
- 1,397 किशोरी समूह बैठकें आयोजित की गई जिनमें 11,401 सदस्यों ने भाग लिया।
- 130 प्रवासी फोरम का गठन किया गया जिसमें 4,425 प्रवासी सदस्य शामिल थे।

## देवनिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर अपनी उच्च-स्तरीय चिकित्सा सेवाओं के लिए लगातार प्रयासरत हैं : डॉ0 अमरेंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** देवनिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर, टुपुदाना, राँची, अपनी उच्च-स्तरीय चिकित्सा सेवाओं के लिए लगातार प्रयासरत हैं अस्पताल में हाल ही में एक जटिल और असाधारण ऑपरेशन को सफलतापूर्वक किया गया। मरीज़ ने रांची के विभिन्न अस्पतालों में उपचार की तलाश की, लेकिन किसी भी अस्पताल में उनकी स्थिति का प्रभावी इलाज संभव नहीं हो पाया। अंततः, उन्होंने देवनिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर, तुपुदाना, राँची, में हमारे विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ अमरेन्द्र कुमार से परामर्श लिया। मरीज़ का पेट के नीचे की हर्निया (इनग्वाइनल, स्लाइडिंग-बड़ा आंत फसा हुआ था) का ऑपरेशन, देवनिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर, टुपुदाना, राँची, की सर्जिकल टीम, जिसमें अनुभवी सर्जन डॉ अमरेन्द्र कुमार, एनेस्थेटिस्ट डॉ दीपक कुमार, और अत्यधिक कुशल ऑपरेशन थिएटर स्टाफ शामिल थे, जिन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लेप्रोस्कोपिक विधि से ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। इस विधि से ऑपरेशन अत्याधुनिक उपकरणों के साथ किया गया, जिसे सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। ऑपरेशन के बाद, मरीज़ की स्थिति में तेजी से सुधार देखा गया, और देवनिका अस्पताल की टीम ने उन्हें सर्जरी के दो दिन के बाद ही स्वस्थ्य अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी।

## जेडी मॉल हाई स्ट्रीट में हेलो हसबैंड भोजपुरी फिल्म का लगा प्रीमीर शो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एस राज खोरठा वीडियो के बैनर तले निर्मित भोजपुरी फिल्म हेलो हसबैंड बहुत जल्द रिलीज होगी।फिल्म सेंसर में जा चुकी हैं। सुरेंद्र ने बताया कि पूर्ण रूप से मनोरंजक और पारिवारिक फिल्म हैं।जिसमें फैमिली ड्रामा भरपूर दर्शकों को देखने को मिलेगा।जैसा कि फिल्म के टाइटल से अनुमान लगाया जा रहा हैं।कहानी दहेज प्रथा पर आधारित हैं।प्रमुख रूप से इस फिल्म में उमी कुमार, सुरेंद्र कुमार, हर्षिता अग्रवाल,काजल ,जुली प्रिया ,मनीष सिंह राजपूत ,अमर मिश्रा, मुकेश पांडेय,सूरज सिंह ,नीलिमा ,बबिता श्रीवास्तव सहित अन्य ने अभिनय किया हैं।निर्माता सुरेंद्र कुमार महतो,सह निर्माता मनीष सिंह राजपूत,अनिल महतो,लेखक व निर्देशक हेमंत कुमार,लाइन प्रोड्यूसर प्रमिला कुमारी,संगीत माही राज,गीतकार हेमंत कुमार व सोनू सुधाकर,छायांकन राज,संकलन जितेंद्र कुमार व प्रभात ओझा,सह निर्देशक अविनाश गुप्ता गोलू, कोरियोग्राफर छोटू हिटलर, प्रोडक्शन अभिषेक बेंजामिन,प्रचारक युधिष्ठिर महतो व कुलदीप कुमार चौरसिया,पोस्ट प्रोडक्शन रिया स्टूडियो,प्रोमो एडिटर निखिल कुमार,डीआई सोनू सिंह,विशेष आभार देव सिंह,डिजाइनर प्रशांत,गायक रवि राज,प्रियंका देहाती हैं।




## वक्फ बोर्ड का संशोधन प्रस्ताव अडानी, अंबानी को फायदा पहुंचाने का आधार है : शाहिद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मोहम्मद शाहिद अय्यूबी रांची जिला महानगर अध्यक्ष एआइएमआइएम ने बयान दिया है कि जिस तरह एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बंदरगाह आर्मी की संपत्ति अदानी, अंबानी को कूड़े के मोल पर दे दिया गया।ठीक उसी तरह हमारे वक़्फ की संपत्ति को भी अदानी अंबानी को देने की साजिश रची जा रही है। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं। वाकफ बोर्ड की संपत्ति पर अंबानी की भव्य एंटीलिना खड़ी है। महाराष्ट हाई कोर्ट में वक्फ बोर्ड के पक्ष में जल्द ही फैसला आने वाला है, यह भी एक कारण हो सकता है।बीजेपी अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए हमारी वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर संशोधन के नाम पर साजिश कर रही है।मुसलमान इस सरकारी साजिश को बर्दाश्त नहीं करेंगे ? जरूरत पड़े तो हम सड़कों पर उतरेंगे।वाक्फ बोर्ड वैसी ही संस्था है जैसे सिखों में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी या हिंदुओं में तिरुपति देवस्थानम बोर्ड है,या ऐसी दूसरी संस्था जो धार्मिक महत्व के संस्थानों का प्रबंधन करती है,क्या मुसलमानों ने इन संस्थानों पर अपना हक अधिकार जमाया है? तो फिर सरकार ऐसा कानून क्यों लाना चाहती है जिसमें गैर मुसलमान शामिल हो यह वाक्फ बोर्ड की संपत्ति मुसलमान की है और यहां किसी गैर मुसलमान की कोई जरूरत नहीं है। शाहिद अयुबी ने कहा कि गैर मुसलमान को शामिल करने की साजिश इसलिए की जा रही है।

## होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में हुई छापेमारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अहले सुबह प्रशासन की पूरी टीम छापेमारी की।

रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंन्हा के अलावा एसडीएम उत्कर्ष, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, सदर डीएसपी सहित कई थानेदार भी साथ थे। छापेमारी में लगभग 200 पुलिस कर्मियों को लगाया गया था। अलग-अलग वार्डों की संघन जांच की गई। यह नियमित मासिक निरीक्षण था। इस दौरान सभी वार्ड एवं बैरक की सघन जांच की गई। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस जवानों ने जेल के अंदर प्रत्येक वार्ड और सेल की गहन जांच की। छापामारी के दौरान भांग, खैनी, गुटखा और एक पेन ड्राइव पाया गया। इस पर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किये जाने की बात कही गई है। इसके अलावा अन्य किसी तरह का आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं किया गया।छापामारी के दौरान रसोई, अस्पताल, मुलाकाती कक्ष, खेल का मैदान, पुस्तकालय, योग/ध्यान केंद्र, डेयरी, साबुन बनाने की इकाई आदि का भी निरीक्षण किया गया।



## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर आयुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रमंडलीय आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर, प्रमण्डल, रांची के कार्यालय कक्ष में आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में स्वतत्रंता दिवस 2024 समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में 15 अगस्त 2024 को 78वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई। आयुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमा,औदात्य और राजकीय सम्मान का प्रतीक है। इसे बड़ी धूमधाम से मनाया जाए। स्वतंत्रता दिवस समारोह (15 अगस्त, 2024) के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए झंडोत्तोलन कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री की सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम करने का निर्देश उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। साफ-सफाई कराकर निरीक्षण कर लें एवं शहीद स्थल पर पुष्प साज-सज्जा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। साथ ही शहर के मुख्य समारोह स्थल तक जाने वाली सभी सड़कों एवं पूरे शहर की साफ सफाई करना सुनिश्चित करें।बैठक में नगर आयुक्त, रांची, पुलिस अधीक्षक, आयुक्त के सचिव, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्तृता, कार्यपालक अभियंता, अग्निशमन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 49वां जन्मदिन उनके आवास पर मनाया गया। मौके पर राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी एवं झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा 101 किलो का माला जिसमें की झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का संदेश लगाकर माला पहनाते हुए मोमेंटो दिया गया। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपना 49 वां जन्मदिन अपने आवास पर धूमधाम के साथ मनाया । इस मौके पर झारखंड मुक्ति के कार्यकर्ताओं ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंचकर केक काटा और एक दूसरे को बधाइयां दी।इस मौके पर गांडेय विधायक और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय, मनोज पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, अभिषेक प्रसाद पिंटु, मुस्ताक आलम, नंनद किशोर , जितेंद्र गुप्ता सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## झारखंड में आदिवासियों की नहीं घुसपैठियों की सरकार चल रही है : हिमंता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में भाजपा मोर्चा के तत्वाधान में युवा आक्रोश रैली योजना सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें आगामी 23अगस्त को होने वाले रैली की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असम सरकार के मुख्यमंत्री एवम विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व शरमा ने मोर्चा कार्यकर्ताओं में जोश भरा। विश्व शरमा ने कहा कि इतना झूठ बोलने वाला मुख्यमंत्री कहीं नहीं है।ऐसा लगता है हेमंत सोरेन रात को सपना देखते हैं और सुबह में वादा कर देते हैं। पर जनता जानना चाहती है कि हेमंत सोरेन सच कब बोलते हैं।उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन न वादा निभाते हैं न जनता से माफी मांगते हैं। मुख्यमंत्री का बोलने का तरीका डेमोक्रेटिक नहीं है।कहा कि जनता को धोखा भी दे रहे और 5लाख नौकरी,बेरोजगारी भत्ता बांग्लादेशी घुसपैठ पर बोलने को तैयार नहीं।कहा कि ऐसी सरकार अगर आगे चली तो राज्य के युवाओं का कोई भविष्य नहीं बचेगा।उन्होंने कहा कि मइयां योजना भी धोखा है।दो महीने तक दो हजार देने की बात कर रहे लेकिन बेटी बहनों को दलाल बिचौलिए फार्म भरने में ही एक हजार लूट ले रहे।हेमंत सरकार को कंप्यूटर ने भी रिजेक्ट कर दिया है। कहा कि राज्य की माताओं बहनों को 2हजार रुपया नही बल्कि भाई और बेटे को नौकरी चाहिए।कहा कि हेमंत सोरेन के पास राज्य के बेरोजगार युवाओं का पिछले 60महीना का 3लाख बकाया है।जिसे व्याज सहित मांगने केलिए राज्य का युवा हकदार है। युवाओं का उधार पैसा हेमंत सोरेन के घर में फंसा है।प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज राज्य में आम जनता परेशान है।कानून व्यवस्था ध्वस्त है। कहा कि राज्य के युवाओं को ठगा,किसानों को ठगा ,बहन बेटियों की इज्जत लुटवाई,जल जंगल जमीन को लूटा और लुटवाया ऐसी सरकार को राज्य हित में एक क्षण भी बने रहने का अधिकार नही है।नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड की युवा शक्ति राज्य को लुटेरों,भ्रष्टाचारियों से बचाने केलिए नए उलगुलान और हुल करने केलिए तैयार है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आगामी 23अगस्त को युवाओं की रैली नही रैला होगा।युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सेवा और संघर्ष केलिए हमेशा तैयार रहता है। राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान,कार्यक्रम का महामंत्री रूपेश सिन्हा ने भी विचार रखे और धन्यवाद ज्ञापन मनीष दुबे ने किया।मंच पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,युवा मोर्चा प्रभारी विनय जायसवाल भी उपस्थित थे।इस अवसर पर पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,मनोज सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा,राकेश प्रसाद बाल मुकुंद सहाय,,विकास प्रीतम,लुइस मरांडी,आरती कुजूर,विकास प्रीतम,भानु प्रताप शाही, प्रदेश मंत्री मुन्ना मिश्र,सुनीता सिंह,सीमा पासवान ,सरोज सिंह , हेमंत दास,शिवपूजन पाठक,सहित सांसद,विधायकगण,प्रदेश पदाधिकारी,जिलाध्यक्ष गण,जिला प्रभारी गण,मोर्चों के अध्यक्ष गण,युवा मोर्चा के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



## लोहरदगा के पूर्व डीसी सहित कई लोग कांग्रेस में हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और राजेश ठाकुर ने लोहरदगा के पूर्व उपायुक्त दिलीप टोप्पो, पूर्व आदिवासी कल्याण आयुक्त बिरसा उरांव, राजद की प्रदेश महासचिव, अधिवक्ता पूनम यादव को माला एवं कांग्रेस का अंग पट्टिका पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। उनके साथ सैकड़ों लोगों ने भी कांग्रेस के नीतियों सिद्धांतों में विश्वास व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। मौके पर गुलाम अहमद मीर ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों में भारी आक्रोश है। देश में प्रतिदिन भाजपा लोगों के बीच शिगूफे छोड़कर भेदभाव कराने में लगी है। आज सदस्यता ग्रहण करने वाले लोग राज्य के वरीय अधिकारी रहे हैं। यह कोइ छोटा कार्यक्रम नहीं बल्कि एक सोच है जो आगे आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस ने पिछड़े और कमजोर तबके के लोगों की आवाज को लोकसभा चुनाव में जोरदार तरीके से उठाया था जिसे लोग समझ रहे हैं। राजेश ठाकुर ने कहा कि समाज का अभिजात्य वर्ग जब राजनीति में आता है तो निश्चित रूप से एक नई सोच एक नई ऊर्जा के साथ काम करता है।

भाजपा की कार्यशैली और झारखंड के प्रति उनके नेताओं की सोच के कारण आज बौद्धिक रूप से मजबूत वर्ग उनका प्रतिकार कर रहा है।




## हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह पेरिस से रांची लौटे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ओलंपिक में कांस्य पदक जिताकर इतिहास रचाया। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह पेरिस से रांची वापस लौट रहे हैं। पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता इससे पूर्व टोक्यो ओलंपिक में भी भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता था, भारतीय पुरुष हॉकी टीम लगातार दो ओलंपिक में पदक जीता है जो 52 वर्षो बाद हुआ है, और इस दोनो ओलंपिक में भारतीय टीम का उत्साह वर्धन करने के लिए हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह हॉकी इंडिया की ओर से सामिल हुए थे। परिश से कांस्य पदक लेकर भारतीय टीम आज स्वदेश लौटी है, भोलानाथ सिंह भी दिल्ली पहुंचे है ,और आज वे शाम को अपना घर वापस आयेंगे।



# पिपरवार के कल्याणपूर मे तेज रफ्तार कोल वाहन ने घर को किया क्षतिग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के ग्रामीण व घनी आबादी वाले सड़को मे तेज रफ्तार कोल वाहनो का कहर जारी है।बीती रात तेज रफ्तार कोल वाहन ने कल्याणपूर चौक के पास ईश्वर टाना भगत के घर को अपनी चपेट मे लेते हुए घर एंव दुकान को क्षतिग्रस्त कर दिया।इस घटना मे घर के सभी सदस्य बाल-बाल बच गया,लेकिन घर एंव दुकान पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि टंडवा से पिपरवार तक कोल वाहनों का परिचालन काफी तेज गति से होता है,जिसके कारण आये दिन दुर्धटना होती रहती है।तेज रफ्तार कोल वाहनो के परिचालन से ग्रामीण एवं घनी आबादी वाले क्षेत्र में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।ग्रामीणों ने कहा कि पब्लिक रूट से कोल वाहन



परिचालन बंद कराने को लेकर कई बार जिला प्रशासन से मौखिक एवं लिखित शिकायत की गई है,लेकिन इस पर कोई पहल नहीं की गई है,जिससे ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।ग्रामीणों ने कहा की कोल वाहनों के परिचालन से मौत का तांडव हो रहा है और ग्रामीणो को काफी नुकसान हो रहा है,लेकिन इसके रोकथाम के लिए किसी के द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है।ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द इस पर कोई ठोस पहल नहीं की गई तो आने वाले दिनों में ग्रामीणों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## पब्लिक रूट पर नो एंट्री लगाने की जरूरत : जाहिद अली

कल्याणपूर मे कोल वाहन से घर क्षतिग्रस्त होने की सूचना पाकर ह्युमन रिसोर्स डेवलपमेन्ट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।साथ ही भुक्तभोगी को उचित मुआवजा देने एंव घनी आबादी वाले क्षेत्र मे नो एंट्री लगाने की मांग की।इस संबंध में उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिस तरह पब्लिक रूट पर कोल वाहनों का परिचालन हो रहा है उससे लोगों में डर बना हुआ है।तेज रफ्तार कोल वाहनो से कई बार यहां दुर्घटना हो चुकी है,जिसमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है,जबकि ग्रामीणों को काफी नुकसान भी हुआ है, बावजूद इसके कोल वाहनों का परिचालन जारी है। उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों के साथ आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जारी है और जल्द ही ग्रामीणों के द्वारा जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

**घर एवं दुकान को लेकर दो पक्ष आमने-सामने :** पिपरवार के कल्याणपुर में कोल वाहन से क्षतिग्रस्त हुए घर को लेकर नया मामला सामने आया है।घर एवं दुकान पर दो पक्षों के लोग अपना-अपना दावा कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार घर क्षतिग्रस्त होने के बाद मुआवजा को लेकर दावेदारी के लिए दो पक्ष आमने-सामने हैं।पहला पक्ष से ईश्वर टाना भगत ने घर व दुकान पर अपना दावा किया है।उनका कहना है कि घर और दुकान उनकी है और पिछले कई वर्षो से वह अपने परिवार के साथ यहां रह रहे हैं।वही दुसरे पक्ष से गोरी देवी उक्त घर एवं दुकान पर अपना दावा पेश कर रही है।उनका कहना है कि उन्होंने ईश्वर टाना भगत को किराए पर घर और दुकान दिया है।इधर इसकी सूचना पाकर मुखिया महेश मुंडा मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से बात की और दोनों से घर व दुकान से संबंधित कागजात पेश करने की बात कही है।

# होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल मांडर में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मांडर :** मांडर प्रखंड के नारो स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल प्रांगण में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर बच्चे पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में नजर आए तथा बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया ।सभी वर्ग के बच्चे बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिए । शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण तथा उसकी बचाव तथा आदिवासी ही उसके सच्चे रक्षक है इस बात से सभी बच्चों को अवगत कराया। मौके पर अपने संबोधन भाषण में विद्यालय के निदेशक आलोक विपिन टोप्पो ने बच्चों को बतलाया कि विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों के मानवाधिकार रक्षा के लिए मनाया जाता है। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार तिवारी ने आदिवासी संस्कृति और परंपरा पर अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति का रक्षक तथा संरक्षण आदिवासी समाज के माध्यम से ही संभव है। मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे जिनमें महावीर उरांव,पुनीत खलखो, लक्ष्मी कुमारी, पुष्पा एक्का, डहरू टोप्पो, नूतन टोप्पो,पिंकी टोप्पो, शालिनी तिर्की, मरियम तिग्गा, आशीष कच्छप, रजनी किस्पोट्टा,मनीषा खाखा, परिणीता तिर्की, नोवेल टोप्पो, रीता केरकेट्टा, कलावती कुमारी आदि शामिल थे।

# बुढ़मू पहुंचे डीआईजी अनूप बिरथरे, प्रखंड कार्यालय में की मीटिंग



बुढ़मू ः बुढ़मू मे उग्रवादियों के सफाया को लेकर डीआईजी अनूप बिर्थरे पहुंचे बुढ़मू, सभी वरिय पुलिस पदाधिकारियों से कि हाई लेबल मीटिंग,पत्रकारों से रूबरू होते हुए डीआईजी अनूप बिर्थरे ने कहा खलारी, बुढ़मू चान्हो, ठाकुरगांव, पिठोरिया, मैकलूस्किगंज सहित रांची के विभिन्न थाना क्षेत्र मे हो रही उग्रवादी घटनाओ पर पूर्ण रूपेण अंकुश लगाने को लेकर आज यह बैठक कि गई है. आज कि बैठक मे विशेष रूप से बुढ़मू खलारी के छापर मे बालू वर्चस्व कि लड़ाई मे हुई आगजनी कि घटनाओ सहित फायरिंग रंगदारी व लेवी वसूलने सहित अन्य घटनाओ को अंजाम देने वाले विभिन्न उग्रवादियों जैसे टीएसपीसी, जेजेएमपी, पीएलएफाई, पाण्डेय गिरोह, अमन साव गिरोह आदि सभी संगठनों का सफाया किया जाएगा, इसके लिए पुलिस पूरी तरह से कमर कस ली है, किसी भी नक्सली संगठन को बक्सा नहीं जाएगा, नसकली व अपराधी संगठन को मदद पहुंचने वालो व सहयोग करने वालों सभी लोगो का लिस्ट तैयार किया जा रहा है. आर्थिक रूप से मजबूत ना हो इसके लिए भी इनके चल अंचल सम्पतियों का व्योरा जुटा कर उनके सम्पतियों को जप्त करने कि कार्रवाई कि जाएगी. साथ ही बुढ़मू को उग्रवाद मुक्त करने के लिए पुलिस का अभियान जारी रहेगा जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल कि तैनाती भी कि जाएगी, साथ ही पिछले दिनों बुढ़मू के छापर मे हुई आगजनी घटनाओ पर प्रकाश डालते हुए डीआईजी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर छापर मे एक पिकेट कि स्थापना कि जाएगी. ग्रामीण जनता भय मुक्त वातावरण मे काम कर सके इसके लिए पुलिस कि ओर से विशेष रणनीति बनाई गई है. लोग डरे नहीं निर्भीक होकर अपने क्षेत्रो मे काम करें, बहुत जल्द उग्रवादियों का सफाया कर दिया जाएगा. बैठक के पूर्व डीआईजी अनूप बिर्थरे को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया. बैठक मे ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल सहित दर्जनों वरिय पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# 26अगस्त से दस दिवसीय मजलिस होगी शुरू

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर साल की तरह इस साल भी चैहल्लुम के अवसर मातमी जुलूस 26 अगस्त 2024,सोमवार को निकालेंगा रांची के मेन रोड़ पर 26 अगस्त 2024,सोमवार, (20 सफर ) अनवर आर्केड से, विश्वकर्मा मंदिर लेन, कश्मीर वस्त्रालय के सामने, मेन रोड थाना-हिंदपीढ़ी, रांची, से समय-10ः00 बजे सुबह ,निकाला जाएगा,जो मेन रोड,अंजुमन पलाजा चौक, उर्दू लाइब्रेरी,डेली मार्केट, पुरानी टैक्सी स्टैंड,हनुमान मंदिर (गांधी चौक), काली मंदिर चौक, से चर्च रोड,विक्रांत चौक,कर्बला चौक कर्बला होते हुए कर्बला चौक कर्बला की ओर कर्बला पर जा कर समाप्त होगा,इसे पुव अनवर आर्केड मे मजलिस यादे हजरत इमाम हुसैन का आयोजन किया जाएगा,जो सुबह 09ः30 शुरू होगा 7 हर साल की तरह इस सील भी शिया समुदाय के लोगों द्वारा मेन रोड ओल्ड टैक्सी स्टैंड चौक (हनुमान मंदिर चौक/गांधी चौक), विक्रांत चौक (चर्च रोड) और कर्बला चौक के पास जंजीरी (खूनी मातम) का आयोजन किया जाएगा जो यादे शहीदाने करबला होता है, जुलूस सड़क पर (मेन रोड़) लगभग 3 घंटे तक रहेगा ।

## विधायक ने किया वाटर फाउंटेन का उद्घाटन



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी टुंगरी पार्क में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया फीता काट कर वाटर फाउंटेन का उद्घाटन इस मौके पर उन्होंने कहा की मुरी पार्क घूमने वाले दर्शको को अब वाटर फाउंटेन का आनंद उठाएंगे। इसके साथ ही परिसर में सेड का भी निर्माण किया गया जहां दर्शक बैठ सकेंगे। इसके अलावा कई और योजनाएं पार्क के परिसर में लाए जाएंगे। इस मौके पर डी एफ ओ श्रीकांत वर्मा,रेंजर राजेश कुमार,जयप्रकाश,प्रताप महतो, राजेश महली, गुहीराम महतो, विशेश्वर महतो ,वासुदेव महतो, भोला महतो ,प्रहलाद महतो, सिंधु देवी, लखी देवी, पंचमी देवी, रेवती देवी, प्रियंका देवी ,सिंधु देवी आदि उपस्थित थे।

## भाजपा टाटीसिलवे मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा टाटीसिलवे मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के आवास पर आयोजित हुई।जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र महतो संचालन रुद्रेश्वर राय व धन्यवाद ज्ञापन रतनू कुजूर ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्यामाप्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माला व पुष्प अर्पित कर की गई।इस बैठक में मुख्य रूप से खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन,प्रभारी मनोज कुमार चौधरी उपस्थित थे।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पीएम मोदी जी की के जन कल्याणकारी योजनाओं को आमलोगों के बीच पहुंचाकर अपने दायित्व का निर्वहन करे। ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को अधिक से अधिक सीटों पर जीत सुनिश्चित हो सके।इस दौरान तिरंगा यात्रा निकालने,14 अगस्त को विभीषिका दिवस मनाने व प्रखंड घेराव करने पर चर्चा की गई।इस अवसर पर सीलवे मुखिया नूतन पाहन,रमेश लकड़ा,सिदाम सिंह मुंडा,सरयुग प्रसाद,महामंत्री अमित कुमार मिश्रा, सुनीता देवी, सयनाथ महतो, पुरषोत्तम मिश्रा,प्रशांत किशोर,जीवन ज्योति देवी,नीलू तिर्की,के सी सिंह,अशोक पासवान,नागेश्वर महतो,रंजीत कुमार,राजकिशोर सिंह,छेदी यादव,मोहन राय,गिरिधर मिश्रा,उर्मिला देवी इत्यादि उपस्थित थे।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल में छात्र प्रतिनिधियों को कार्यभार सौंपा गया



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में शनिवार को सत्र 2024-25 के लिए नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को दायित्व सौंपा गया। विद्यालय के चारो सदन गंगा, यमुना, गोदावरी एवं सतलज के प्रतिनिधि के रूप में नितेश कुमार, टीना कुमारी, आदित्य राज महली, सोनम कुमारी, राजीव मुंडा, खुशी कुमारी तथा सूचित कुमार, नुपुर कुमारी को क्रमशः चुना गया एवं प्रीति कुमारी और तिवास कुमार को डिसिप्लिन इंचार्ज चुना गया। विद्यालय के हेड बॉय शिवम कुमार यादव एवं हेड गर्ल शिवानी कुमारी चयन किया गया। प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने कहा कि इस तरह के गठन से छात्र- छात्राओं मे नेतृत्व क्षमता का विकाश होता है। इस अवसर पर सभी प्रतिनिधियों को शिक्षक सुमंत कुमार ने शपथ दिलवाया तथा उन्हे उनकी जिम्मेदारियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर विदयालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएँ मौजूद रहें।

## कांवड़ यात्रा आयोजित की जाएगी



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुशवाहा जागरण मंच सिल्ली की ओर से आगामी 12 अगस्त को कावड़ यात्रा कार्यक्रम आयोजन किया गया है। इसकी तैयारी को लेकर कुशवाहा जागरण मंच के सदस्यों की एक बैठक प्रेम वाटिका लॉज में संपन्न हुआ। इस संबंध में सरोज कुमार कोइरी ने जानकारी देते हुए बताया सावन माह को लेकर मुरी स्वर्णरेखा नदी से जल उठाकर सिल्ली मंडप टोला शिव मंदिर पहुंचे। सभी सदस्यों के अलावा अन्य ग्रामीणों को भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने की अपील की है।

## विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया

**नामकुम :** प्रखंड के खिजरी पंचायत अंतर्गत तुंबागुटु गांव में जिप सदस्य सह भाजपा नेता राम अवतार केरकेट्टा एवं खिजरी मुखिया कार्मेल कच्छप के नेतृत्व में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा व संचालन खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने की। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र व फलदार पौधा देकर किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्व के आदिवासी समाज में जागरूकता एवं अधिकारों की सुरक्षा को प्रेरित करने के उद्देश्य से विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है।सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने कहा कि आदिवासी और प्रकृति एक दूसरे के पूरक है।

## युवकों ने डॉ परमेश्वर भगत के समक्ष अपने क्षेत्र के समस्याओं को रखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर बीते दिन युवकों ने पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत के समक्ष अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा। बैठक में युवाओं ने क्षेत्र में जल संकट, खराब सड़कें, और शिक्षा की कमी की समस्याओं को प्रमुखता से बताया। उन्होंने विशेषकर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति और रोजगार के अवसरों की कमी पर भी चिंता जताई। डॉ. भगत ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें समाधान के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने जल संरक्षण, सड़क निर्माण और शिक्षा में सुधार के लिए योजनाओं पर काम करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही, उन्होंने युवाओं को समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने की सलाह दी। डॉ. भगत की सकारात्मक प्रतिक्रिया से क्षेत्रवासियों में आशा की किरण जगी है। युवकों ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में सुधार होगा। अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि उपरोक्त सभी समस्याएं दिन ब दिन विकराल रूप लेते जा रहे हैं। यह समस्याएं सिर्फ मांडर का ही नहीं बल्कि चान्हो, बेड़ो एवं इटकी का भी हैं। जिसे समय पर अनदेखा किया गया। परंतु अब इन सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई के लिए पहल किया जाएगा।


## कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार
## जिला समाहरणालय, लातेहार
### आम–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड रॉंची द्वारा एल.पी.ए. संख्या 203/2022 एवं अन्य संबंध तथा सदृश्य वादो में पारित न्यायादेश के अनुपालन में सरकार के प्रभारी सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉंची की अधिसूचना संख्या–283 दिनांक 28.02.2024 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 (यथा संसोधित) के आधार पर जिला द्वारा विज्ञप्ति संख्या–03/2015 एवं 04/2015 के विरूद्ध पुर्व के अंतिम काउंसिलिंग के अंतर्गत सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के पश्चात् शेष बचे रिक्त पदों पर एकबारगी अंतिम आवसर के रूप में काउंसिलिंग की प्रक्रिया संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024 की कंडिका 13 के क्रम संख्या I-XII में निहित शर्तो के अधीनदिनांक 01.08.2024 को की गई। निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 1001 दिनांक 06.08.2024 के निदेशानुसार पुनः काउंसिलिंग की प्रक्रिया को निम्नांकित रूप से विस्तारित किया जाता है :–

| क्र0 | निर्धारितअवधि | निर्धारिततिथि |
|---|---|---|
| 1 | दिनांक 31.07.2024 को जिला के वेबसाईट पर कोटिवार रिक्ति एवं विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थीयों की सूची कोटिवार (कट ऑफमार्क्स के साथ) पुनः अभ्य र्थियों से दावा/आपति प्राप्त किये जाने हेतु जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.inपरप्रकाषन की तिथि | 08.08.2024 |
| 2 | दिनांक 09.08.2024 को प्रकाषित विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की सूची पर दावा/आपति निबंधित डाक के माध्यम से अथवा कार्यालय मेंउपस्थितहोकरआवेदन के माध्यम से समर्पितकरने की आवधि | 10.08.2024 से 17.08.2024 तक |
| 3 | दिनांक 01.08.2024 को काउंसिलिंग में भाग लिये अभ्यर्थी जिनका मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र जिला में समर्पित किया गया है, के द्वारा आवेदन समर्पित कर मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र की मॉग करने की स्थिति में उनको अपना अभ्यर्थित्व/दावेदारी/उपस्थिति समाप्त माने जाने का आवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, तथा अपना मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र कार्यालय से प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 20.08.2024 |
| 4 | विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की सूची का जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.inपर प्रकाषन कि तिथि | 22.08.2024 |
| 5 | दिनांक 22.08.2024 को प्रकाषित विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थीयों की सूची के आलोक में अहर्ताधारी अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की तिथि | 25.08.2024 |
| 6 | अंतिम चयन सूची का जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.inपर प्रकाषन की तिथि | 01.09.2024 |

**स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे–4600) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति एवं कट ऑफ की विवरणी**

| क्र0 सं0 | जिला | विषय | | (पारा कोटि) SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total | (गैर–पारा कोटि) SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार | विज्ञान/गणित | रिक्ति | 5 | 6 | 0 | 0 | 0 | 11 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| | | कटऑफ मार्क्स | | - | 51.72 | NA | NA | NA | | NA | 64.63 | NA | NA | NA | |
| 2 | | कला/सामाजिक विज्ञान | रिक्ति | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कटऑफ मार्क्स | | NA | 58.35 | 58.70 | NA | NA | | NA | NA | NA | NA | NA | |
| 3 | | भाषा | रिक्ति | 2 | 4 | 1 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | कटऑफ मार्क्स | | 46.92 | 49.14 | 57.79 | NA | NA | | NA | NA | NA | NA | NA | |

**इंटर प्रशिक्षित वेतनमान (ग्रेड पे–4200) के पारा/गैर पारा कोटि की शेष रिक्ति की विवरणी**

| क्र0 सं0 | जिला | | (पारा कोटि) SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total | (गैर–पारा कोटि) SC | ST | Gen | BC-I | BC-II | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार | रिक्ति | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 27 | 14 | 1 | 0 | 0 | 42 |
| | | कटऑफ मार्क्स | NA | 47.98 | NA | NA | NA | | 64.67 | 52.75 | 58.29 | NA | NA | |

जिला शिक्षा अधीक्षक,लातेहार। PR 332366 Human Resource Developement(24-25)D उपायुक्त, लातेहार।



झारखण्ड सरकार

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –12/2024–25**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉंची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉंची पूर्व रॉंची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 23.8.2024 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 24.8.2024 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 24.8.2024 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, रॉंची अंचल, रॉंची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair and Renovation of Toilet and bath room & Improvement of W/Sand sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No CD-575/II, B-2033/II, AN-261 /III and others Jharkhand vidhan Sabha pool quarters HEC Campus , Dhurwa, Ranchi. | 1085298.00 | 21800.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 2. | Repairing of different size of sluice valve and leakage repair of CI/DI pipe at Jharkhand Vidhan Sabha Campus and leakage repair in the Govt. buildings and staff quarters under D.W. and S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 584874.00 | 11800.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 3. | Supplying, Fitting and Fixing of High Purification Capacity Water Purifier, water Cooler and necessary water supply pipe line and its allied work at New Vidhan Sabha, Dhurwa, Ranchi under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1768620.00 | 35400.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 4. | Special repair and improvement of water supply with replacement of UPVC pipe and allied others works at central training institute for home gaurad Dhurwa, Ranchi, under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1001684.00 | 20100.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 5. | Seepage repair and Renovation of 15 Nos Toilet, and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at family barrack in the campus of central training institute, homegaurd, Dhurwa, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. ((part A) | 2286071.00 | 45800.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 6. | Seepage repair and Renovation of Toilet and bath room & Improvement of W/S ,S/I & Sewerage Work at B-215 Sector-I , MLA Flat Room Nos. -105, 106, 107, 108, 109, 110 and others Jharkhand vidhan Sabha pool quarters HEC Campus , Dhurwa, Ranchi. | 1112389.00 | 22300.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 7. | Seepage repair & Renovation of Toilet and bathroom, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work , connection of water supply & reconstruction of drain with slab at Residence of commandant of JAP-1, near rajendra chowk, Doranda Ranchi, under D.W..& S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1035493.00 | 20800.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 8. | Repairing and rewinding and replacement of 5H.P., 1.5 H.P., 1H.P. submerssible motor , 1H.P. water pressure motor and allied electric work at Sachiwalay Nepal House , CID Headquarter, Fire station and and other govt, pool quarter under D.W. & S. Div. Ranchi East, Ranchi. | 535936.00 | 10800.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 9. | Provision of water supply by construction of 1No. DT (115mm/125mm )with Installation of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works at Labour court, Doranda, Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 511893.00 | 10300.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 10. | Seepage repair and Renovation of 7 Nos Urinal ,2nos Hauda and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work between barrack no. 1 to 4 in the campus of central training institute, homegaurd, Dhurwa, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 1430587.00 | 28700.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 11. | Seepage repair and Renovation of Toilet and bath room & Improvement of W/S ,S/I & Sewerage Work at Quarter No. B-2290 II, B-2343, B-2145 II, B-2172 II, CD-512 Site V, Sector -II, and others Jharkhand vidhan Sabha pool quarters HEC Campus , Dhurwa, Ranchi. | 1302487.00 | 26100.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 12. | Renovation/ Reconstruction of drainage, renovation of filter bed, changing of filter media, opening the channel , replacing of lateral pipes, covering of drainage system and all allied works at 209, Cobra, Ranchi, under D.W & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 2447284.00 | 49000.00 | 5000.00 | 1 Months |
| 13. | Seepage repair and Renovation of 4 Nos Toilet,3nos Bath Room and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at family barrack in the campus of central training institute, homegaurd, Dhurwa, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 2130897.00 | 42700.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 14. | Seepage repair and Renovation of 7 Nos Toilet,1nos Bath Room and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at adminstrative building in the campus of central training institute, homegaurd, Dhurwa, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 2001112.00 | 40100.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 15. | Seepage repair and Renovation of Toilet and bath room & Improvement of W/S , and Sanitary fittings & Sewerage Work at Quarter No. B-1275, B-1359, B-2311, B-1954, CD-677 OHC, Sector-II,CD-435 Sec-III and others Jharkhand vidhan Sabha pool quarters HEC Campus , Dhurwa, Ranchi. | 1699051.00 | 34000.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 16. | Seepage repair and renovation of bathroom, toilet & improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewerage work at B/11/18 Sachiwalaya Colony, Hinoo and other Govt. places under D.W and S. Division, Ranchi East, Ranchi | 603563.00 | 12100.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 17. | Supply & Installation of 2000 LPH Iron and Turbidity Removal filtration plant with Multiport Valve & necessary water supply pipe line and its allied work at Jharkhand State Minority Commission Dhurwa Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 742997.00 | 14900.00 | 1250.00 | 07 Days |
| 18. | Sepage repair & Renovation of toilet and bathroom, construction of septic tank, water connection , and provision of Gayser , improvement of W/S and sanitary fittings & sewarage work at quarter no. E-275/II, Room No.- 10, Room no. 48 & others Jharkhand vidhan sabha pool quarters HEC Campus Dhurwa, Ranchi, Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1639790.00 | 32900.00 | 5000.00 | 30 Days |

आवश्यक शर्तो के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉंची पूर्व रॉंची

PR 332410 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल एमजी विंडसर में मिलेगी सेगमेंट की पहली एयरो-लाउंज सीट




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत में जल्द लॉन्च होने वाले क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल एमजी विंडसर में इस सेगमेंट की पहली एयरो - लाउंज सीटें दी जा रही हैं। ये खास सीटें लग्जरी और कंफर्ट का बेजोड़ मिश्रण हैं, जो इसमें बैठने वालों को बेहतरीन सफर अहसास देंगी। एमजी विंडसर की सबसे खास खूबी इसकी 135 डिग्री तक रिक्लाइन होने वाली एयरो-लाउंज सीटें हैं। इन सीटों को लग्जरी और सुकून का अहसास कराने के लिए बेहद खास तरीके से डिजाइन किया गया है। इसका रिक्लाइन एंगल बहुत ही सावधानी के साथ तैयार किया गया है। यह सुनिश्चित करता है कि यात्री शहर की छोटी सी ड्राइव पर निकले हों या फिर लॉन्ग ड्राइव पर, वे पूरी स्टाइल और सुकून के साथ सफर कर सकें। विंडसर कैसल के भव्य आकार से प्रेरित इस इंटेलिजेंट सीयूभी में एक बड़े आकार का केबिन दिया गया है।

## बेहतरीन टेक्नोलॉजी के लिए लेनोवो ने की बैक टू कॉलेज ऑफर की घोषणा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लेनोवो के एक्सक्लूसिव बैक-टू-कॉलेज ऑफर के साथ एक शानदार एकेडिमक साल की तैयारी करें, जो उनके नए नवेले लैपटॉप और डेस्कटॉप पर 18 अगस्त, 2024 तक मान्य है। चाहे आपको अपने असाइनमेंट पूरे करने के लिए एक विश्वसनीय डिवाइस की आवश्यकता हो, या किसी क्रिएटिव प्रोजेक्ट के लिए पॉवरफुल परफॉर्मेंस की आवश्यकता हो, या अपनी कॉलेज लाइफ में तेजी से सफलता के लिए बेहतरीन टेक्नोलॉजी की आवश्यकता हो - हर ज़रूरत के लिए एक बेहतरीन डिवाइस उपलब्ध है। बेहतरीन डिवाइस खोजें और बेहतरीन तकनीकी समाधानों पर अविश्वसनीय छूट का लाभ उठाएँ, वह भी अतुलनीय कीमतों पर।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का किया गया उद्धाटन



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा पदाधिकारी डा जगन्नाथ हेम्ब्रम एवं उप मुखिया दिनेश चन्द्र मंडल ने किया। वहीं उप मुखिया व उपस्थित लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनुपम घोषाल ने किया। आज सभी बूथों पर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया गया। रविवार से 30 अगस्त तक घर घर जाकर दवा खिलाया जाएगा ।बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ के अंदर 19 पंचायतों के 134 राजस्व गांवों के 231 बुथों पर 116857 लोगों को फाइलेरिया का दवा उसके उम्र एवं लंबाई के अनुसार दिया जाएगा। मौके पर मलेरिया सुपरवाइजर आशाद हुसैन, प्रखंड लेखा प्रबंधक रोशन कुमार झा , डा नीलम भूषण, एएनएम पुनम कुमारी, सुचित्रा खोलको, खगेन्द्र नाथ देवगम, आदि उपस्थित थे।

## सावन महोत्सव में संध्या चौधरी बनी सावन क्वीन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर स्थित जॉली ग्रुप द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन होटल गंगा रिजेंसी में किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया एवं सावन के संगीत पर नृत्य का जमकर लुत्फ उठाया। उक्त अवसर पर अनेक कार्यक्रम जैसे गेम, बलून प्रतियोगिता, चुड़ी प्रतियोगिता, रैम्प वॉक, एवं सावन के झुला के कार्यक्रम का भी सभी ने आनन्द उठाया। उक्त कार्यक्रम में सभी महिलाएँ हरे रंग की साड़ी एवं श्रृंगार में उपस्थित थीं। कार्यक्रम की संयोजक जॉली शुक्ला ने कहा कि कार्यक्रम के अंत में सावन क्वीन के रूप में संध्या चौधरी का चयन हुआ और उन्हें सावन क्वीन का क्राउन पहनाया गया। सावन क्वीन के रूप में चयनित संध्या चौधरी ने कहा कि वास्तव में मुझे सावन क्वीन के रूप में क्वीन जैसा ही महसुस हो रहा है एवं इतने महिलाओं के बीच खुद के सावन क्वीन के रूप में चयन पर गर्व एवं खुशी महसुस हो रहा है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में जॉली शुक्ला के अलावा वंदना मिश्रा, प्रीति, सोभा, प्रमिला सिंह सहित अन्य महिलाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## परसुडीह सोसाइटी कॉलोनी की महिलाओं ने मनाया सावन सिंधारा महोत्सव



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** परसुडीह चर्च रोड़ स्थित को-ऑपरेटिव सोसाइटी कॉलोनी की महिलाओं द्वारा श्री शिव हनुमान दुर्गा मंदिर परिसर में शनिवार की शाम को सावन सिंधारा महोत्सव का आयोजन किया गया। महिलाओं नें हरे रंग समेत रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर कर खूब मौज मस्ती की। इस दौरान महिलाओं ने गीत-संगीत पर झूमते हुएं अपने हुनर को दिखाया। अंत में सभी ने स्वादिष्ट व्यंजन का भी आनंद लिया। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने कहा कि सावन सिंधारा उत्सव हमारी संस्कृति व धरोहर है। इससे समाज में परस्पर प्रेम की भावना बढ़ती है।

## गम्हरिया में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन मनाया



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 49वां जन्मदिन गम्हरिया में सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाते हुए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता फूलकांत झा के नेतृत्व में केक काट कर उन्हे खिलाया गया तथा केक को लोगों के बीच वितरण किया गया। इस मौके पर कांग्रेस सेवादल के इन्द्रकांत झा, शंकर शर्मा, आशित मांझी, सीडी सिन्हा, बीएन जायसवाल, खिरोद नायक, गुरु प्रसाद, केसी प्रामाणिक, दिलीप मंडल, संतोष महतो, समशेर आलम, हारूल रशीद आदि उपस्थित थे।

## पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्हा में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस




**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्हा में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य विश्वनाथ सिंह सरदार और विशिष्ठ अतिथि के रुप में कॉलेज के शासी निकाय के सचिव चंद्र शेखर टुडू उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी और सिदो कान्हू के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य कृष्ण पद महतो ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर और स्वागत भाषण देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि विश्वनाथ सिंह सरदार ने आदिवासी के उत्पति, विकास और वर्तमान स्थिति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ महतो और धन्यवाद ज्ञापन भुवनेश्वर कुमार ने किया। इस बीच श्रीकांत माझी, प्रो अभिराम महतो, डॉ गौतम गोराई, डॉ गीता चक्रवर्ती, प्रो सहला बानो, प्रो चंद्रशेखर महतो, प्री शाश्वती महतो, प्रो माधूरी, डॉ कमल कुमार महतो, विश्वजीत महतो, चित्तरंजन महतो, मथुर प्रसाद महतो आदि उपस्थित थे।

*फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के राष्ट्रीय समीक्षा बैठक में वीडियो कांफ्रेंस से जुड़े स्वास्थ्य मंत्री, बोले*

# तय समय और लक्ष्य पर खत्म होगा राज्य से फाइलेरिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** आज से शुरू होने जा रहें फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं खाध आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डीसी ऑफिस जमशेदपुर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में झारखंड राज्य की तैयारियों की जानकारी दी। मंत्री बन्ना गुप्ता जी ने एमडीए प्लान 2024 की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के कुल 9 जिलों चतरा, दुमका, गोड्डा, हजारीबाग, जामताड़ा, लातेहार, पलामू, सरायकेला एवं पश्चिम सिंघभूम में चलाया जायेगा। जिसमें कुल 1 करोड़ 41 लाख 37 हजार 2 सौ 28 लोग की कुल आबादी हैं जिसमें 1 करोड़ 24 लाख 40 हजार 7 सौ 60 लोगों को देने का लक्ष्य हैं। कुल 1 हजार 7 सौ 77 स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया हैं, इसके तहत 14 हजार 95 गाँव को चिह्ननीत कर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से 3 करोड़ 11 लाख दवा देने की योजना बनाई हैं। मंत्री बन्ना गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रोग आमतौर पर गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को होता है इसलिए मैं मांग करता हूँ कि प्रभावित जिलों में जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास बनाने का लक्ष्य पूर्ण करें साथ ही बरसात का मौसम चल रहा है इसलिए प्रत्येक राज्य में ख़ासकर झारखंड में मच्छरदानी का आबंटन जल्द करने की कृपा करें। इस अवसर पर एसीएमओ जोगेश्वर प्रसाद और जिला फायलेरिया अधिकारी ए मित्रा भी उपस्थित रहें!

## मच्छर काटने से हो सकता है फाइलेरिया, अल्बेंडाजोल की गोली जरूर खाएं : डीडीसी

● **फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत सदर अस्पताल सरायकेला में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम संपन्न**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** फाइलेरिया मुक्ति अभियान के शुभारंभ को लेकर शनिवार को सदर अस्पताल परिसर, सरायकेला में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम एमडीए - आईडीए 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त प्रभार कुमार बर्दियार व सिविल सर्जन डॉ. अजय सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि फाइलेरिया बीमारी को जिला से मुक्त करने के लिए यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा। अभियान के तहत सभी लोगों को दवा का सेवन करना है। इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिया जा रहा है उसका अक्षरशः पालन करते हुए दवा का सेवन करें। फाइलेरिया मुख्यतः मच्छर के काटने से होता है और इससे काफी लोग प्रभावित होते हैं। अल्बेंडाजोल की गोली निश्चित ही इससे हम लोगों को मुक्ति दिलाएगी। दवा प्रशासक एवं सिविल सर्जन द्वारा अपने सम्बोधन के क्रम में फाइलेरिया बिमारी के लक्षण, उसके बचाव तथा अभियान के तहत दी जाने वाली दवाए, दवाओं के डोज आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि दो वर्ष कम आयु के बच्चे, गर्भवती/धात्री महिलाएं तथा गंभीर बिमारी से ग्रसित लोगो को छोड़ सभी को दवा खिलाया जायेगा। बताया गया कि अभियान के तहत आज सभी 1756 बूथ पर दवा खिलाया जा रहा है तथा कल 11 अगस्त से 25 अगस्त 2024 तक सहिया दीदियों के द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाया जायेगा। कार्यक्रम के पश्चात सदर अस्पताल परिसर में बनाए गए दवा केंद्र का उप विकास आयुक्त नें फीता काटकर उद्घाटन किया।

## नौकरी की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने अमलगम कंपनी गेट पर किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** कांड्रा के करणगिरी गुढ़ा निवासी स्व0 मेघनाथ महतो की पत्नी भानुमति महतो ने नौकरी की मांग को लेकर अपने परिवार व कई ग्रामीणों के साथ शनिवार को अमलगम स्टील कंपनी गेट जाम कर समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान भानुमति महतो ने बताया कि उसके पति मेघनाथ महतो कंपनी के जमीनदाता थे और अमलगम स्टील कंपनी में ही कार्यरत थे। बीते 20 जुलाई को उनकी मौत हो गई थी। उनकी मौत के बाद कंपनी प्रबंधन द्वारा आश्रित को नौकरी देने का वादा किया था। किन्तु, अब नौकरी देने से उनके द्वारा इनकार किया जा रहा है। काफी दिनों तक कंपनी का चक्कर लगाने के बाद उन्हे गेट जाम करने को बाध्य होना पड़ा। उसके समर्थन में जिप सदस्य पिंकी मंडल एवं जेबीकेएसएस नेता राहुल देव महतो भी कंपनी पहुँचे और कंपनी के एचआर हेड बीएन प्रसाद से वार्ता की। किन्तु, वार्ता में बात नहीं बनी। गेट जाम की सूचना पर कांड्रा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और उन्होंने मृतक के परिजनों एवं कंपनी के अधिकारियों से वार्ता की। उक्त वार्ता के बाद मृतक के परिजनों को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया गया। साथ ही, मृत्यु के उपरांत मिलने वाले भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा संस्थान से मिलने वाली लाभ को दिलाने का प्रयास किए जाने व जीविकोपार्जन के लिए मिलने वाले लाभ पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया। तत्पश्चात उंक्त गेट जाम को वापस लिया गया। बताया गया है कि इन मुद्दों को लेकर आगामी मंगलवार को पुनः 11 बजे मृतक के परिजनों, विस्थापित समिति, प्रशासन और प्रबंधन के बीच वार्ता होगी।

## खरसावां जलापूर्ति योजना के निर्माण कार्य का विधायक गागराई ने किया स्थल निरीक्षण

◆ **कार्य में अनियमितता को लेकर विभागीय सचिव को पत्र लिख उच्च स्तरीय जांच की करेंगे मांग**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने खरसावां जलापूर्ति योजना के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया. उन्होंने कार्य की बरती जा रही अनियमितता व हो रही देरी पर असंतोष व्यक्त करते हुए विभागीय सचिव से जांच कराने की बात कही है. निरीक्षण के दौरान योजना पट्ट भी नहीं लगाया गया था, जिससे की योजना के संबंध में जानकारी मिल सके. जलापूर्ति योजना के निर्माण कार्य में पारदर्शिता भी बरती नहीं जा रही है. सरकारी निर्देशों को ताक पर रख कर योजना का कार्य किया जा रहा है. सीमेंट-गिट्टी का मिश्रण भी सही नहीं है. निर्माण कार्य में कई जगहों पर पुराने इंट का इस्तेमाल किया गया है. यहां तक की कंक्रीट की ढलाई भी टेढी हो गयी है तथा दिवार में भी दरार आ गयी है. निर्धारित समय के एक साल बाद भी योजना का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है. पाइप लाइन तक नहीं बिछाया गया है. इस निरीक्षण के दौरान कार्य स्थल पर विभाग या संवेदक का कोई भी कर्मचारी नहीं मिला.

**जिला में सबसे भ्रष्ट विभाग बन गयी है पेयजल स्वच्छता विभाग : गागराई**

निरीक्षण करने के पश्चात विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि जलापूर्ति योजना के क्रियांवयन में घोर अनियमितता बरती गयी है. नियमों को ताक पर रख कर योजना पर कार्य हो रहा है. इस जलापूर्ति योजना को जुलाई 2023 में ही पूरा होना था,परंतु इसके एक साल बाद भी योजना पूर्ण नहीं हो सकी है. इसे किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जायेगा. उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कराने को लेकर विभागीय सचिव को पत्र लिखेंगे. उन्होंने कहा कि पेयजल स्वच्छता विभाग के संबंध में जिला के अलग अलग क्षेत्रों से शिकायतें मिल रही है. गागराई ने कहा कि पेयजल स्वच्छता विभाग जिला में सबसे भ्रष्ट विभाग बन गयी है। और कार्यपालक अभियंता सबसे भ्रष्ट अधिकारी, वर्तमान कार्यपालक अभियंता के कार्यों की जांच की भी मांग करेंगे।

**योजना से 1726 परिवारों को मिलेगा पाइप लाइन से पानी**

खरसावां जलापूर्ति योजना से कुल 18 मुहल्लों के 1726 परिवारों तक पाइप पाइन से पानी पहुंचाया जायेगा. इस योजना से बेहरासाही के 140,ब्लॉक कॉलोनी के 28,चांदनी चौक के 55, गोडासाई के 36,हाट टोला के 32, कदमडीहा के 125,पांचगछिया के 36,बाजारसाही के 112, ढ़ीपासाई के 172,दितसाही के 129, खंजाचीसाही के 89,कुम्हारसाही के 210,माहालीसाई के 115, मनुटोला के 65, पति साई के 89, तलसाही के 91, टुनियाबाड़ी के 127 व तुरीसाई के 75 परिवारों तक पाइप लाइन के जरीये पानी पहुंचाया जायेगा.

## करीम सिटी कॉलेज में आयोजित हुआ शानदार कार्यक्रम शाम-ऐ-सूफियाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था स्पार्क (सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर) के 20 साल पूरे होने के उपलक्ष में कॉलेज ऑडिटोरियम में अपराह्न 3:00 बजे शाम-ऐ-सूफियाना का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम के आयोजन पर स्पार्क तथा स्पार्क के कोऑर्डिनेटर डॉ यहिया इब्राहीम को बधाई देते हुए कहा कि स्पार्क हमारे कॉलेज का एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो पिछले 20 सालों से अपने छात्र-छात्राओं के अंदर छुपी हुई कलात्मक प्रतिभाओं को उभार कर उन्हें कलाकार बना रहा है। शाम-ऐ-सूफियाना के नाम से सजी हुई महफिल में कॉलेज के पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों ने मिलकर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सुंदर बनाने में साजिन्दानों का बड़ा हाथ होता है। कॉलेज ऑडिटोरियम शहर भर से आए हुए शिक्षकों, संगीत प्रेमियों, मीडिया मित्रों तथा छात्र-छात्राओं से भरा हुआ था। मंच का संचालन डॉ गौहर अजीज ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कन्वीनर डॉ एस एम याहिया इब्राहिम ने किया।

## शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एआइडीएसओ छात्रों ने निकाली रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एक बार फिर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन पूर्वी सिंहभूम (एआइडीएसओ) के छात्रों ने साकची आमबागान से लेकर साकची गोलचक्कर होते हुए डीसी कार्यालय तक रैली निकाली गयी. वहीं डीसी कार्यालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम उपायुक्त अनन्य मित्तल को ज्ञापन सौंपा गया. उनकी मांगों में रिक्त पदो पर शिक्षकों की बहाली, कोल्हान विश्वविद्यालय में अविलंब जेनरिक पेपर की परीक्षा, छात्रों के लिए निःशुल्क बस सेवा, प्राइवेट स्कूलों में फीस वृद्धि पर अंकुश लगाना, नशाखोरी पोर्नोग्राफी और शराब दुकान पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाना, पाठ्यक्रमों में नवजागरण काल के महापुरुषों व आजादी आंदोलन के क्रातिकारियों के जीवन संघर्ष व प्रेमचंद व शरतचंद्र के साहित्य को शामिल करने की मांग की गयी है. कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव सोनी सेन गुप्ता ने किया. कार्यक्रम को विभिन्न कॉलेजों के छात्र प्रतिनिधि ने संबोधित किया. कार्यक्रम में सबित सोरेन, बबिता सोरेन, सुबोध महाली, प्रेमचंद्र टुडू, खुदीराम हासदा, राजेश, रीमा, पिंकी, रिंकी, पूर्णिमा सहित सैकड़ों छात्र- छात्राएं उपस्थित थे.

## कार्यकर्ताओं ने मनाया डॉ. अजय कुमार का जन्मदिन, कई कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पूर्व सांसद सह कांग्रेस का वरीय नेता डॉ. अजय कुमार का जन्मदिन उत्साह से मनाया. डॉ. अजय कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटा. इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेरे जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं और लोगों ने जो प्यार व स्नेह दिया है. उससे मै अभिभूत हूं. मैं अपने कार्यकर्ताओं और लोगों के सहयोग व उनके बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध हूं. जमशेदपुर वासियों का समर्थन और कार्यकर्ताओं के जोश के कारण जमशेदपुर मेरे सीने में हमेशा धड़कता रहता है. वहीं जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. जहां बिरसानगर जोन नंबर 4 गुड़िया मैदान में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया. जिसमें टाटा मणिपाल मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स दारा लोगों की स्वास्थ्य की जांच की गई एवं उचित सलाह के साथ दवा दी गई. वहीं इस शिविर में उपस्थित लोगों का मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित फार्म भरवाया गया. वहीं केबुल टाउन कम्युनिटी क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया. रक्तदान शिविर में कुल 104 युनिट रक्त संग्रह किया गया. डॉ.अजय कुमार के जन्मदिन के अवसर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बिरसानगर में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया. जिसमें 10 टीम ने हिस्सा लिया.

## विधायक ने जुगसलाई नगरपरिषद कार्यालय में मंईयां सम्मान योजना शिविर का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जुगसलाई नगरपरिषद कार्यालय में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना(21से 50वर्ष) का शिविर लगाकर फॉर्म भरा जा रहा है। आज जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने उक्त शिविर में पहुंच कर निरीक्षण किया। इस दौरान जुगसलाई नगर परिषद के विशेष पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान विधायक द्वारा योजना अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने और पोर्टल में अपलोड करने की प्रक्रिया का बारीकी से जायज़ा लिया और फॉर्म भरवाने वाले सभी ऑपरेटर एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं को अच्छे से एवं सुचारु ढंग से कार्य करने को कहा और फार्म जमा करने आ रही महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं दूसरी और नगर परिषद के सफाई कर्मियों का लगातार पेमेंट की समस्या हो रही है इसकी जानकारी मिलने पर विधायक ने सफाई कर्मियों के एजेंसी अधिकारियों से मिले। उन्हें कहा की सफाई कर्मियों का वेतन समय से मिलना चाहिए और उनके वेतन में कुछ भी कटौती नहीं होनी चाहिए। मौके पर ही विधायक ने नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से फोन में बातचीत की और उक्त एजेंसी की शिकायत कर उचित कार्रवाई करने को मंत्री से कहा।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला।**

**–: प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों के लिए पुरस्कार हेतु आम सूचना :–**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में गुमला जिले के प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों/लघु डेयरी उद्यमियों को राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर पुरस्कार वितरण की योजना है। इच्छुक प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों/लघु डेयरी उद्यमी को सूचित किया जाता है कि डेयरी फार्म में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, हरा–चारा उत्पादन, डेयरी फार्म की साफ–सफाई, बैंक ऋण की स्थिती एवं उनके जीविकोपार्जन व आर्थिक स्थिति मजबूत होने संबंधि सफलता की कहानी के साथ दिनांक–13.08.2024 तक सादे कागज पर निम्न अंकित विहित प्रपत्र के अनुरूप आवश्यक सूचनाएँ स्वयं के हस्ताक्षर के साथ जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला में जमा कर सकते है।

| क्रं | पशुपालकों का नाम | पिता/पति का नाम | ग्राम/प्रखण्ड | जाति | पशु स्वास्थ्य अति उत्तम/संतोषप्रद/सामान्य | योजना की स्थिति | | प्रगतिशील दुग्ध उत्पादक द्वारा बैंक ऋण वापसी की स्थिती | दुधारू संका नस्ल की गाय/भैसों की सं0 | वर्तमान में दुध देने वाली गाय/भैसों की सं0 | उत्पादित दुध की मात्रा | प्रति दुधारू मवेशी की दुध उत्पादन (ली0 में) | अ0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | स्वयं से | बैंक सहयोग से प्रारंभ (बैंक का नाम एवं शाखा) | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| | | | | | | | | | | | | | |

आवेदक का हस्ताक्षर/अंगूठा का निशान

**आवेदन के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करने की आवश्यकता है :–**

- दो प्रति में दुधारू गाय/भैंस सहित पशुशाला के साथ स्वयं का भी रंगीन फोटोग्राफ।
- आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति।
- दुग्ध उत्पादन व्यवसाय से संबंधित अपने सफलता की कहानी।

नोटः– अधूरे आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। विशेष जानकारी हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.332424 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25):D

संपादकीय

## चिंताजनक है पश्चिम बंगाल की स्थितियां

**पश्चिम** बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ढुलमुल रवैए, तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी और कट्टरवादी ताकतों की निर्भय सक्रियता के कारण अराजक स्थितियां बन गई हैं। सत्ताधारी दल, उसकी विचारधारा और अन्य मामलों में असहमति रखनेवाले नागरिकों के लिए वहाँ जीवनयापन अत्यंत कठिन हो गया है। पश्चिम बंगाल से कई वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों को मारापीटा जा रहा है। यहाँ तक की इस्लामिक कानूनों को आधार बनाकर शरिया अदालतें लगाई जा रही हैं और लोगों को सजा दी जा रही है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा तो इस स्थिति की ओर समूचे देश का ध्यान आकर्षित किया ही जा रहा था लेकिन अब प्रदेश के बड़े कांग्रेसी नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी अपनी चुप्पी तोड़ दी है। हालांकि, कांग्रेस ने अभी तक उनकी चिंता के साथ अपना समर्थन प्रदर्शित नहीं किया है। क्योंकि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व प्रदेश की भयावह स्थितियों पर अब तक चुप है। जबकि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं मुस्लिम गुंडों की ओर से केवल भाजपा के कार्यकर्ताओं की ही मारपीट एवं हत्या नहीं की जा रही है अपितु उनके निशाने पर वामपंथी और कांग्रेसी कार्यकर्ता/समर्थक भी हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के कार्यकर्ता की पेड़ से बांधकर पीट-पीटकर हत्या की दी गई। लेकिन अभी तक अधीर रंजन चौधरी के अलावा किसी भी कांग्रेसी नेता की संवेदनाएं नहीं जागी हैं। संभवतः कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व विपक्षी गठबंधन में ममता बनर्जी को बनाए रखने की मंशा से 'जंगल राज' और अपने कार्यकर्ताओं पर हमलों की घटनाओं में चुप्पी साधने को मजबूर है। लेकिन ऐसी मजबूरी किसी काम की जो लोकतंत्र और संविधान की रक्षा ही नहीं कर सके। अपने कार्यकर्ताओं के दुःख-दर्द में सहभागी न हो सके। प्रदेश में स्थितियां इतनी भयावह हैं कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखने के लिए मजबूर हो गए। उन्होंने पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल में बनी अराजक स्थिति से राष्ट्रपति को अवगत कराया और राज्य में कानून व्यवस्था बहाल करने के लिए राष्ट्रपति मुर्मू से हस्तक्षेप करने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने उन सब बातों को दोहराया है, जिन्हें अब तक भाजपा उठाती आई है। जैसे, चुनावी एवं राजनीतिक हिंसा। पंचायत एवं विधानसभा चुनावों की भाँति हाल ही में सम्पन्न हुए आम चुनावों के दौरान एवं बाद में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमले करना, उनकी आजीविका समाप्त करना और ध्रुवीकरण करना। दो पन्नों के पत्र में चौधरी ने स्पष्ट लिखा कि "मेरे लिए व्यक्तिगत स्तर पर, राज्य में अराजक स्थिति को देखना न केवल परेशान करने वाला है, बल्कि बहुत पीड़ादायक भी है। इसका कारण सत्तारूढ़ पार्टी का विपक्ष के कार्यकर्ताओं, समर्थकों और समर्थकों के प्रति क्रूर रवैया है"। चौधरी ने 'क्रूर रवैया' शब्द का उपयोग उचित ही किया है। जिस प्रकार से वहाँ लोगों के घर-दुकान जलाए जा रहे हैं, उनको घेरकर निर्दयीयता के साथ मारा-पीटा जा रहा है, महिलाओं के साथ अभद्रता की जा रही है, यह सब क्रूरता की पराकाष्ठा है। इस क्रूरता के कारण लोगों को अपने घर छोड़कर पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसकी उम्मीद तो कम ही है कि अधीर रंजन चौधरी की पीड़ा को कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व सुनेगा। परंतु, पश्चिम बंगाल की स्थितियां सुधारने एवं कानून की व्यवस्था लागू कराने के लिए केंद्र सरकार को अवश्य ही कुछ ठोस कदम उठाने चाहिए।


सत्ताधारी दल, उसकी विचारधारा और अन्य मामलों में असहमति रखनेवाले नागरिकों के लिए वहाँ जीवनयापन अत्यंत कठिन हो गया है। पश्चिम बंगाल से कई वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों को मारापीटा जा रहा है। यहाँ तक की इस्लामिक कानूनों को आधार बनाकर शरिया अदालतें लगाई जा रही हैं और लोगों को सजा दी जा रही है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा तो इस स्थिति की ओर समूचे देश का ध्यान आकर्षित किया ही जा रहा था लेकिन अब प्रदेश के बड़े कांग्रेसी नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी अपनी चुप्पी तोड़ दी है। हालांकि, कांग्रेस ने अभी तक उनकी चिंता के साथ अपना समर्थन प्रदर्शित नहीं किया है। क्योंकि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व प्रदेश की भयावह स्थितियों पर अब तक चुप है। जबकि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं मुस्लिम गुंडों की ओर से केवल भाजपा के कार्यकर्ताओं की ही मारपीट एवं हत्या नहीं की जा रही है अपितु उनके निशाने पर वामपंथी और कांग्रेसी कार्यकर्ता/समर्थक भी हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के कार्यकर्ता की पेड़ से बांधकर पीट-पीटकर हत्या की दी गई। लेकिन अभी तक अधीर रंजन चौधरी के अलावा किसी भी कांग्रेसी नेता की संवेदनाएं नहीं जागी हैं। संभवत: कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व विपक्षी गठबंधन में ममता बनर्जी को बनाए रखने की मंशा से 'जंगल राज' और अपने कार्यकर्ताओं पर हमलों की घटनाओं में चुप्पी साधने को मजबूर है।


मनोविज्ञान, मानव विज्ञान, राजनीति विज्ञान जैसे कई विषयों में सांस्कृतिक और सामाजिक पहलुओं का महत्व स्पष्ट है

## सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को आकार देती हैं पाठ्यपुस्तकें

**प्रियंका सौरभ**


एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय एकीकरण, वैज्ञानिक सोच और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हुए एक व्यापक और संतुलित शिक्षा प्रदान करना है। भारत में छात्रों के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को आकार देने में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों अमूल्य योगदान है. एक अच्छी शिक्षा व्यापक व्याख्या, तथ्यों का व्यापक प्रदर्शन, बौद्धिक विकास और उन तथ्यों, उन व्याख्याओं के आलोचनात्मक विश्लेषण का साधन प्रदान करती है।


**राष्ट्रीय** शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ( एनसीईआरटी ) देश भर में शिक्षा को मानकीकृत करने वाली पाठ्यपुस्तकों को विकसित और वितरित करके भारत की शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय एकीकरण, वैज्ञानिक सोच और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हुए एक व्यापक और संतुलित शिक्षा प्रदान करना है। भारत में छात्रों के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को आकार देने में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों अमूल्य योगदान है. एक अच्छी शिक्षा व्यापक व्याख्या, तथ्यों का व्यापक प्रदर्शन, बौद्धिक विकास और उन तथ्यों, उन व्याख्याओं के आलोचनात्मक विश्लेषण का साधन प्रदान करती है। कई विषयों में सामाजिक और सांस्कृतिक कारक शामिल होते हैं और एक वैध पाठ्यक्रम में उन्हें यथासंभव ईमानदारी और निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत किया जाता है (हालांकि ऐसे विषयों में पूर्वाग्रह को बाहर करना कठिन है)। मनोविज्ञान, मानव विज्ञान, राजनीति विज्ञान जैसे कई विषयों में सांस्कृतिक और सामाजिक पहलुओं का महत्व स्पष्ट है। पूर्वाग्रह से बचने की कठिनाई भी उन विषयों में स्पष्ट है। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें विविधता में एकता पर जोर देती हैं , छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविध परंपराओं के बारे में ज्ञान प्रदान करती हैं। उदाहरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों के त्योहारों पर पाठ्य-पुस्तकों के अध्याय सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देते हैं। पाठ्यपुस्तकों में ऐसी कहानियाँ और पाठ शामिल किए जाते हैं जो ईमानदारी, करुणा और दूसरों के प्रति सम्मान जैसे नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं । उदाहरण के लिए "ईमानदार लकड़हारा" जैसी कहानियाँ छात्रों को ईमानदारी और निष्ठा का महत्व सिखाती हैं। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें पुरुषों और महिलाओं को विभिन्न भूमिकाओं में चित्रित करके और समान अवसरों के महत्व पर जोर देकर लैंगिक समानता को बढ़ावा



देती हैं ।उदाहरण के लिए महिला स्वतंत्रता सेनानियों और वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डालने वाले अध्याय लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करते हैं। पर्यावरण शिक्षा को शामिल करने से छात्रों में प्रकृति और संधारणीयता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में मदद मिलती है। उदाहरण के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और प्रदूषण के प्रभाव पर पाठ पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं। पाठ्यपुस्तकें आलोचनात्मक सोच और वैज्ञानिक पद्धति को प्रोत्साहित करती हैं, जिससे समस्या-समाधान के लिए तर्कसंगत दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए विज्ञान के अध्याय जिनमें प्रयोग और अवलोकन शामिल हैं, छात्रों को अपने आस-पास की दुनिया पर सवाल उठाने और उसका पता लगाने की शिक्षा देते हैं। मूल्य-आधारित पाठ्यक्रम शिक्षा के लिए एक संतुलित, समग्र दृष्टिकोण है जो राष्ट्रीय और व्यक्तिगत विद्यालय-केंद्रित पाठ्यक्रम के इर्द-गिर्द घूमता है ताकि एक ऐसा वातावरण बनाया जा सके जो समाज-समर्थक और पर्यावरण-समर्थक मानवीय मूल्यों के स्पष्ट शिक्षण और मॉडलिंग द्वारा आकार दिया गया हो। छात्रों के लिए मूल्य-आधारित पाठ्यक्रम की उपलब्धियों में आत्म-मूल्य की सकारात्मक भावना विकसित करना, नैतिक और संबंधपरक क्षमताओं में सुधार और प्राकृतिक दुनिया के साथ अधिक जुड़ाव शामिल है। भारत में छात्रों के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को आकार देने में एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों के योगदान के साथ-साथ कुछ विकृत्यं भी है, जिन पर ध्यान देना समय की जरूरत है. एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों की आलोचना इतिहास का विकृत संस्करण प्रस्तुत करने के लिए की जाती रही है पाठ्यपुस्तकों की आलोचना इस बात के लिए की गई है कि वे दलितों, आदिवासियों और महिलाओं जैसे हाशिए पर स्थित समुदायों के अनुभवों और योगदानों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। उदाहरण के लिए इन समुदायों के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व्यक्तित्वों और उनके योगदानों को अक्सर कम दर्शाया जाता है, जिससे शिक्षा में समावेशिता की कमी होती है। पाठ्यपुस्तकों में कुछ सामग्री पर लिंग, जाति और क्षेत्रीय रूढ़िवादिता को मजबूत करने का आरोप लगाया गया है, जो छात्रों के बीच पूर्वाग्रहों को बढ़ावा दे सकता है। उदाहरण के लिए महिलाओं को मुख्य रूप से घरेलू भूमिकाओं में दिखाना या कुछ क्षेत्रों को पिछड़ा दिखाना रूढ़िवादिता को मजबूत कर सकता है। पाठ्यपुस्तकों में कुछ सामग्री पुरानी मानी जाती है और वर्तमान सामाजिक मूल्यों एवं चुनौतियों को प्रतिबिंबित नहीं करती है, जिससे यह आज के छात्रों के लिए कम प्रासंगिक हो जाती है। उदाहरण के लिए आधुनिक तकनीकी प्रगति, समकालीन सामाजिक मुद्दे और हाल की ऐतिहासिक घटनाओं से संबंधित विषय अक्सर गायब होते हैं या अपर्याप्त रूप से कवर किए जाते हैं। कुछ पाठ्यपुस्तकों द्वारा प्रचारित रटने की पद्धति आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को हतोत्साहित करती है, तथा समझने की तुलना में याद करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करती है।

दृष्टि कोण

## भारत की ताकत रही है धार्मिक विविधता

**शेक्सपियर** तो लिख गये कि क्या रखा है नाम में, पर उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में शुरू हुआ नाम का विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा। उत्तर प्रदेश की सरकार ने आदेश निकाला था कि कांवड़ियों की यात्रा के मार्ग में पड़ने वाली खाने-पीने के समान की सभी दुकानों, रेहड़ी वालों, ठेले वालों को अपनी दुकान के बाहर मालिक का, और वहां काम करने वाले सभी लोगों का, नाम लिखकर लगाना होगा, ताकि उन दुकानों आदि से सामान खरीदने वालों को यह पता रहे कि वह किस धर्म को मानने वाले से सामान खरीद रहे हैं! तर्क यह दिया जा रहा है कि सवाल कांवड़ियों की आस्था की शुचिता का है! लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि यह वार्षिक यात्रा, या देशभर में इस तरह की धार्मिक यात्राएं तो न जाने कब से चल रही हैं, आज तक तो किसी की धार्मिक आस्था को चोट नहीं पहुंची, फिर अचानक कांवड़ियों को लेकर यह विवाद क्यों? प्रशासन की तरफ से कहा यह जा रहा है कि यह सब 18 साल पहले के एक कानून के अनुसार किया जा रहा है। तत्कालीन सरकार ने इस आशय का कानून पारित किया था, जो अब लागू किया जा रहा है, इसलिए इसे लेकर विवाद नहीं होना चाहिए। लेकिन विवाद हो रहा है, सड़क से लेकर संसद तक, और उच्चतम न्यायालय में भी विवाद की गूंज पहुंची है। ऐसा नहीं है कि हमारे देश में धर्म के नाम पर विवाद नहीं छिड़े। इस संदर्भ में बहुत कुछ अप्रिय हुआ है देश में, हिंदू और मुसलमान को लेकर अक्सर सवाल उठाये जाते रहे हैं। कभी पूजा स्थल को लेकर, कभी पूजा-अर्चना की पद्धति को लेकर और कभी कथित धार्मिक पहनावे के नाम पर अलग-अलग उद्देश्यों की पूर्ति के लिए देश में सांप्रदायिकता की आग भड़कायी गयी है। सवाल नाम से पहचान का भी नहीं है, सवाल उस मानसिकता का है जो धर्म के नाम पर समाज को बांटने में विश्वास करती है। उस घटिया राजनीति का है जो धर्म के नाम पर वोट मांगने में किसी प्रकार की लज्जा अनुभव नहीं करती। अभी हाल में बंगाल में भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी ने यह घोषणा करने में तनिक हिचकिचाहट नहीं दिखाई कि हमें (अब) 'सबका साथ, सबका विकास' की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बंगाल की एक सभा में यह कहना ज़रूरी समझा कि जो हमारे साथ हैं हम उनके साथ हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट करना ज़रूरी समझा कि भाजपा को अपना अल्पसंख्यक मोर्चा बंद कर देना चाहिए। यह बात दूसरी है कि इस 'गर्जना' के कुछ ही घंटे बाद उन्हें शायद भाजपा आलाकमान के आदेश पर यह स्पष्टीकरण देना पड़ा कि उनके कहने का गलत अर्थ लगाया गया है। था कोई ज़माना जब राजनेता अक्सर यह कहकर बच निकलते थे कि उन्हें ग़लत उद्धृत किया गया, अथवा ग़लत समझ गया, पर चौबीस घंटे समाचार चैनलों के युग में यह बहानेबाजी नहीं चल सकती। सारी दुनिया ने शुभेंदु अधिकारी के उस भाषण को सुना है। दुनिया ने तो भाजपा के एक अन्य बड़े नेता को पिछले चुनावों के समय प्रचार के दौरान यह कहते भी सुना था कि हमें अल्पसंख्यकों के वोट की आवश्यकता नहीं है। यही क्यों, स्वयं भाजपा का शीर्ष नेतृत्व यह कह चुका है कि कांग्रेस वाले देश के संसाधन मुख्यतः 'ज़्यादा बच्चे पैदा करने वालों' को देना चाहते हैं। यह सारी बातें सांप्रदायिकता की उस घटिया और खतरनाक राजनीति की ओर इशारा करती हैं जो देश के सामाजिक ताने-बाने को कमजोर बनाने में लगी है। हमारा पंथ-निरपेक्ष संविधान सर्व धर्म समभाव में विश्वास करता है। हमारे संविधान निर्माताओं ने बहुत सोच-विचार कर भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने से इनकार किया था। आसेतु-हिमालय हमारा भारत सभी धर्मों को मानने वाले भारतवासियों का देश है। हमारे प्रधानमंत्री यह कहते नहीं थकते की 140 करोड़ भारतवासी उनका परिवार है। जब इस परिवार के एक हिस्से को पंक्ति से बाहर बिठाने की कोशिशें हो रही हैं तो स्वयं को परिवार का मुखिया मानने वाले व्यक्ति के लिए यह ज़रूरी हो जाता है कि वह इन विघटनकारी गतिविधियों का न केवल विरोध करे बल्कि उन्हें असफल बनाने का उदाहरण प्रस्तुत करे। दुर्भाग्य से ऐसा होता नहीं दिख रहा। प्रधानमंत्री को तब विरोध करना चाहिए था जब सबका साथ, सबका विकास के उनके नारे को नकारा गया। बंगाल के उस भाजपाई नेता के कथन पर भाजपा का कोई बड़ा नेता कुछ नहीं बोला, यह बात रेखांकित होनी चाहिए। यह भी रेखांकित होना चाहिए कि कांवड़ियों की आस्था की पवित्रता के नाम पर देश में अनावश्यक विवाद खड़ा किया जा रहा है। न्यायालय ने अपने विवेक से इस बारे में उचित निर्णय लिया। लेकिन एक निर्णय इस देश की जनता को भी लेना है— उन सारी ताकतों को असफल बनाने का निर्णय जो हमारी सामाजिक समरसता को बिगाड़ने पर तुली हैं। हमारी गंगा-जमुनी सभ्यता ने हमें एक ऐसे समाज के रूप में विकसित होने का अवसर दिया है जहां मनुष्य को उसकी धार्मिक आस्था के आधार पर चिन्हित किए जाने का कोई स्थान नहीं है। यही हमारा वह संविधान भी कहता है जिसकी शपथ हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि लेते नहीं थकते। शपथ लेना ही पर्याप्त नहीं है, शपथ के विश्वास को प्रमाणित करना भी ज़रूरी है। यह काम कथनी और करनी की एकरूपता से ही हो सकता है। संविधान को माथे से छुआने से नहीं, उसके अनुरूप आचरण करने से संविधान के प्रति निष्ठा प्रमाणित होती है। कांवड़ियों की आस्था की पवित्रता की दुहाई देने वालों को यह नहीं भूलना चाहिए की यात्रा के मार्ग में कांवड़ियों का स्वागत-सत्कार करने वाले सिर्फ हिंदू ही नहीं हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## धान रोपाई के दौरान वज्रपात से, बारलोंग के एक महिला की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बारलोंग के हरगडाडीह टोला निवासी भारती कुमारी (32 वर्ष) पति तुलेश्वर महतो की बारिश के साथ वज्रपात होने से मौत हो गयी। बताया गया की देर शाम अपने खेत में धन रोकने करने के दौरान अपने घर वापस आ रही थी इसी क्रम में एक जोरदार बज्रपात हुआ और ठनका गिरा जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई,

मृत महिला अपने पीछे दो नन्हे मुन्ने पुत्र छोड़ गयी हैं जिनका नाम अखिल कुमार और निखिल कुमार है। मृतक महिला गरीब परिवार के सदस्य थी और उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है दिनचर्या मजदूरी कर अपना परिवार का भरण पोषण करती थी इस हृदय विदारक घटना के बाद परिवार के लोग शोकाकुल हैं। रामगढ़ विधानसभा के जेएलकेएम नेता संतोष महतो ने परिजनों से मुलाक़ात की और आपदा विभाग के द्वारा चार लाख रुपये निर्धारित है उसे दिलाने के लिए हर संभव सहायता करने का वादा किया और परिवार के लोगों को ढाढ़स बँधाया है।साथ ही उन्होंने ज़िले के किसानों से अपील किया है कि भारी बरसात और बिजली कड़कने के समय खेतों और नमी के जगह में ना रहें और सुरक्षित जगहों पर चले जायें।आपकी सावधानी ही आपका जान बचा सकता है।उन्होंने सरकार और ज़िला प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस संबंध में जागरूकता प्रसारित करने का काम करें और इस तरह के घटनाओं में अपनी जान गँवाने वाले मृतक परिवार के आश्रितों को अविलंब मुआवज़ा राशि निर्गत किया जाये।

## कार्यशाला का उद्देश्य सोर ऊर्जा प्रणालियों के उचित रखरखाव पर था : सुधीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** चितरपुर प्रखंड के लारी तेली धर्मशाला में अग्रगति रामगढ़ एवं टेरी नई दिल्ली संस्था के द्वारा सिलाई उद्योग में को सौर ऊर्जा प्रणाली संचालन एवं रखरखाव तथा ऋण मुहैया संबंधित एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सीसीएल रांची के पुजा कुमारी व दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष उपस्थित हुए।सीसीएल के पुजा कुमारी ने कहा कि सौर ऊर्जा न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि इससे बिजली की लागत में भी भारी कमी की जा सकती है। यह प्रशिक्षण सिलाई उद्योग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे उन्हें स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा का उपयोग करने का अवसर मिलेगा।÷बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने अपने संबोधन में कहा, ÷सौर ऊर्जा स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा का स्रोत है, जो हमारे पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है। इस कार्यक्रम से हमारे क्षेत्र में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और लोग इसके फायदों से अवगत होंगे। और कहा, यह



कार्यक्रम हमारे क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा के उपयोग से न केवल पर्यावरण की रक्षा होगी, बल्कि बिजली की लागत में भी कमी आएगी।सीसीएल के सीएसआर फंड को टेरी संस्था ने लाकर अग्रगति संस्था के साथ मिलकर लोगों को 50त्न अनुदान राशि पर सौर ऊर्जा वितरण किया जा रहा है।

जिसमें संस्था के द्वारा 10 लाभुकों के बीच सौर ऊर्जा का वितरण किया गया।

कई लोग मौजूद थे।

## सयाल के ग्रामीणो ने पानी की समस्या को लेकर झामुमो नेता संजीव बेदिया से मिले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल के ग्रामीणो ने पानी कि समस्या को लेकर शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति के सदस्य संजीव बेदिया के आवास पर जाकर मिले। वहीं सयाल के ग्रामीणो ने सीसीएल कि बदहाल जलापूर्ति व्यवस्था कि समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जिसपर केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कहा कि सयाल कि पानी समस्या का निदान दो दिन के अंदर कर दिया जाएगा। जिससे सयाल के लोगो को पानी मिलना शुरू हो जाएगी। वहीं सयाल के ग्रामीणो ने संजीव बेदिया को धन्यवाद करते हुए अपनी खुशी जताई। वहीं इस मौके पर अनुज कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद,विजय प्रसाद,उमेश साई , रवि कुमार,पारस ,उदय मेहता, जावेद खान आदि लोग मौजूद थे।

## जेबीकेएसएस के सदस्यों ने कावरियों के बीच चना और शर्बत वितरण किया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य व समाजसेवी पंकज महतो के नेतृत्व मे कावरियों के बीच चना और शर्बत वितरण किया गया। पंकज महतो ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा से हज़ारो की संख्या में पैदल कावड़ यात्रा(जलयात्रा) रजरप्पा मंदिर के भैरवी नदी से जल उठाकर बुढ़वा महादेव मंदिर महूदी (बड़कागांव)में जलाभिषेक करेंगे। जिसको लेकर हर साल की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा की गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी व जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य पंकज महतो, महिला मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष लीलावती महतो, जेबीकेएसएस/जेएलकेएम के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, पवन कुमार महतो प्रभु दयाल महतो, भवानी महतो, कुलदीप महतो, लक्ष्मण महतो, विनोद महतो, रनविजय महतो, आरिफ अंसारी रोशन तिवारी, सूरज चंद्रवंशी सूरज मुंडा , पिंटू महतो, अमित कुशवाहा विजय दुबे के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## झारखंड पार्टी रामगढ जिला कमेटी का विस्तार किया गया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पार्टी के रामगढ जिला कमेटी का एक बैठक जिला कार्यालय संडी में रामगढ़ जिला अध्यक्ष सोमदेव करमाली के नेतृत्व में जिला कमेटी का विस्तार किया गया । इस बैठक में पूर्व मुखिया प्रत्याशी छोटका चुम्बा के सुरेश मुंडा झारखंड पार्टी की सदस्यता ली साथ ही चुन्नू राम हसदा को रामगढ़ जिला युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन रामगढ़ नगर सचिव सुरेश मुंडा , वार्ड 8 अध्यक्ष शंकर करमाली को मनोनीत किया गया। इस मौके पर जगदीश मरांडी दिलीप करमाली उमेश करमाली मुख्य रूप से उपस्थित हुए। जिला अध्यक्ष सोमदेव करमाली , केंद्रीय सदस्य भवानी शंकर गुप्ता ने पार्टी की सदस्यता लिये पदाधिकारी से कहा कि आशा विश्वास है कि जल जंगल जमीन गरीब शोषित पीड़ित और आदिवासी मूलवासी की मदद एवं झारखंड का एक नया निर्माण मिलजुल के करेंगे।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किसानों के बीच किया मकई बीज का वितरण



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में किसानों के हित को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य के द्वारा शनिवार को सोसो कलां पंचायत के सोसो खुर्द गांव में बिरसा बीज उत्पाद विनियम वितरण एवं फसल विस्तार योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत अनुदान पर मक्का बीज प्रभेद 9544 जो किसानों के बीच 4 केजी के दर से बीज का वितरण किया गया। इन बीजों को पाकर किसान मेहनत करते हुए उन्नत खेती करते हुए फसल का पैदावार करेंगे। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार महतो के अलावा सभी किसान मित्र शमिल थे।

# अपर समाहर्ता व सीएस ने दवा खाकर किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान का शुभारंभ किया गया। अपर समाहर्ता अरविंद कुमार तथा सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद तथा डॉश दिनेश कुमार ने सिविल सर्जन सभागार में सर्वजन दवा सेवन के लिए लगाये गये शिविर पर दवा सेवन कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जिला में फाइलेरिया का गंभीर असर है। कई लोग हाथीपांव से पीड़ित हैं। फाइलेरिया को दूर करने के लिए सभी योग्य लाभार्थी फाइलेरियारोधी दवा का सेवन जरूर करें। इस अभियान में स्कूल, पंचायती राज जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा सरकारी तथा निजी कार्यालयों के कर्मचारी सहित सभी लोग अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दें और दवा का सेवन जरूर करें। युवा वर्ग इस अभियान में आगे आएं। जिला से फाइलेरिया का पूरी तरह उन्मूलन हो सके, सभी का सहयोग मिले। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अभियान की अच्छी तरह मॉनिटरिंग करें। साथ ही सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ तथा उनके कर्मचारी भी इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करेंगे तथा फील्ड में जाकर देखें कि दवा का सेवन किस प्रकार कराया जा रहा है। दवा सेवन कराने के सभी मानकों का ध्यान रखें। अभियान के शुभारंभ के मौके पर उनके साथ राज्य कंसल्टेंट आईसीई-बीसीसी नीलम कुमार, मंत्री प्रतिनिधि हारून रशीद, डीआरसीएचओ डॉश एल आर पाठक, डीएमओ डॉश बी एन प्रसाद, यक्ष्मा पदाधिकारी डॉश कुमार उत्तम, वीबीडीसीसी अभिमन्यु कुमार, पीसीआइ डीएमसी अभिषेक कात्यायन, पिरामल डिस्ट्रिक लीड अमित केशरी, पीओसीडी मंजर अहसान, डीईओ रंजीत मिश्रा, एफएलए प्रदीप सोनी, मंटू कुमार भी मौजूद रहे। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने कहा कि सभी 12 प्रखंडों तथा एक शहरी इंप्लीमेंटेशन यूनिट में फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराया जाना है। 11 लाख 40 हजार 93 योग्य लाभुक को इसके लिए लक्षित किया गया है। दवा सेवन को लेकर भ्रांति नहीं रखें ना ही डरें। फाइलेरियारोधी दवा का सेवन पूरी तरह सुरक्षित है। बताया कि आमतौर पर फाइलेरिया रोधी दवा खाने के बाद किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं होता है लेकिन वैसे लोग जिनके अंदर फाइलेरिया के जीवित परजीवी होते हैं, दवा खाने के बाद कुछ प्रतिक्रियाएं जैसे बुखार, सिरदर्द, चक्कर आदि देखा जाता है। दवा सेवन के उपरांत फाइलेरिया परजीवियों के मरने के कारण ये प्रतिक्रिया होती है। इसे एडवर्स ड्रग रिएक्शन या एडीआर कहा जाता है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसी स्थिति में इसकी सूचना आशा, एएनएम या अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को दें। बताया कि सर्वजन दवा सेवन के लिए तीन तरह की दवा दी जायेगी। इसमें अल्बेंडाजोल और डीईसी के साथ आइवरमैक्टीन शामिल है। सभी लोगों से अपील किया कि वे स्वास्थ्यकर्मियों, सहिया तथा आंगनबाड़ी सेविकाओं के सामने ही दवा का सेवन करें।



# स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शनिवार को स्वतत्रंता दिवस में झंडोतोलन समय सारणी निर्धारित करने को लेकर बैठक की गई। यह बैठक प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम की देख रेख में की गई। इस बैठक में सभी राजनीतिक दल, प्रखंड व पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा कई गणमान्य व कई विभाग के कर्मी सामिल हुए। बैठक मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आन बान शान के साथ झंडोतोलन करने का निर्णय लिया गया। इसके पश्चात समय सारणी व कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने झंडोतोलन के लिए सभी को निर्धारित समय सारणी को पालन करने, राष्ट्रीय गान व तिरंगा ध्वज का सम्मान करने सहित कई आवश्यक दिशानिर्देश दिए। मौके बिस सुत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, राजसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे, मुन्सी साव, अनिता देवी, कई विभाग के कर्मी, जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## स्कूली बच्चा को मोटरसाइकिल ने मारी टक्कर बच्चा घायल



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत जपुआ आसपास में एक स्कूली बच्चा ब्लॉक से साइकिल लेकर अपना गांव गांगपुर जा रहा था। की एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने बच्चा को अपने चपेट में ले लिया। जिससे बच्चा बुरी तरह से घायल हो गया। और माथा में गंभीर चोट आई है। ग्रामीण की मदद से बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया। जहां इलाज कर बेहतर इलाज के लिए सदर हजारीबाग रेफर कर दिया गया है बच्चा गंगापुर के कारू भुइंया का पुत्र नितेश कुमार उम्र लगभग 14 वर्ष बताया गया। आगे बताते चलें कि आदि साइकिल बच्चों को विद्यालय में ही दिया जाता। तो शायद यह अनहोनी घटना नहीं होती।

## बीडीओ ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच किया साइकिल वितरण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर से शनिवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच 286 साइकिल का वितरण किया गया। वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान प्रखंड के कुल आठ विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को साइकिल दिया गया है। जिसमें मध्य विद्यालय गिद्धौर उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांगपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलैया उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुब्धिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू किरकिरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिडारकोण उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारियातू का नाम शामिल है।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बालूमाथ वीडियो सोमा उराँव ने फीता काटकर किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित लोगों के बीच फाइलेरिया की दवा का वितरण किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ अमरनाथ प्रसाद ने कहा फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 अगस्त से लेकर 25 अगस्त तक यह अभियान चलाया जाएगा ।जिसमें घर-घर जाकर आंगनबाड़ी सेविका और सहिया दीदी लोगों को दवा खिलाने का काम करेगी। टीम द्वारा अल्बाडोंजल की निर्धारित खुराक खिलाई जाएगी। वहीं 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दवा नहीं खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि क्यूलैक्स मादा मच्छर के काटने से फलेरिया रोग फैलता है। मौके पर चिकित्सा कर्मी मृत्युंजय कुमार, मो. गुलाम, अनिल कुमार, मो.मजहर, पंकज कुमार, पिरामल कुमार, अमित कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।



# जन-जन के लोकप्रिय नेता मनोज चंद्रा पहुंचे मयूरहंड, समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के भावी उम्मीदवार श्री मनोज चंद्रा शनिवार को मयूरहंड पहुंचे। यहां समर्थकों ने इनको चारों तरफ से घेर लिया और मनोज चंद्रा जिंदाबाद के नारे लगाए। मनोज चंद्रा इस दौरान प्रखंड के करीब 15 से 20 गांव का दौरा किए।इस दौरान लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना।श्री चंद्रा ने कहा कि आप सभी हमारी ताकत हैं आपने जो हमें प्यार दिया है उसका मैं हमेशा ऋणी रहूंगा। समर्थकों का समर्पण भाव को देखकर मनोज चंद्रा अभीभूत नजर आए। मनोज चंद्रा अपने समर्थकों के साथ तिलरा पहुंचे और दशकर्म में हिस्सा लिया। प्रभात मंत्र से बातचीत करते हुए श्री चंद्रा ने कहा के बीते 5 सालों से सिमरिया क्षेत्र वासियों के बीच में हूं और यहां जो प्यार स्नेह क्षेत्र वासियों ने दिया है इससे मुझे और ज्यादा ऊर्जा मिलती है और समाजसेवा के लिए मैं ज्यादा समय दे पाता हूं। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय नेताओं में शुमार मनोज चंद्रा को इस बार क्षेत्र के लोग विधायक के रूप में देखना चाहते हैं यही वजह है कि मनोज चंद्रा का जहां भी छोटा-मोटा भी कार्यक्रम होता है वहां समर्थकों की भीड़ लग जाती है। मयूरहंड दौरे के कार्यक्रम में इनके साथ प्रमुख रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह समाजसेवी मधनियां गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार दांगी, विकास कुमार दास, प्रेम भुईयां, मुकेश कुमार यादव, शिक्षाविद रामसागर रविदास, मोहन कुमार राजेश कुमार दिलीप कुमार विशाल कुमार विक्की कुमार संदीप कुमार योगेश कुमार राजीव कुमार रमेश कुमार रोहित कुमार समेत अन्य समर्थक साथ में थे।



## राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर खिलाया गया दवा



**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर कुन्दा स्वास्थ्य केंद्र में लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। स्वास्थ्य केंद्र में कुन्दा मुखिया मनोज साहु ने दवा खा कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। उसके पश्चात स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित कई लोगो को दवा खिलाई गई।मौके पर उपस्थित आयुष चिकित्सक वीरेन्द्र कुमार ने सभी आम लोगो से 11 से 25 अगस्त तक फाइलेरिया की दवा खाने की अपील की है।मौके पर प्रभारी चिकित्सक डॉ कुमार संजीव, लैब टेक्नीशियन संजीव कुमार, विनेश कुमार, इंद्रदेव यादव, विजय पासवान, सुनीता टोपनो, पत्रकार संतोष यादव समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने एक पेड़ मां के नाम के तहत फलदार व छायादार पौधा लगाया



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक पेड़ मां के नाम के तहत शनिवार को भाजपा कार्यसमिति सदस्य सह चतरा लोकसभा संयोजक राजधानी यादव ने फलदार पौधा एवं छायादार पौधा लगाकर सभी को प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया है। जिसमें उन्होंने आम व बरगद का पेंड़ लगाये। पेड़ लगाने के उपरांत उन्होंने कहा कि आज कल पेंड़ पौधे बहुत ही तेजी से कटते जा रही है जिसका दुष्परिणाम हमारे प्रकृति पड़ रहा है यही वजह है कि समय पर ऋतु नहीं मिल पा रही है। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेंड़ लगाना जरूरी है।उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण करें।

# बरूरा के युवक का उड़ीसा में ट्रक दुर्घटना में मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड के बरूरा गांव निवासी विगन यादव के पुत्र रौशन कुमार(20) की शुक्रवार की सुबह में उड़ीसा में एक ट्रक दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गया है। मृतक रौशन दस चक्का ट्रक में खलासी का काम करता था। इस संबंध में मृतक के परिजनो ने बताया कि रौशन बीस दिन पहले उडीसा मजदूरी करने गया था। वही दस चक्का ट्रक में खलासी का काम करता था। उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिला अन्तर्गत बेल पहाड़ के समीप ट्रक चालक ने अचानक एक पेड़ में धक्का मार दिया।जिससे बाये ओर बैठे खलासी रौशन की मौत हो गयी है। घटना की सूचना मिलने के बाद उड़ीसा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कर परिजनो को शौप दिया है। इधर घटना की जानकारी मिलने बाद बरूरा गांव में मातम पसरा हुआ है। वही परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक का शव शनिवार को पैतृक गांव बरूरा पहुंचने की संभावना है। मौके पर मुखिया मनीष कुमार सिंह ने घटना पर शोक व्यक्त किया हैतथा परिजनो को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। शोक व्यक्त करने वालो मे प्रमोद भाई जी, गुड्डु सिंह, मो जुबैर, मो समशाद, शिवबरत यादव, केदार यादव, मो वसीम, अमरेन्द्र कुमार, अरबिन्द यादव, विशुनदेव अंगार,जुल्कर नैन समेत कई अन्य लोग शामिल है।

## एनटीपीसी में कार्यरत केरेडारी के युवक की हुई मौत, घटनास्थल पर पहुंची विधायक अंबा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** एनटीपीसी अंतर्गत केसीपीएल नामक कंपनी में कार्यरत केरेडारी प्रखंड के ग्राम केरेडारी निवासी कृष्णा पासवान की कार्य करने के दौरान दुर्घटना हो गई थी जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। सूचना उपरांत बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद घटनास्थल पर पहुंची व मृतक के परिजनों से मुलाकात किया। तत्पश्चात कंपनी के अधिकारियों से वार्ता कर उचित मुआवजा के रूप में 18 लाख रुपया, व इंश्योरेंस के लगभग 11 लाख और परिवार के एक सदस्य को नियमित नौकरी देने पर सहमति बनी। कंपनी प्रबंधन द्वारा तत्काल एक लाख देने पर सहमति बनी। वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। इस दौरान कई राजनीतिक दलों के लोग एवम् कंपनी के अधिकारी सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

## देश के हाथ को मजबूत करने के लिए अभाविप से जुड़े : रमेश उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** देशभर में चल रहा है एबीवीपी के सदस्यता अभियान को लेकर लातेहार में लगातार सदस्यता अभियान नवीं से दसवीं के छात्र के बीच में किया जा रहा है।उसी को लेकर शनिवार को रिचुघूटा के राजकीय उच्च विद्यालय में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें 100 छात्रों ने सदस्यता ग्रहण किया। छात्रों ने सदस्यता ग्रहण के समय कहा कि विद्यार्थी परिषद आज हम सभी के विद्यालय में आकर किस तरह से विद्यार्थी परिषद समाज के लिए और छात्रों के लिए काम करती है ओ जानने को मिला उसके पश्चात हम सभी ने अभाविप से प्रेरित होकर सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से प्रभावित की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामेश उरांव उपस्थित रहे। वहीं रामेश ने कहा कि जिस तरह से देश को मजबूत करने के लिए एक राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर काम करना हम सभी छात्रों को कल का भविष्य न बनाकर आज का भविष्य बनाने का विद्यार्थी परिषद के माध्यम से कर रहे हैं।

## सर्पदंश से युवती हुई अचेत

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के साल्वे ग्राम में सर्पदंश से एक युवती अचेत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रियंका कुमारी 20 वर्ष पिता रमेश उरांव ग्राम साल्वे थाना बारियातु निवासी अपने खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान एक सांप ने उसे काट लिया। जिससे वह अचेत हो गयी। घटना के बाद परिजनों के द्वारा युवती को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## वज्रपात से भैंसा की मौत, मुआवजे की मांग की

**सिमारिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के पगार पंचायत स्थित केंवटा गांव के पूर्णाडीह टोला में बज्रपात से एक भैंसा की मौत हो गई है। मृत भैंसा इसी गांव के सोमर भुइंया का था। जिसे लेकर सोमर भुइंया ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर मुआवजे की मांग किया है। श्री भुइंया ने बताया की शुक्रवार के शाम अपने घर के पास खंबे से भैंसा को बांध कर रखा था अचानक बारिश के साथ हुए वज्रपात में भैंसा की मौत हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि बरसात का मौसम है हमलोग किसान लोग है अचानक हुए इस तरह के घटना से हमलोग खेती नही कर पा रहे हैं जिससे परिवार के बीच खाने पीने को लेकर काफी समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

# एसवीएम लातेहार में धूमधाम से मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओमकार नाथ सहाय व मधु कुमारी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। रामचरित मानस की रचना करने वाले संत शिरोमणि तुलसीदास जी की जयंती को लेकर स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य ओंकारनाथ सहाय ने सभी भैया-बहनों को विद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।तुलसी जी का जीवन परिचय देते हुए उनके विषय में भैया बहनों को अभूतपूर्व जानकारियां प्रदान की, उनके जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग, रचनाएं भी सुनाई। इस दौरान विद्यालय की आचार्या मधु कुमारी ने गोस्वामी तुलसीदास के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए भैया बहनों को बताया कि भगवान राम को मर्यादा पुरुषोतम कहा जाता है। क्योंकि स्वयं राम ही इस समाज में एक ऐसे उदाहरण है जो मर्यादा को बचाएं रखें। पिता के कहने पर राजपाट छोड़कर वन को चले गए और माता सीता के चरित्र पर उंगली उठी, तो उनका पहले अग्निपरीक्षा लिया। आगे उन्होंने बताया कि राम-सीता के पूरे जीवन को तुलसीदास ने रामचरित मानस में पिरोया है। मौके पर विद्यालय के सभी भैया-बहनों के लिए सुलेख,चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी वर्गों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया -बहनों को विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।



# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में मना तुलसीदास की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य मृत्युंजय प्रसाद, संजय सिन्हा, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, अभिषेक पाठक ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। सभी धर्म को रामचरित मानस की रचना देने वाले संत तुलसीदास के जयंती को लेकर स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ने सभी भैया-बहनों को विद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।तुलसी जी का जीवन परिचय देते हुए उनके विषय में भैया बहनों को अभूतपूर्व जानकारियां प्रदान की, उनके जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग, रचनाएं भी सुनाई। इस दौरान विद्यालय के आचार्य शशि कुमार ने गोस्वामी तुलसीदास के बारे में विस्तार से विद्यालय के भैया-बहनों को जानकारी दी।भगवान राम को मर्यादा पुरुषोतम कहा जाता है। क्योंकि स्वयं राम ही इस समाज में एक ऐसे उदाहरण है जो मर्यादा को बचाएं रखा। पिता के कहने पर राजपाट छोड़कर वन को चले गए और माता सीता के चरित्र पर उंगली उठी, तो उनका पहले अग्निपरीक्षा लिया। और राम-सीता के पूरे जीवन को तुलसीदास ने रामचरित मानस में पिरोया है। वहीं आचार्य संजय सिन्हा ने दोहा व राम स्तुति प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। मौके पर विद्यालय के सभी भैया-बहनों के लिए सुलेख, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी वर्गों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया -बहनों को विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।



## भाजपा चलाएगी हर घर तिरंगा अभियान

**केरसई(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा एवं तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी। इसी तैयारी के निमित्त केरसई एवं कुरडेग मंडल भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई जिसमें प्रदेश के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के निमित्त तैयारी की समीक्षा की गई, साथ ही निर्णय लिया गया कि लोगो को प्रेरित करना है कि आजादी के अमृत महोत्सव में लोग अपने-अपने घरों पर अवश्य तिरंगा लगाएं। मौके पर नवमनोनित मंडल अध्यक्ष मानकीलाल एवं सकलराम बड़ाईक को माला पहनाकर स्वागत कर कार्यकर्ताओ द्वारा बधाई दी गयी। मौके पर हर घर तिरंगा अभियान के जिला सहसंयोजक रामविलास बधाई तुलसी कु. साहू केरसई मंडल अध्यक्ष मानकीलाल कुरडेग मंडल अध्यक्ष सकलराम बड़ाईक पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह जिला उपाध्यक्ष मानोज साय एवं प्रणव कुमार जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता गौतम कुमार बुलेश्वर प्रसाद रविन्द्र शर्मा दिनेश प्रसाद सुरेश प्रसाद कैलाश मेहर सुधीर मांझी दशरू सिंह सहित मंडल पदाधिकारी मौजूद थे।

# केरेडारी थाना क्षेत्र के एनटीपीसी सिकरी साइड ऑफिस के समीप दुर्घटना में एक व्यक्ति की गई जान

## मृतक की पत्नी को रोजगार क्रियाक्रम के लिए 20 हजार एनटीपीसी ने दिया सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी थाना क्षेत्र के बड़कागांव हजारीबाग मुख्य पथ एनटीपीसी सीकरी साईट कार्यालय के समीप तीन पेडवा आम गर्री कलां के पास दिन शुक्रवार रात्री करीब 8¬30 बजे पिंटू सोनी बाइक में सवार सड़क किनारे गिरा हुवा पेड़ में टक्करा गया, माथे में गहरी चोट लगने से दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिसका नाम पिंटू सोनी उर्फ टुनटुन सोनी उम्र लगभग 25 वर्ष पिता स्वर्गीय कीर्तन सोनी पंचायत बारियातू ग्राम गर्री खूर्द निवासी हैं। सूचना मिलते ही केरेडारी पुलिस घटना स्थल में पहुंचकर शव की अपने कब्जा में ले लिया। मृतक अपने पिछे भाई, मां, पत्नी कविता कुमारी, एवं 11 माह के छोटा बच्चा को छोड़कर चला गया। जिससे मृतक के परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बिच सड़क में रख कर मुख्य सड़क को जाम कर दिया हैं। 18 घंटा सड़क जाम रहने के बाद समझौता में एनटीपीसी के द्वारा क्रियाकर्म के लिए 20 हजार एवं पत्नी कविता कुमारी को रोजगार देने की बात कही। वही अंचल अधिकारी राम रतन कुमार बताया कि सरकार की ओर से दो लाख की मुआवजा दी जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया और जाम हटा दिया गया। घटनास्थल पर पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव पहुंचे तथा उन्होंने एनटीपीसी पर जोरदार हमला बोला और कहा कि इस सड़क में यह आम बात है एनटीपीसी की बड़ी गाड़ियां इस सड़क से चलती है जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती है लकी उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में सरकार भी मौन है और यहां पर विस्थापन आयोग तक का गठन नहीं किया गया है। वही प्रदर्शनों का रो-रो कर बुरा हाल है पत्नी एवं मां कंपनी से मुवावजे की मांग कर रहे हैं।

# केंद्रीय कृषि मंत्री से मिले हजारीबाग सांसद, कृषि विज्ञान केन्द्र हजारीबाग को कार्यात्मक करने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार को उनके दिल्ली स्थित कार्यलय सभागार में मुलाकात कर हजारीबाग कृषि विज्ञान केन्द्र व उनके कर्मचारियों की समस्या से उन्हें अवगत कराया। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया की हजारीबाग का कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) वर्ष 1985 से 2021-22 तक होली क्रॉस संस्थान के अंतर्गत कार्यरत था। होली क्रॉस संस्थान में कुछ अनियमितताओं के संज्ञान में आने के उपरांत केवीके परियोजना को पूर्णरूपेण बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड को स्थान्तरित कर दिया गया है एवं कृषि विश्वविद्यालय के हजारीबाग (गौरियाकरमा) स्थित अनुसंधान प्रक्षेत्र में स्थान्तरित किया गया है।



सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बताया की केवीके में कार्य कर रहे कर्मचारियों के पुनः बहाल नहीं होने के कारण कृषि विज्ञान केन्द्र कार्यात्मक नहीं हो पा रहा है जिससे क्षेत्र के लाखों किसान केंद्र की योजनाओं एवं नई तकनीक से वंचित हो रहे हैं। केवीके को 2 वर्षो से भी अधिक समय से कार्यात्मक नहीं होने के कारण केंद्र के सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवार अपनी आजीविका चलाने में असमर्थ है। सांसद मनीष जायसवाल ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से निवेदन किया कि क्षेत्र के लाखों किसान, ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं के हित को ध्यान में रखते हुए केंद के कर्मचारियों को पुनः पद पर बहाल करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र हजारीबाग को कार्यात्मक करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की।

# भाजपा युवा मोर्चा ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** होटल हाईवे इन में नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी के अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया की युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में 11 अगस्त को हर घर तिरंगा बांधने का कार्यक्रम, 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा समय सुबह 10 बजे होटल हाईवे इन से चारों रोड में भ्रमण, 14 अगस्त को ब्लॉक परिसर में शहीद स्मारक एवं अंबेडकर नगर में डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर सुबह 10¬00 बजे माल्यार्पण कार्यक्रम महिला मोर्चा के नेतृत्व में किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह, मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बरही पश्चिम अमित सिंह, चौपारण युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह ,आकाश जायसवाल, सुबोध केसरी ,बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, मनोज कुमार उपाध्याय, उपेंद्र प्रजापति,सत्येंद्र सिंह, अभिषेक निषाद ,राहुल राणा, अमित कुमार सिंह उर्फ छोटू, दीपक भगत, गौरव गुप्ता युवा मोर्चा महामंत्री, हितेश कुमार राज राजकुमार केशरी, राजन केशरी एवं भाजपा के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# मुन्ना सिंह ने मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के पंजीकरण शिविरों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने हजारीबाग के सदर प्रखंड में चल रहे मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के पंजीकरण शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हरहद, मोरांगी, भेलवारा, नयाखाप, पौता, और गुरहेत पंचायतों के पंचायत भवनों का दौरा किया। मुन्ना सिंह 3 अगस्त से लगातार हजारीबाग के विभिन्न पंचायतों में इस योजना को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के तहत मुन्ना सिंह के द्वारा सभी पंजीकरण शिवरों का दौरा, महिलाओं को योजना के तहत पंजीकरण के लिए प्रेरित करना, और पंजीकरण प्रक्रिया में आ रहे



कठिनाइयों का समाधान करने का कार्य किया जा रहा है। मुन्ना सिंह ने कहा, यह योजना हमारी माताओं और बहनों को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई है, और हमारी कोशिश है कि कोई भी महिला इस योजना से वंचित न रहे। हर पंचायत में यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि सभी महिलाएं अपने अधिकार और सम्मान को समझें और उसका लाभ उठाएं। इस मौके पर सदर प्रमुख गणेश प्रसाद मेहता, विकास साहू, पंचायत समिति सदस्य रवि जी, हरहद पंचायत समिति सदस्य मज़ार, पूर्व मुखिया राजन जी, और गोपाल यादव जी भी मौजूद रहे। इन सभी ने जागरूकता अभियान के तहत शिविरों का जायज़ा लिया और महिलाओं को योजना की जानकारी दी। इस अभियान का उद्देश्य हजारीबाग की हर महिला तक मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ पहुंचाना है। पंचायत स्तर पर यह शिविर न केवल महिलाओं को जागरूक कर रहे हैं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जल्द से जल्द सड़को से बालू, गिट्टी, ईट हटाना सुनिश्चित करें : नगर आयुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेंद्र लाल के निदेशानुसार नगर निगम के टीम के द्वारा सड़क किनारे बालू, गिट्टी, ईट आदि डंप करने वाले को जल्द से जल्द हटाने का निर्देश दिया गया ,साथ ही उन पर आर्थिक दंड आरोपित किया गया। सड़क पर अतिक्रमण कर बालू, गिट्टी, ईट आदि को डंप करने वालो को निदेश दिया जा रहा है कि वे स्वतंत्रता दिवस के पहले हटा लें अन्यथा उन पर आर्थिक दंड के साथ साथ उनके द्वारा डंप किये गए सामानों की जप्ती भी की जाएगी। टीम में नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार, मो महफूज आलम, हेड जमादार दीपक कुमार, तहसीलदार, मार्शल शामिल थे।

# टाटीझरिया और बरही प्रखंड में लिम्फेटिक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का हुआ शुभारंभ



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर पूरे जिले में लिम्फेटिक फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 10 से 25 अगस्त 2024 तक एमडीए- आईडीए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को टाटीझरिया प्रखण्ड और बरही प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में MDA - IVA अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ टाटीझरिया व बरही में बीडीओ, मुखिया, स्वास्थ्य केंद्र एवं प्रखण्ड कर्मी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीपप्रज्वलित कर किया। अभियान के दौरान दोनों प्रखण्ड के विभिन्न केंद्रों में फाइलेरिया से पीड़ित व्यक्ति व आमजनों को फाइलेरिया रोधी दवा आइवरमेक्टिन, डी.ई.सी. एवं एल्बेंडाजोल की एकल खुराक का सार्वजनिक सेवन कराया गया। बता दें कि उक्त कार्यक्रम के तहत लक्षित आबादी को 2 वर्ष से ऊपर के बच्चों से लेकर सभी उम्र के व्यक्तियों को यह दवा खिलाया जाना है।

# वृक्षारोपण कार्यक्रम बच्चों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाता है : जोहान टुडू



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उपलक्ष्य में सीबीएसई के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के अंतर्गत डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के द्वारा बरही अनुमंडलीय कार्यालय में एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों को अपने पर्यावरण और आसपास होने वाली घटनाओं से जोड़ते हुए उनके शिक्षा को आगे बढ़ाने की रूपरेखा तय की गई है। इसी के अंतर्गत विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में धर्मेंद्र कुमार, राजेश कुमार और डॉक्टर दीपक शरण के सहयोग से डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के बच्चों ने इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर बरही अनुमंडलीय पदाधिकारी जोहान टुडू एवं डीएसपी सुरजीत कुमार, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान को पूरा सहयोग मिला। अनुमंडलीय पदाधिकारी जोहान टुडू ने कहा कि वृक्ष हमारे लिए माता-पिता तुल्य है। डीएसपी सुरजीत कुमार ने बच्चों से कहा कि हमें पौधों से प्रेम पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। वृक्षारोपण के साथ ही बच्चों ने यह संदेश दिया कि, वृक्ष हमारे लिए कितने आवश्यक हैं।

# पटेल स्पोर्टिंग क्लब खपिया के युवाओं ने की बैठक फुटबॉल टूर्नामेंट सफल कराने पर हुई चर्चा

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत बुंडू पंचायत स्थित ग्राम खपिया के फुटबॉल मैदान में पटेल स्पोर्टिंग क्लब खपिया ( बटुका ) के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पांच दिवसीय मनी प्राइस बालक एवं बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसकी तैयारी को लेकर पटेल स्पोर्टिंग क्लब के युवाओं ने खपिया मैदान में एक बैठक की इस बैठक में पटेल स्पोर्टिंग क्लब के सचिव सह आजसु केरेडारी प्रखंड सचिव मोहन कुमार उपस्थित थे इस बैठक में टूर्नामेंट की रूपरेखा तैयार की गई ।निर्णय हुआ कि इस बार बालक के अलावा बालिका का भी फुटबॉल टूर्नामेंट होगा ।बालक वर्ग में प्रवेश शुल्क मात्र 2500 तथा बालिका वर्ग में मात्र ?151रखा गया है प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 12.08.2024 है तथा 13.08.2024 से फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता शुरू होगी। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग से कुल 16 टीम ही भाग ले सकता है जबकी बालिका वर्ग में मात्र 8 टीम रखा गया है बालक वर्ग में पहला स्थान लाने वाले टीम को 15000,कप,एवं जर्सी दुसरा स्थान लाने वाला को 11000 कप एवं जर्सी तिसरा तथा चौथा स्थान लाने वाला को जर्सी देकर सम्मानित किया जाएगा।

# मड़मो में हाथियों के झुण्ड ने घरों समेत खड़ी फसलों को पहुँचाया नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत मडमो में मध्य रात्रि को 35-40 हाथियों के झुंड ने भारी उत्पात मचाया। हाथियों के उत्पात से ग्रामीण रात भर डरे सहमे अपना घर छोड़कर रात बिताने को मजबूर रहे। इसकी जानकारी देते हुए मड़मो पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा ने बताया कि रात में हाथियों के द्वारा उत्पात मचाने से ग्रामीणों को काफी हानि हुई है। जिसमे जीवाधन महतो,हरि महतो,संजय महतो,हुलाश महतो,पुनीत महतो,सुखदेव महतो,महेंद्र तुरी,रामेश्वर तुरी,पैरों तुरी,दशरथ तुरी,जगनी देवी,लखन सोरेन,सोमर टुड्डु,दिलीप टुड्डु,भिखारी माँझी के घरों में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया घरों के दीवारे हाथियों ने तोड़कर रखे अनाजो चावल, गेंहू सब्जी सभी को चट कर गए। हाथियों ने लगी फसल मकई,सब्जियों को भी भारी नुकसान पहुँचाया। हाथियों के ग्रामीणों के घरों में अचानक हमले से किसी के हताहत होने की सूचना नही है,परन्तु आज भी लोग हाथियों के डर से सहमे हुए है। इसकी सूचना पाकर पूर्व बगोदर विधायक नागेंद्र महतो के पुत्र शशि कुमार ने हाथियों के द्वारा किये गए नुकसान का जायजा लेते हुए वनाधिकारी रेंजर से बात कर इस घटना की जानकारी दी और पीड़ितों को वनविभाग से क्षतिपूर्ति कराने की बात कही गई। शशि कुमार ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि आपलोगों को हरसंभव मदद दिलाई जायेगी ।इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा, पंसस बहराम हांसदा, जिबलाल महतो, तुलेश्वर महतो, घनश्याम महतो, ललिता कुमारी, राजेश कुमार, बंटी कुमार, रामानंद कुमार, अरविंद सिंह, शनिचर सोरेन, रूपलाल महतो समेत सैकड़ो की सँख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# डीडीसी प्रेरणा दीक्षित ने राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग में राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन 2024 की शुरुआत शनिवार को सदर अस्पताल के ओपीडी परिसर में की गई। उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित और सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उप विकास आयुक्त ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि जिले में कोई भी घर फाइलेरिया रोधी दवा सेवन से वंचित न रहे। सिविल सर्जन ने बताया कि 10 से 25 अगस्त तक सभी लक्षित आबादी को आइवरमेक्टिन, डीईसी, और एल्बेंडाजोल की एकल खुराक दी जाएगी, जबकि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और विभिन्न डेवलपमेंट पार्टनर के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# पुनर्वास कॉलोनी के लिए ग्राम सभा का सफल आयोजन, ग्रामीणों ने सौंपा 14 सूत्री मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कोयला मंत्रालय द्वारा अदाणी इंटरप्राइजेज को आवंटित गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत बनने वाले पुनर्वास कॉलोनी के निर्माण के लिए शनिवार को चंदौल स्थित पंचायत भवन में मुखिया प्रतिनिधि सनित कुमार महतो की अध्यक्षता में ग्राम सभा का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान बड़कागांव के अंचल अधिकारी बालेश्वर राम की मौजूदगी में क्रेडल (सेंटर फॉर एडवांसिंग एन्ड लॉन्चिंग एंटरप्राइजेज) एजेंसी के सलाहकारों ने ग्रामीणों को सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन (एसआईए) की रिपोर्ट के बारे में विस्तार से बताया। अधिकारियों ने कहा कि कोयला खनन परियोजना से होने वाले भू-अर्जन के कारण जो परिवार विस्थापित होंगे उनके पुनर्वास के लिए चंदौल गांव में 161.99 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। यह योजना भूमि अर्जन और पुनर्वासन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा चार के प्रावधानों के अधीन है। इससे सम्बंधित अध्ययन रिपोर्ट को ग्राम सभा के दौरान पटल पर रखा गया और नियमानुसार इस रिपोर्ट पर ग्रामीणों से राय ली गयी। इस दौरान उपस्थिति ग्रामीणों और प्रतिनिधियों ने इस पुनर्वास कॉलोनी के बनने का समर्थन किया और अपनी 14 सूत्री मांग पत्र को पढ़ कर अधिकारियों को सुनाते हुए इसे सौंपा। अधिकारियों ने सभी ग्रामीणों के मंतव्य को सुना और निवेदनों को दर्ज किया। अंचल अधिकारी ने बताया कि पुनर्वास कॉलोनी के निर्माण के लिए ग्राम सभा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर उपमुखिया मो. शमशेर अंसारी, वार्ड



सदस्य महेंद्र यादव, समाज सेवी अशेस्वर राम, वार्ड सदस्य खेमानी महतो, समाज प्रधान अग्नू महतो, होरिल महतो, विनोद यादव, मो. कलाम, अवधेश सिंह, विकास पांडेय, पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुरेश चौधरी समेत अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

**परियोजना शुरू होने से हजारीबाग को मिलेंगे रोजगार के हजारों अवसर**

खान विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अदाणी इंटरप्राइजेज के गोंदुलपारा खनन परियोजना के शुरू होने से राज्य सरकार को करीब छह सौ करोड़ रुपए का सालाना राजस्व मिलेगा, जिससे यहां का अर्थतंत्र मजबूत होगा। इसके अलावा हजारीबाग जिले में पांच से दस हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। यहां कोयला खनन शुरू होने से अवैध कोयले की तस्करी पर भी लगाम लगेगी, जिस कारण एक ओर सरकार को राजस्व में भारी फायदा मिलेगा वहीं दूसरी ओर जनहित के कार्यक्रमों में भी तेजी आएगी। उल्लेखनीय है कि झारखंड देश के प्रमुख कोयला उत्पादक राज्यों में से एक है और तकनीक से लैस अद्यतन खदानें राज्य के पर्यावरण और अर्थतंत्र दोनों के हितों के बीच संतुलन बनाए रखेंगी।

# स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक ने किया प्रेस वार्ता



## ▶ एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम का 19 को होगा समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक नीरज कुमार गुप्ता ने शनिवार को मटवारी मैदान स्थित मंडप में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में श्री गुप्ता ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का 19 अगस्त को समापन करने की बात कही। इस कार्यक्रम के तहत 19 तारीख तक 21000 पौध रोपण करने का संकल्प जिला संयोजक ने लिया था। उन्होंने बताया कि एक पेड़ अपनी मां के नाम कार्यक्रम के तहत एक व्यक्ति का संकल्प एक पेड़ अपने आसपास लगाकर वातावरण को स्वच्छ बनाने का है।नीरज कुमार गुप्ता ने 19 अगस्त दिन रविवार को 3 बजे से भक्ति जागरण कार्यक्रम भी रखा गया है। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित कई अन्य लोग शामिल होंगे। प्रेस वार्ता में सदर प्रखंड अध्यक्ष बसंत कुमार, राकेश गुप्ता, विवेक पासवान, सतीश पासवान उपस्थित हुए।

# पत्रकार संदीप ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को पोस्ट कार्ड भेज किया पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन सह भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ सदस्य टाटीझरिया आंचलिक पत्रकार संदीप पांडेय ने देश के लाखो श्रमजीवी पत्रकारों के हित के लिए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को हस्त लिखित पोस्ट कार्ड भेजकर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है। इन्होंने पत्र में लिखा है की अब तक देश में लगभग 256 फर्जी मुकदमे जानलेवा दुर्घटना हत्याएं पत्रकारों को हो चुकी है। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पत्रकारों को कहा गया है इसकी वकालत स्वयं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कई अनेक अवसरों पर की है। लोकतंत्र के हित मे पत्रकार सुरक्षित रहेंगे तभी देश की विधि व्यवस्थाए सुरक्षित रहेगा इसलिए मात्र एक उपाय पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाना है। जिससे की पत्रकारों को



निर्भीक होकर पत्रकारिता करने में सहूलियत मिल सके पत्रकार भीड़ का हिस्सा नहीं होते वे जन जन तक खबर संकलन के लिए जान जोखिम लिए कही भी अपने जान की परवाह नहीं किए बिना निरंतर कार्य कर रहे होते है। वही उन्होंने देश के सभी पत्रकारों से अपील किया है की अपने अपने प्रदेश जिला प्रखंड से राष्ट्रपति के नाम विभिन्न संगठनों से पत्रकार संगठनों के माध्यम से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने को लेकर मांग पत्र प्रेषित करे।

# झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने किया धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया (हजारीबाग) :** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आवाहन पर मनरेगा कर्मियों ने सरकार से वादा निभाओ स्थाई करो के तहत 22जुलाई 2024 से 10 अगस्त लगातार आज 20 वा दिन बेमियादी हड़ताल पर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड रोड हजारीबाग समाहरणालय परिसर के समीप बैठे है। इन्होंने अपनी मांग में पूछे जाने कहा की विभाग हमारा मांग झारखंड राज्य के मनरेगा कर्मियों की सेवा सत नियमावली सुधार कर सेवा स्थाई करण एवं वेतन मान कर प्रावधान किया जाना है।बता दे की मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से हजारीबाग जिले के 16 प्रखंडों में मनरेगा योजना का विकास की गति धीमी हो गई लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है प्रखंड सह अंचल कार्यालयों का चक्कर लगा लगा कर परेशान होते दिख रहे है। अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन के दौरान उक्त स्थल पर मनरेगा कर्मियों में टाटीझरिया बीपीओ अफरोज अख्तर,रोजगार सेवकों में संतोष राम, अरुण कुमार, दीपक राम, नेमचंद दास, दिनेश कुमार, मनोज कुमार, तुलेश्वर रविदास,लखन राम, शिवकुमार राणा,घनश्याम राम, निरंजन प्रसाद समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों से रंगदारी एवं मारपीट के मामले में एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के पटेलनगर में पीसीसी पथ निर्माण कार्य में रंगदारी मांगने और मजदूरों से मारपीट कर काम बंद कराने के आरोप में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी आलोक राज (19 वर्ष) भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के जयनगर, सौंदा डी का रहनेवाला है। उसके पास से पुलिस ने एक मोबाईल फोन जब्त किया है। वहीं मामले में शामिल एक अभियुक्त आनंद तुरी को गिद्दी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस संबंध में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में रामगढ़ पुलिस अधीक्षक





अजय कुमार ने बताया कि बीते 31 जुलाई को पांच अभियुक्तों ने भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के पटेलनगर में हो रहे पीसीसी सड़क निर्माण में लगे मजदूरों के साथ मारपीट की और निर्माण कार्य रूकवा दिया। इस संदर्भ में पतरातु थाना में कांड संख्या-204/2024. दिनाक-01.08.24, धारा-308(5)/31/3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। कांड के उद्भेदन और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू बीरेंद्र राम के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर कार्रवाई हेतु निर्देशित टीम के द्वारा इस घटना में तकनिकी साक्ष्य के आधार पर संलिप्त अपराधकर्मी आलोक राज उम्र-19 वर्ष, पिता-गुरुदयाल ठाकुर सौन्दा डी, जयनगर पतरातू (भुरकुंडा), स्थायी पता-ठाकुर मुहल्ला, बडकागाँव, हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पुछताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार किया है।

एसपी अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस को घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों का नाम-पता बताया है। ये सभी पाण्डेय गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। वहीं इस घटना में संलिप्त अपराधकर्मी आनन्द तुरी को गिद्दी थाना के पुलिस के द्वारा गिद्दी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है

छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू बिरेंद्र राम, पुलिस निरीक्षक पतरातू अंचल योगेंद्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, पुलिस अवर निरीक्षक निर्भय कुमार गुप्ता, अविनाश कुमार सहित अन्य शामिल रहे।

# जेएमएम के प्रधान कार्यालय में हेमंत सोरेन का 49वां जन्मदिन मना

**○राज्य में विकास का कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है : संजीव बेदिया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी चेक पोस्ट स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रधान कार्यालय में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष सह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 49 वां जन्मदिन केक काट कर मनाया गया। सर्वप्रथम झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार समिति के सदस्य संजीव बेदिया व केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने संयुक्त रूप से केक काटा। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अगुवाई पर राज्य का विकास निरंतर आगे बढ़ रहा है। आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार



बनाएगी। इसके पश्चात झारखंड राज्य में लोगों के लिए कई योजनाएं को धरातल पर उतारा गया है जिससे यहां के आम अवाम को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। भाजपा की केन्द्र सरकार ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फसाने का काम किया था लेकिन वें अपनी मंशा में सफल नही हो सके। इसके पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच जन्मदिन का केक वितरण किया गया। मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष हजारीबाग संजय करमाली,रुस्तम सोहराब, बहादुर मांझी, मोहन सोरेन, बिनोद हेम्ब्रोम, गणेश गंझू, पंकज हेंब्रम, दिनेश टुडू, राजेश सिंह, कृष्णा साव, संजय वर्मा, मुकेश पासवान, उदय मेहता, रमेश हांसदा, कुलदीप साव, नागेंद्र सिंह, सरोज कांत यादव, तरुण सिन्हा, संजय करमाली, गणेश यादव, नित्यानंद बेदिया, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महाकवि तुलसीदास सन्त ही नहीं एक क्रांतिकारी युगदृष्टा भी थे : मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को सन्त तुलसीदास की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना एवं बचूलाल तिवारी द्वारा सन्त तुलसीदास के चित्र पर पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान प्रभारी ने कहा कि महाकवि तुलसीदास सन्त ही नहीं बल्कि एक क्रांतिकारी युगद्रष्टा तथा समाजसुधारक थे। उनकी रचना रामचरितमानस जन-जन में प्रिय है।




इस अवसर पर विद्यालय में तुलसीदास के जीवनी पे भाषण प्रतियोगिता हुई एवं बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया साथ ही प्रांतीय सुलेख, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।वही कक्षा-द्वितीय एवं तृतीय के लिए सुलेख,चतुर्थ-पंचम के लिए चित्रकला तथा षष्ठ से द्वादश के लिए निर्धारित अलग-अलग विषयों पर निबंध प्रतियोगिता संपन्न हुई।इस प्रतियोगिता में श्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों का चयन कर प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाएगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्या डॉ गायत्री पाठक,सिम्पल कुमारी,गायत्री कुमारी,इंद्रजीत सिंह,स्वेता पंडा, ज्योति राजहंस,आरती झा,राकेश सहाय,शशि कान्त, अनूप झा आदि की प्रमुख भूमिका रही।

# झारखंड सरकार कुंभकरणीय नींद में सोई हुई है : कुमार विवेक




**○मनरेगा कर्मचारी संघ का हड़ताल धरना प्रदर्शन जारी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** मनरेगा कर्मचारी संघ का हड़ताल धरना प्रदर्शन 20 वा दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला सचिव कुमार विवेक ने किया एवं संचालन गोला के प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर महतो ने किया।इस दौरान कुमार विवेक ने कहा कि झारखंड सरकार कुंभकरणीय नींद में सोई हुई है। सरकार की नींद को हम लोगों को तोड़ना है। रामगढ़ के मनरेगा का काम पूरी तरह से ठप है ।वही कार्यकारी अध्यक्ष लाखन सिंह मुंडा ने कहा कि अबकी बार झारखंड सरकार को उखाड़ के फेंक देना है।मौके पर सुमित कुमार, राजेश कुमार दास, दिलदार महतो, प्रसादी महतो, राज कपूर राम ,इकरामउल हक, विनोद कुमार, रंजीत कुमार, रोहित कुमार,महेश प्रसाद, खुर्शीद आलम, खगेश कुमार,ललित राम, शत्रुघ्न सिन्हा, हसीब अंसारी मौजूद थे।

# कोतो मुखिया निधि सिंह के द्वारा फलदार वृक्ष वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातु :** पंचायत कोतो के पंचायत सचिवालय प्रांगन में मुखिया निधि सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों को फलदार वृक्ष का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप उपस्थित वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि प्रत्येक ग्रामीण को फलदार व छायादार वृक्ष लगाना है और प्रकृति को बचाना है। अभी फलदार वृक्ष में जामुन, शरीफा, आंवला, काजु,अमरूद का वृक्ष वितरण किया जा रहा है और बहुत जल्द छायादार वृक्ष भी वितरण किया जायेगा और पुरे पंचायत में अभियान चलाकर सभी सार्वजनिक जगहों पर वृक्षारोपण किया जायेगा। मौके पर पंचायत सचिव रणजिता कुमारी,शीला देवी,रीना देवी,मीना देवी,सैमुनिशा खातुन,पायल कुमारी, अरविंद तिवारी,अंजली सिंह,सीमा देवी,महावीर महली,बिरजू राम, प्रिन्स कुमार,सत्यम सिंह,आदि उपस्थित हुए।

# गोला प्रखंड कार्यालय में बैठक कर झंडोतोलन का समय किया गया निर्धारित

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रमुख गीता देवी की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन की समय सारिणी निर्धारित की गई। जिसमें प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सुबह 9ः00 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 9ः 30 बजे प्रखंड संसाधन केंद्र में झंडोतोलन किया जाएगा।9ः45 बजे सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में 9ः55 पुलिस निरीक्षक का कार्यालय, 10:00 बजे थाना परिसर गोला में,10ः15 बजे तहसील कचहरी बंतारा गोला में,10:30 बजे थाना परिसर बरलंगा में झंडोत्तोलन किया जाएगा।

## सरस्वती सेवा फाउंडेशन द्वारा किया गया पौधा वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन




**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह पंचायत अंतर्गत गॉव सांडी स्थित सरस्वती बगीचा परिसर में शुक्रवार को सरस्वती सेवा फाउंडेशन (एसएसएफ) द्वारा पौधा वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह फाउंडेशन एक मिशन-संचालित गैर-लाभकारी संस्था है। जिसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षित करना, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना, नए युग के कौशल को सशक्त बनाकर युवाओं को सक्षम बनाना और लैंगिक समानता के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित सरस्वती बागीचा सेवा फाउंडेशन के निदेशक चंद्र प्रकाश चौधरी, चंद्र शेखर चौधरी व भावेश कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से संस्था के बैनर तले सैकड़ो लोगो के बीच पौधों का वितरण किया गया। मौके पर उन्होंने के कि सरस्वती सेवा फाउंडेशन (एसएसएफ) ज्ञान के साधनों का उपयोग करके वंचित समुदायों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा प्रयास विशिष्ट सामाजिक आवश्यकताओं के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित और स्केलेबल समाधान बनाने की दिशा में काम करना है जो पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ और व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य हैं। उन्होंने आगे कहा कि संस्था गरीबों के उत्थान और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए कृतसंकल्प है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## परियोजना व खान प्रबंधक कार्यालय को सयाल में स्थापित करें सीसीएल प्रबंधन : संयुक्त मोर्चा

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सभी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियो ने शनिवार को सयाल डी परियोजना कार्यालय व खान प्रबंधक कार्यालय को सयाल आठ नंबर के पास स्थानांतरित करने कि मांग कि। वही संयुक्त मोर्चा ने अपनी मांग पत्र के माध्यम से कहा कि सयाल आठ नंबर के पास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय व खान प्रबंधक कार्यालय बनाने के लिए उपयुक्त मात्रा में जमीन उपलब्ध है। क्योंकि सयाल आठ नंबर मेन रोड सयाल से जुड़ा हुआ है। जिसमें सीसीएल प्रबंधन चाहे तो और भी अन्य कार्यलय बना सकती है। वहीं यहां पर कार्यालय बनाने से मजदूरो कि सभी समस्याओ का समाधान और कार्यलय पहुंचने में आसानी होगी। वहीं इस मौके पर बासुदेव साव, सतीश सिन्हा, अर्जुन सिंह, सदानंद सिंह, विनोद कुमार, सतेन्द्र सिंह, बृजनंदन पासवान,ललन सिंह, संजय यादव मौजूद थे।

# बड़कगॉव विधानसभा क्षेत्र 24 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण होगा : महेंद्र महतो



**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में 22 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से लगभग 24 किलोमीटर ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की निर्माण की स्वीकृति ग्रामीण कार्य विभाग रांची द्वारा मिला है। जो सड़के की स्वीकृति मिली है।(1)केरेडारी प्रखंड के तरवां से हेन्देगीरो होते हुए पाताल तक लागत 18 करोड़ 70 लाख लंबाई लगभग 20 किलोमीटर (2)पतरातू प्रखंड के ग्राम लोवाडिह रेलवे ओवर ब्रिज से लखन बेदिया के घर होते हुए वीर मोहन करमाली के घर तक पथ निर्माण लागत 2 करोड़ 20 लाख लंबाई लगभग 2.50 किलोमीटर (3) बीजा पंचायत में लालू करमाली के घर से नारायण बेदिया के घर तक भाया कृष्ण वेदिया के घर तक पथ निर्माण लागत एक करोड़ 50 लाख लंबाई 1.50 किलोमीटर इन सभी ग्रामीण सड़कों के निर्माण होने से इन अति सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को यातायात की सुलह सुविधा प्राप्त होगी।


पत्रांक ............/पर्य०

**जिला क्रीडा पदाधिकारी, लातेहार**

**(जिला पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**

Email Id- dsoltr2020@gmail.com

**आम सूचना**

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति सं0 97 दिनांक 26.07.2024 के माध्यम से जिला फाउण्डेशन ट्रस्ट(DMFT), लातेहार के द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखण्डों के पर्यटन स्थलों में Electric Vehicle Charging Stations (EVCS) के लिए दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से ईच्छा की अभिव्यक्ति R.F.P/ निविदा के माध्यम से एजेंसी/आपूर्तिकर्त्ता का चयन करने हेतु दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। जिसका PR NO. 330911 है। जिसमें निविदा खोलने कि तिथि 06.08.2024 को 03:00 बजे अप0 में निर्धारित किया गया था। को अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए पनु: 13.08.2024 को 03:00 बजे अप0 निर्धारित किया गया है।

जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, लातेहार

PR.NO.332369 Tourism, Art Culture Sports (24-25):D



**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**

(Govt. of Jharkhand Undertaking)

JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.

Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com

CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/Jamtara/UWSS/24/623Date: 08/08/2024

Tender ID: - 2024_UDD_88969_1PR No.: 331046

**Corrigendum- 1**

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 1 is released for tender having details as mentioned above for the project of **"Jamtara Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance"**. The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-

Project Director (Technical)

JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 332403 Urban Development and Housing(24-25)D


# गुडविल मिशन स्कूल में 15 अगस्त की भव्य तैयारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के तिरला स्थित गुडविल मिशन स्कूल, गोला में 15 अगस्त की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। स्कूल के बच्चे और शिक्षक मिलकर इस महत्वपूर्ण दिन के लिए जोश और उत्साह से भरे हुए हैं। स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्पीच, नाटक, नृत्य, पोस्टर मेकिंग एग्जिबिशन, देशभक्ति गीत, परेड और अन्य गतिविधियाँ शामिल हैं।

बच्चों को इस कार्यक्रम की तैयारी करवाने में स्कूल के सभी शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बच्चों में इस तैयारी को लेकर बहुत उत्सुकता है, और वे हर गतिविधि में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। विद्यालय के डायरेक्टर दाऊद आलम ने स्कूल में चल रही तैयारियों का जायजा लिया और बच्चों के उत्साह की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों को देखकर संतोष व्यक्त किया और कहा कि यह दिन हमारे बच्चों और देश के लिए गर्व का क्षण होगा।

इस तैयारी को सफल बनाने में वाइस प्रिंसिपल विवेक कुमार मेहता, एचओडी असजद रजा, और विद्यालय के आदरणीय शिक्षकगण रोहित कुमार मेहता, बबीता देवी, बेबी तबस्सुम, आशा देवी, पूनम देवी, आफिया ईफत, प्रिया कुमारी, और कृष्ण कुमार जी की अहम भूमिका रही है।

गुडविल मिशन स्कूल में हो रही 15 अगस्त की इस जोरदार तैयारी ने सभी का दिल जीत लिया है। बच्चों और शिक्षकों का यह उत्साह देखकर यह स्पष्ट है कि इस बार 15 अगस्त का आयोजन बेहद खास और यादगार रहेगा।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (सामान्य शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा याचिका W.P.(S) No- 4362/2022 भगवान महतो –बनाम–झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–17.07.2023 को पारित आदेश तथा गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड राँची के अधिसूचना संख्या–2032 दिनांक–07.04.2015, अधिसूचना संख्या–4998, दिनांक–19.09.2019 एवं अ०स०प० संख्या–17/कोर्ट केस–10/2019 536, दिनांक–29.01.2020 के आलोक में दिनांक–23.07.2018 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में गुमला जिले में ग्रामीण चौकीदार के कुल–226 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा दिनांक–11.08.2024 को निर्धारित था। प्रवेश पत्र का वितरण प्रतिदिन संबंधित प्रखण्ड/नगर पालिका एवं डाक घर के माध्यम से किया जा रहा है। लेकिन डाक घर के माध्यम से ससमय प्रवेश पत्र का वितरण नहीं करने के कारण परीक्षार्थियों के द्वारा परीक्षा तिथि में परिवर्तित करने का अनुरोध किया गया, साथ ही कुछ परीक्षार्थियों के द्वारा बतलाया गया कि दुरस्थ क्षेत्रों में निवास करने के कारण अखबार या इंटरनेट का सुविधा नहीं होने के वजह से दावा आपत्ति के लिए दिये गये समय को नहीं देख पाये। पुनः दावा आपत्ति के लिए समय देने का अनुरोध किया गया।

निदेशानुसार परीक्षार्थियों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए पुनः दावा आपत्ति हेतु दिनांक–**12.08.2024** तक समय दिया जाता है, एवं परीक्षा की तिथि दिनांक–**11.08.2024** को स्थगित करते हुए दिनांक–**18.08.2024** को निर्धारित किया जाता है।

**नोटः–** 1. जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र प्राप्त हो गया है उसी प्रवेश पत्र के आधार पर दिनांक–18.08.2024 को परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

2. प्रवेश पत्र संबंधित प्रखण्ड/नगर पालिका/से समय पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 2:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। अन्य जानकारियां प्राप्त करने हेतु गुमला जिला के Website www.gumla.nic.in में देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन,
प्रभारी पदाधिकारी,
जिला सामान्य शाखा, गुमला

PR 332401 District (24-25)_D



**कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –01/2024-25**

जिला परिषद् सिमडेगा में निबंधित संवेदकों से मुहरबंद निविदा आमंत्रितकी जाती है। जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा मे वर्णित शर्तों के साथ अंकित की जायेगी।

1. विभाग का नाम :– जिला परिषद सिमडेगा
2. विज्ञापनदाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 17.08.2024 से 27.08.2024 तक (कार्यालय अवधि में अपराह्न 2:00 बजे तक )
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 28.08.2024 (पूर्वाह्न 11.00 बजेसे 1:30 बजे अपराह्न तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–28.08.2024 (अपराह्न 2:30 बजे )
6. परिमाण विपत्र की बिक्री कास्थान :–कार्यालय, जिला परिशद, सिमडेगा।
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय, जिला परिशद, सिमडेगा।
8. कार्य विवरणी :–

| ग्रुप/क्र.सं. | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बांसजोर | प्रखण्ड बांसजोर जी. ई. एल. मध्य विद्यालय, बराई बेड़ा पंचायत उरते में शौचालय एव डीप बोरिंग निर्माण । | 17,78,470.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 2 | बांसजोर | आर. सी. मध्य विद्यालय, सजबहार, कछुपानी, पंचायत उरते में डीपबोरिंग निर्माण। | 17,78,910.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 3 | बोलबा | अवगापोड़ खेर जी0ई0एल0 चर्च के पास डीप बोरिंग सह शौचालय निर्माण। | 17,78,260.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 4 | ठेठाईटांगर पश्चिमी | दुमकी पंचायत आर0 सी0 प्र0 वि0 दुमकी में शौचालय एवं सौर ऊर्जा जलापूर्ति निर्माण। | 17,93,190.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 5 | जलडेगा | जलडेगा प्रखण्ड अंतर्गत आर0 सी0 मध्य विद्यालय पति अम्बा में सोलर जलापूर्ति एवं शौचालय निर्माण । | 17,76,150.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 6 | सिमडेगा | सिमडेगा प्रखण्ड के रावन खोल में सोलर जलापूर्ति निर्माण। | 7,74,140.00 | 16,000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 7 | बोलबा | बोलबा प्रखण्ड के सरई जोर, छुरिया टोली में डीप बोरिंग सौर उर्जा जलापूर्ति निर्माण । | 7,74,140.00 | 16,000.00 | 1250.00 | 90 दिन |
| 8 | सिमडेगा | पंचायत–जोक बहार ग्राम सुतराम (पहाड़ी दुर्गम क्षेत्र) डीप बोरिंग सह सोलर पेयजल आपूर्ति निर्माण । | 7,74,140.00 | 16,000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 9 | ठेठईटांगर पश्चिमी | केनपाला कोंगसेरा बसार स्कूल मे सौर ऊर्जा जलापूर्ति निर्माण। | 17,90,620.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 10 | केरसई | संतअन्ना मध्य विद्यालय, टैंसेर डीप बोरिंग, सोलर जलापूर्ति एवं शौचालय निर्माण। | 17,91,260.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 11 | बानो | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डोलडाड़ी, रोमजोल पंचायत–बांकी, प्रखण्ड–बानो में पेयजल आपूर्ति निर्माण । | 17,93,580.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 12 | केरसई | प्रखण्ड केरसई के कोरकोटजोर जितिया टोली में थोमस बाड़ा के घर से अलोईस टोप्पो के घर तक 550 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 8,39,986.00 | 17,000.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 13 | पाकरटांड़ | सोगड़ा पेठियार टोली में 800 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 12,38,664.00 | 25000.00 | 2500.00 | 60 दिन |
| 14 | कुरडेग | हेठमा पंचायत चापाबारी में सीतारा ममांझी के घर से बारो खोइर खिरोधर बैगा के घरतक 1500 फीटका पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 23,19,046.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 15 | कोलेबिरा | नवा टोली पंचायत में बुधुमुण्डा के घर से दुमकी टोली जाने वाला रोड 1620 फीट पी0सी0सी0 पथ ।निर्माण । | 24,99,331.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 16 | बानो | ग्राम : डोलडाड़ी, रोमजोल, पंचायत–बांकी, प्रखण्ड–बानो काली करण रोड से सी0एन0आई0 चर्च से होकर गिरजा टोली डोलडाड़ी तक 1100 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 17,19,620.00 | 35,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 17 | ठेठईटांगर पूर्वी | ठेठईटांगर में शवदाह स्थान मे प्लेट फार्म निर्माण । | 16,32,301.00 | 33,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 18 | सिमडेगा | बंगरू पंचायत खुंटी टोली से तामड़ा जाने वाले पथ खुंटी टोली तामड़ा मोड़ सेमुन्स बंगला तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण । | 16,17,420.00 | 33,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |

निविदा शर्ते www.simdega.nic.inएवं कार्यालय जिला परिशद्, सिमडेगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता, जिला परिषद्, सिमडेगा।

PR.NO.332368 Simdega(24-25):D

# अंतिम पंक्ति में खड़ी महिलाओं को भी मिलेगा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ : अनुपमा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जियलगोड़ा स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह से गुलगुलिया बस्ती झरिया की महिलाओं ने झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में हो रही समस्याओं से अनुपमा सिंह को अवगत कराया। अनुपमा सिंह ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ी कमजोर असहाय महिलाओं को मंइयां सम्मान योजना का लाभ अवश्य मिले, इस दिशा में वे प्रयास करेंगी। कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन गठबंधन सरकार ने झारखंड के गरीब मध्यम वर्गीय आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए ही आर्थिक सहायता देकर सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके। यही सरकार का उद्देश्य है। यह लाभकारी योजना अंतिम कमजोर महिला तक पहुंचे यही सरकार की प्राथमिकता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए जो आहर्ताएं रखी गई हैं, वह बहुत ही सरल है। उक्त मौके पर जिला कांग्रेस महासचिव किशोर कुमार तथा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका आदि उपस्थित थे।

## झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

# धनबाद में 97102 आवेदनों की हुई ऑनलाइन इंट्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को योजना से अच्छादित करने के लिए जिले के बाघमारा, बलियापुर, गोविंदपुर, कलियासोल, निरसा, पूर्वी टुंडी, तोपचांची, टुंडी, धनबाद, झरिया, पुटकी के साथ साथ धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद में शिविरों का आयोजन किया गया। सुबह से ही महिलाओं की भीड़ केंद्र व शिविरों में जुटने लगी थी। संध्या 5:30 तक धनबाद जिले में 97102 आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री की गई।




# तीन घंटे के अंदर हुआ चोरी कांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आवेदक गौतम मंडल, उम्र 30 वर्ष, पिता स्व विनोद मंडल, ग्राम चैता, थाना हरिहरपुर, जिला धनबाद के द्वारा हरिहरपुर थाना आकर एक लिखित आवेदन देते हुए बताया गया कि दिनांक 09.08.2024 को सुबह में करीब 06.00 बजे अपनें घर के बाड़ी में गये तो देखा कि बाड़ी में स्थित कुँआ का पानी खिचनें वाला मोटर नहीं है, जिसे अज्ञात चोरों द्वारा काट कर ले जाया गया है। इन्होनें अपने स्तर से चोरी गये मोटर पम्प के बारे में पता करने का प्रयास किया परंतु नहीं मिलनें पर थाना आकर लिखित सुचना दिया। लिखित सुचना मिलने पर अविलंब दिनांक 09.08.2024 को हरिहरपुर थाना कांड संख्या- 58/ 2024, दिनांक- 09. 08. 2024, धारा- 303(2) भारतीय न्याय संहिता-2023 के अंतर्गत अज्ञात चोर के विरूद्ध कुँआ में लगा पानी का मोटर चोरी करनें के आरोप में दर्ज किया गया।

चोरी का मामला होनें के कारण मामले के गम्भीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा के नेतृत्व में कांड के उद्भेदन हेतु छापामारी दल का गठन किया गया तथा कांड प्रतिवेदित होने के 03 घंटे के भीतर घटना में संलिप्त दोनों अपराधकर्मीयों और चोरी किये गये मोटर पम्प को छापामारी दल द्वारा बरामद कर कांड का उद्भेदन कर लिया गया है। दोनो अप्राथमिकी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# डिनोबिली एफआरआई में 33वां इंटरनोबिलियन संभाषण प्रतियोगिता समारोह का हुआ आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डिनोबिली एफ.आर.आई डिगवाडीह में 33वां इंटरनोबिलियन संभाषण, आशु भाषण, वादविवाद, कथा वाचन प्रतियोगिता समारोह का आयोजन स्कूल के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिनोबिली स्कूल के डायरेक्टर पी. फर्नांडीज एस जे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर हुआ। कार्यक्रम के आरंभ मे स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर थॉमस एस. जे. सी. जी ने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा यह प्रतियोगिता छात्रों के विचारों को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। इस प्रतियोगिता में कुल 9 विद्यालय से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता को पांच भागों में विभाजित किया गया जहां सभी प्रतिभागियों के लिए उचित व्यवस्था की गई थी। विद्यालय द्वारा उनके खान-पान की भी उचित व्यवस्था थी। अंत में विजेता छात्रों की घोषणा की गई और उन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया । भूरे प्रतियोगिता के ओवरऑल चैंपियन डिनोबिली स्कूल सी.एम.आर.आई रहा। विद्यालय के प्लस टू कोऑर्डिनेटर सुरेश चक्रवर्ती द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। अंत में राष्ट्रगान द्वारा प्रतियोगिता का समापन हुआ।

# डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई ने किया इंटर हाउस देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह के मार्गदर्शन एवं सी.सी.ए इंचार्ज मौसमी बनर्जी की देख रेख में डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में इंटर हाउस देश भक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में स्कूल के चारों सदनों से 48 बच्चों ने भाग लिया, जिसे तीन वर्गो में विभाजित किया गया। प्रथम वर्ग में कक्षा III से V तक, दूसरे वर्ग में कक्षा VI से VIII तक तथा तीसरे वर्ग में कक्षा IX से XII तक के बच्चे शामिल हुए। इन बच्चों ने जिस उत्कंठता से अपनी देशभक्ति की भावना गाकर व्यक्त की है, इस आधार पर कहा जा सकता है कि इस देश से देशभक्ति की भावना कभी मर नहीं सकती। स्कूल की प्राचार्या ने बच्चों की भावना का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि बिना देश भक्ति के जीवन व्यर्थ है। उन्हें खुशी है कि उनके बच्चों में देश प्रेम कूट-कूट कर भरा है। निर्णायक मंडली में वरिष्ठ शिक्षक देवदास राहा, दीपानविता पौल एवं सोमनाथ चटर्जी रहे। अंतिम निर्णय दिनांक 14 अगस्त 2024 को घोषित किया जाएगा। मौके पर दयानंद सदन के मास्टर दिलीप कुमार गुप्ता, हंसराज सदन के मास्टर अमोद कुमार झा, श्रद्धानंद सदन के मास्टर सुनील कुमार शर्मा, बिरजानंद सदन के मास्टर सत्य प्रकाश आदि उपस्थित थे।

# टुंडी के गुलियांडीह में डायरिया से 15 लोग बीमार



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के गुलियाडीहगांव बर्षा के दस्तक पड़ते ही में डायरिया ने पांव पसार दिया है क़रीब पन्द्रह लोगों को अपने चपेट में लेने का समाचार प्राप्त हुआ है। प्राप्त समाचार के अनुसार गुलियांडीह गांव में अचानक डायरियां ने करीब पन्द्रह लोगों को अपना शिकार बना लिया है जाताखूंटी मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेंब्रम के कठिन परिश्रम से तत्काल 108 एम्बुलेंस से सभी मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टुंडी में भर्ती करा दिया गया है जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार की देखरेख में सभी मरीजों का ईलाज किया जा रहा है हालांकि कुछ मरीज बेहतर ईलाज के लिए प्राईवेट अस्पतालों की शरण में चले गए हैं। करीब पन्द्रह मरीजों को डायरियां ने अपने चपेट में लिया है वह इस प्रकार है बुन्दिया देवी, पुष्पलता देवी,सुनील यादव, सहोन्ती कुमारी, कौशल्या देवी, अंजलि कुमारी, आदित्य कुमार,मुकेश भोगता, चन्दन भोगता, शनिचरी देवी, कलावती देवी,मोहनी देवी,सोनम कुमारी,पथरी देवी सभी लोग फिलहाल ख़तरे से बाहर है एवं ईलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि बर्षा शुरू होते ही गांवों में डायरिया जैसे बिमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है हालांकि सी एच सी टुंडी ने ऐसे बिमारियों से निपटने के लिए पूर्व में ही तैयारियां पूरी कर ली हैं। पूछने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार ने बताया कि ख़ास तौर पर बर्षा के दिनों में डायरियां का दस्तक होता है जिससे निपटने के लिए सी एच सी टुंडी ने वैकल्पिक व्यवस्था से सुदृढ़ रूप से कर लिया है ज्यादा घबराने जैसी बात नहीं है।

# गिरिडीह में माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यस्थल पर किया कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में शनिवार को झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ, झारखण्ड प्रदेश के आह्वान पर गिरिडीह जिला के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यस्थल पर कार्य किया। विदित हो कि झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ शिक्षकों को एम ए सी पी लागू करने, कार्यरत शिक्षकों के वरीयता के आधार पर प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति देने की माँग करता रहा है। हाल हीं में SOE और BLAV विद्यालयों में पदस्थापन एवं प्रतिनियोजन की प्रक्रिया के विसंगतियों को दूर करने की मांग करता है। संघ के आह्वान पर सैकड़ों विद्यालय में शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया है। अल्पकाल की सूचना में इस आह्वान को सफल बनाने के लिए जिले के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों के प्रति संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रमणि प्रसाद और जिला सचिव मोहम्मद अख्तर अंसारी ने आभार प्रकट किया है। आज के एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने में जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने बहुत मेहनत की है, संघ उन सबके प्रति भी आभार प्रकट करती है। संघ के जिला अध्यक्ष ने आज के कार्यक्रम की सफलता पर शिक्षकों के समर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि यदि सरकार हमारी मांगों को पर विचार नही करती है तो आने वाले दिनों में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलाया जाएगा। जिला सचिव अंसारी ने आज की अभूतपूर्व सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए शिक्षकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दुहराते हुए कहा कि संघ शिक्षकों की समस्या के निदान लिए सदा तैयार है। सरकार अगर हमारी माँगों पर सक्रियता नही दिखाती है तो प्रखंड से लेकर राज्य तक आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने बताया की एमएसीपी के मामले में झारखंड सरकार शिक्षकों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार ना करें अन्यथा उग्र होगा आंदोलन।

# महाप्रबंधक ने पाटलिपुत्र-सेमापुर रेलखंड के विंडो ट्रेलिंग का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पाटलिपुत्र-सेमापुर (वाया हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी) रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया ।

इस दौरान उन्होंने इस रेलखंड के मध्य रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, समपार फाटक, ओएचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े विविध पहलुओं का गहन मुआयना किया। महाप्रबंधक निरीक्षण के क्रम में कटिहार स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने रनिंग रूम का जायजा लिया तथा रेलकर्मियों से बात कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से अवगत हुए। इसके उपरांत महाप्रबंधक थानाबिहपुर स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने रेलकर्मियों के उपयोग हेतु सोनपुर मंडल द्वारा विकसित मल्टी यूटिलिटी सुपर एप ''सोनपुर कनेक्ट'' का लोकार्पण किया।

इस ऐप के माध्यम से सोनपुर मंडल के रेलकर्मी समस्त सूचना एकीकृत रूप से एक ही प्लेटफार्म पर तत्काल प्राप्त कर सकते हैं। निरिक्षण के क्रम में महाप्रबंधक बरौनी जं. पहुंचे जहां मंडल रेल प्रबंधक सोनपुर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बरौनी स्टेशन का यार्ड प्लान पर विचार विमर्श किए तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महाप्रबंधक महोदय ने संयुक्त क्रू लॉबी, बरौनी का भी निरीक्षण किये और उन्होंने संरक्षा संबंधी रजिस्टर का बारीकी से जायजा लिये एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ।

इस दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज दानापुर मंडल के राजेंद्रपूल स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया और चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिये । इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर जयंत कुमार चौधरी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# गिरिडीह में धावा दल द्वारा दो बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह ज़िले में पैन - इंडिया बाल मज़दूर रेसक्यू एवं पूनर्वास अभियान के तहत उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार धावा दल द्वारा गिरिडीह जिला अंतर्गत चिरकी प्रखंड के विभिन्न प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों आदि का निरीक्षण किया गया। जहाँ बाल श्रमिक रखे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसी कड़ी में गौरव फास्ट फूड कॉर्नर पिरटांड गिरिडीह तथा सहाबुद्दीन ऑटो पार्ट्स चिरकी पिरटांड में नियोक्ता द्वारा बच्चों से काम कराते हुए देखा गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बच्चे चाय बनाने,ग्लास, कप, प्लेट धोने, बाइक की मरम्मत व साफ सफाई के काम मे लगे हुए थे। रेस्क्यू किए गए दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। धावा दल में श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बसंत नारायण महतो, जिला बाल संरक्षण इकाई से सोभा कुमारी, बचपन बचाओ आंदोलन नीति आयोग के जिला समन्वयक अंजली बिन, एक्सेस टू जस्टिस, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम के प्रबंध निदेशक निकेश कुमार, सीएसडब्ल्यू रूपा कुमारी, उत्तम कुमार एवं पीरटांड़ थाना के पुलिस बल इत्यादि शामिल थे। आम नागरिकों को भी बचपन को बचाने के लिए आगे आने की जरूरत है। आम नागरिक बालश्रम की शिकायत टॉल फ्री नम्बर 18003456526 एवं 1098 पर दें।

# वनरक्षी नारायण महतो नहाने के दौरान डूबा

## नारायण महतो की दामोदर नदी के पानी में खोज बिन है जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**महुदा :** धनबाद जिला के महुदा थाना क्षेत्र के दामोदर नदी बागड़ा घाट में नहाने के दौरान वनरक्षी (वन विभाग) डूब गया। बताया जाता है कि सोमवार की शाम अपने गांव से किसी के अंतिम संस्कार के लिए दामोदर नदी गया था।

वनरक्षी नारायण महतो जो चरकीटांड़, महुदा निवासी है। सोमवार शाम को दामोदर नदी के तेज धार में बह गया। गांव के मौजूद लोगों ने नदी में जाकर काफी खोजबीन किया, परन्तु कहीं उनका पता नहीं चल सका। रात भर खोजबीन जारी था। घटना की सूचना पाकर जिला फोरेस्ट विभाग की टीम एवं महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार नदी किनारे पहुंचे।. नारायण महतो डीएफओ कार्यालय में कार्यरत थे, वह पिछले वर्ष ही विवाह बंधन में बंधे थे. एक माह एक पुत्री है और नारायण अपने माता पिता का इकलौता पुत्र है। मंगलवार को दामोदर नदी में खोज बिन जारी था वही भौरा दामोदर नदी घट से बागड़ा घाट तक लोग खोज बिन में लगे हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक नारायण महतो का कुछ पता नहीं चल पाया है।

# तोपचांची झील के पानी को फिल्टर करा कर सप्लाई किया जाए : ब्रजेंद्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, सदस्य मदन महतो, शमशेर आलम, राजू प्रमाणिक ने जनता की शिकायत पर तोपचांची झील पहुंच कर झील का जायजा लिया और वहां के कुछ कर्मचारियों से भी बात किया। निरीक्षण के बाद सिंह ने बताया की कतरास, सिजुआ, छाताबाद, तेतुलमारी, पांडेडीह आदि जगहों पर जो तोपचांची झील से पानी सप्लाई होता है, वह पीने लायक तो क्या स्नान करने लायक भी नही लगता है। मिट्टी से घुला हुआ पानी को सप्लाई किया जा रहा है। फिल्टर हो नहीं पा रहा है जिसके चलते हजारों हजार जनता परेशानी का सामना कर रही है। कतरास क्षेत्र में बहुत से घरों मे लोग सील बंद बोतल का पानी सेवन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में नगर निगम का यह कर्तव्य बनता है की अविलंब सप्लाई होने वाले पानी को फिल्टर कराया जाए और गुणवत्ता देखने के बाद ही अच्छा पानी सप्लाई किया जाए। बृजेंद्र सिंह ने नगर आयुक्त धनबाद और उप विकास आयुक्त से दूरभाष से बात करके पानी की सप्लाई और उसके गुणवता की शिकायत की है।

# स्वच्छ हवा के लिए कैनवास पेंटिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## साथी फाऊंडेशन के बच्चों ने भाग लेकर लगाया चार चांद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** स्वच्छ हवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं की पहल को आम नागरिकों का साथ मिलने लगा है। धनबाद के लोग अपने शहर की हवा को स्वच्छ बनाए रखने की पहल में आगे आए हैं। नगर निगम की ओर से पर्यावरण उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को गोल्फ ग्राउंड में शहर के आम नागरिक, खासकर बच्चों का जुटान हुआ।

यहां जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष कैनवास पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन में शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों बच्चों ने हिस्सा लिया। स्थानीय गैर सरकारी संगठनो के सदस्य शामिल हुए, जिसमें साथी फाउंडेशन और आशा किरण युवा संस्थान प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने एक 200 फीट लंबे कैनवास पर रंग-बिरंगी पेंटिंग की, जो स्वच्छता और हरे-भरे वातावरण का संदेश देती है। कार्यक्रम के अंत में धनबाद के नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि, स्वच्छता सिर्फ एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज और पर्यावरण के प्रति सब की जिम्मेदारी भी है। इस प्रकार के कार्यक्रम हमें एकजुट करते हैं और पर्यावरण की रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सशक्त बनाते हैं। वहीं साथी फाऊंडेशन के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम ने कहा की इस कार्यक्रम मे बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से स्वच्छ हवा के महत्व को उजागर किया और लोगों को एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित किया। उन्होंने वायु प्रदूषण को कम करने के उपायों को सबके जीवन में अमल करने की बात कही। मौके पर सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, नगर प्रबंधक सुमित विवेक तिग्गा, एनसीएपी के सलाहकार प्रमोद सिंह, असर संस्था के प्रतीक कुमार, सत्यम झा, साथी फाऊंडेशन के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# प्रेमदीप फिजियोथैरेपी मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक की हुई शुरूआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत बोड़ो में लम्बे समय तक दिल्ली के एमएसएस हॉस्पिटल में बतौर एचओडी योगदान देने के बाद विगत कई वर्षो से गिरिडीह में सेवा दे रहे यहां के प्रसिद्ध फिजीयो चिकित्सक डॉ अमरदीप कुमार द्वारा बोड़ो में संचालित प्रेमदीप फिजियोथैरेपी मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक की शुरूआत की है। जो अत्याधुनिक सुविधा व उपकरणों से लैस है। जहां फिजियो संबंधी सभी बीमारियों का इलाज बहुत ही सहजता से किया जाता है। बहुत ही कम खर्च में यहां डॉ अमरदीप के द्वारा लकवा, पार्किंसन, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी, चेहरे का लकवा, फ्रोजन शोल्डर, स्क्लेरोसिल न्यूरो संबंधी बीमारियां का बहुत ही सरलता से इलाज किया जा रहा है। साथ ही हड्डी, नस व जोड़ से संबंधित रोग जैसे घुटनों का दर्द, कमर का दर्द, गर्दन का दर्द, साइटिका, कमजोर हड्डियां, गद्दी का घिसना वगैरह का इलाज सफलतापूर्वक किया जाता है।



प्रभात मंत्र संवाददाता से बातचीत के क्रम में डॉ अमरदीप ने बताया कि मैरठ के चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी से आर्थो और न्यूरो में मास्टर डिग्री प्राप्त करने के बाद वे दिल्ली चल गए। जहां एमएसएस हॉस्पिटल में बतौर एचओडी 12 वर्षो तक सेवा देने के बाद वापस उन्हें अपनी जन्मस्थली भूमि गिरिडीह खींच लाई। उसने कहा कि गिरिडीह से बहुत संख्या में लोग साइटिका, बैकपेन, लकवा, घूटनों का दर्द सरीखे रोग से परेशान बाहर जाकर इलाज करा रहे थे यहां कोई साधन नहीं था। जहां उन्हें काफी खर्च वहन करने के साथ साथ काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। जिसे देखते हुए वे अपनी सेवा देने के लिए गिरिडीह लौट आए है और प्रेमदीप फिजियोथैरेपी मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक की शुरूआत की जो गिरिडीह के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। जहां बहुत ही कम खर्च पर उनके द्वारा आर्थो रिहैब, गायनी रीहैब, पेडिस रिहैब, न्यूरो रिहैब, स्पोर्ट्स इंजुरी का भी उपचार किया जाता है। बताया कि कपिंग, ड्राई नीडलिंग, ओस्टियोपेथी, काइरोप्रेक्टिक, सस्पेंशन थेरेपी, लेजर थेरेपी सहित कई आधुनिक उपकरणों के माध्यम से इलाज किया जाता है। डॉ अमरदीप ने बताया कि बोड़ो में संचालित प्रेमदीप फिजियोथैरेपी मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक में मुंबई की प्रसिद्ध फिजियो चिकित्सक डॉक्टर पूजा शर्मा अपनी सेवा दे रही हैं। इस क्लीनिक में शॉक वेव, सस्पेंशन थेरेपी, एस डब्लु डी, क्लास 4 लेसर, हइलो टिल्ट टेबल, ट्रैक्शन, पैरेलल बार, इस्टम टूल, स्पाइन एडजस्टइंग टूल गन, डॉयनीडलिंग, कपपिंग थैरेपी, पीएनएफ के माध्यम से बिना किसी दवा के साईड इफ़ेक्ट के स्वस्थ हो रहें है और सभी सुविधाएं यहां उपलब्ध है।

# कैरो प्रखंड कार्यालय में डालसा के तत्वावधान मे आयोजित विधिक कैम्प पर परिसम्पत्तियों का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 10 अगस्त शनिवार को कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन मे डालसा द्वारा आयोजित मेगा लिगल विधिक सशक्तिकरण कैम्प का किया गया आयोजन। कैम्प मे बतौर मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (सीजेएम) श्री कृष्ण कान्त मिश्रा विशिष्ट अतिथि डालसा सहायक प्रवीण कुमार भारती,प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छृन्दा भट्टाचार्य ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत् रुप से कैम्प का किया उद्घाटन। मौके पर कैम्प को सम्बोधित करते हुए सीजेएम ने कहा कि इस प्रकार के कैम्प के आयोजन का उद्देश सरकार के द्वारा संचालित वैसी योजनाएँ जो आपका जो हक और अधिकार है जिसे जागरुकता के अभाव मे आप तक नहीं पहुँच पाता उन सबको जागरुक करने अर्थात जो आशक्त या 10 हैं उन्हें सशक्त या मजबुत करने, कानूनी रूप से लोगों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से कैम्प का किया जाता है आयोजन। उन्होने कहा कि पूरे देश 720 जिलों मे डालसा इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करती है। यह न्यायालय का समाजिक विभाग है जो सर्वप्रथम 1987 मे जस्टिस भगवती शाह के द्वारा लागू किया गया था। जिले मे 04 प्रमुख व्यक्ति जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं राज्य स्तर के सचिव इस विधिक प्राधिकरण के स्थायी सद्स्य होते हैं। उन्हौंने कहा कि समाज के वैसे लोग जिनकी आय सलाना 300000/- तीन लाख से कम हो विधिक सेवा प्राधिकार की धारा (12) (क) के अनुसार प्राधिकरण के तहत सहायता मुहैया करायी जायेगी। कैम्प के माध्यम से 05 एसएचजी ग्रुप के लोगों के बीच 600000/- छ लाख के चेक का सांकेतिक रुप से वितरण, कृषि विभाग और से प्रखंड के 03 किसानों के बीच कृषि उप-करण का वितरण वही कल्याण विभाग की और से राजकीय मध्य विद्यालय 25 छात्र एवं 15 छात्रा के बीच सीजेएम व अतिथियों के द्वारा परिसम्पत्तियों का किया गया वितरण। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उराँव ने किया। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रीना कुमारी, कैरो थाना के एसआई मनोज कुमार गुप्ता, जेएसएलपीएस के बीटीएम, कैरो मुखिया वीरेंद्र महली, पीएलवी अशोक यादव, जितेन्द्र राम, दीपक कुमार साहु के अलावा कैम्प मे प्रखंड सह अंचल के सभी विभागों के कर्मी के अलावा बड़ी संख्या मे लाभुक उपस्थित थे।

## संत जेवियर कॉलेज में नए सत्र के विद्यार्थियों का स्वागत एवम ओरिएंटेशन प्रोग्राम का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिले के संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में नए सत्र का विद्यार्थियों का स्वागत एवम् ओरिएंटेशन प्रोग्राम दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुभाष बाड़ा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि को शॉल एवं पौधा देकर स्वागत किया गया मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी विद्यार्थी अनुशासन में रहे अनुशासन ही लोगों को महान बनाता है साथ ही उन्होंने अपने जीवन शैली को बताते हुए कहा कि मैं भी संत जेवियर कॉलेज का छात्र रहा हूं उन्होंने कहा कि हमें जिस दिशा की ओर जाना है उस लक्ष्य को अभी से ही सोच कर चलना है और उसी तरह का शिक्षा पाना है प्रिंसिपल फादर एफ्रेम बा ने कहा कि कॉलेज में नए सत्र का विद्यार्थियों का स्वागत एवं ओरियंटेशन प्रोग्राम किया गया यह कार्यक्रम उनके लिए मिल का पत्थर साबित होता है क्योंकि इसी से वह स्कूली शिक्षा को समाप्त करते हुए ग्रेजुएशन की शिक्षा इस कॉलेज से लेंगे इस कार्यक्रम में तरह-तरह के प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमे की सभी फादरों तथा प्रोफेसर द्वारा विद्यार्थियों को शुभ संदेश दिया गया फादर ने कहा कि अगर विद्यार्थी इन सभी बातों को अपने जीवन में अमल करेंगे तो अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे उन्होंने यह भी कहा कि ओरिएंटेशन का मतलब होता है कि विद्यार्थियों को दिशा निर्देश देना और संत जेवियर कॉलेज में सभी विद्यार्थियों को लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए सही शिक्षा दी जाएगी ताकि विद्यार्थी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सके और अपने भविष्य को उज्जवल बना सके प्रिंसिपल ने सभी विद्यार्थियों को रेगुलर उपस्थित देने को कहा ताकि उन्हें सही शिक्षा दिया जा सके।

## चले मदारी फिर से ठगने : रामचंद्र गिरि



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र गिरि ने वर्तमान झारखंड सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि विधानसभा चुनाव आते हीं अब झारखंड की सत्ताधारी पार्टी मदारी की तरह झारखंड के मतदाताओं को ठगने के लिए कमर कस कर निकल पडी है। उन्होंने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में पढ़े-लिखे बेरोजगार युवकों और झारखंड के भोले- भाले आदिवासी ठगी के शिकार बने थे। इस बार 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को मंइयां सम्मान योजना के नाम पर 1000 रू देने की बात कह कर ठगा जा रहा है। यह योजना लागू हो पाएगा यह संदेह के घेरे में है क्योंकि जब तक फॉर्म भरा जाएगा तब तक विधानसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी और आचार-संहिता लागू हो जाएगा । ऐसे में यह सभी फॉर्म बोरा में भरकर कहां फेंके जाएंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। रामचंद्र गिरि ने कहा कि 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में पढ़े- लिखे बेरोजगारों को कहा गया कि जो स्नातक उत्तीर्ण को ?5000 और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण बेरोजगारों को ?7000 प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता के रूप में दिया जाएगा, किंतु सब टांय-टांय फीस हो गया। किसी को एक पैसा बेरोजगारी भत्ता के नाम पर नहीं मिला। इसी प्रकार भोले -भाले झारखंड के मूल निवासी और आदिवासियों से कहा गया कि सरकार बनते ही पहली बैठक में ही 1932 का खतियान, पेसा कानून और स्थानीय नियोजन नीति लागू कर दिया जाएगा, किंतु 5 साल बीत गए अभी तक इस दिशा में सरकार एक कदम भी आगे नहीं चल पाई। सबसिडी में पेट्रोल देने की योजना भी धूल चाटती नज़र आई। रामचन्द्र गिरि ने कहा कि अब जब 2024 के अंत में झारखंड विधानसभा का चुनाव होना है तब इस सरकार को लग रहा है कि इस बार हम कौन सा मुंह लेकर मतदाताओं के पास जाएंगे। इसलिए एक नया तरीका महिलाओं को ठगने के लिए इजाद कर लिया और उसे लग रहा है कि 1000 प्रति माह पाने की लालच में झारखंड में रहने वाली 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाएं आ जाएगी और वोट देखकर चुनावी बैतरणी पार कर देंगी।

**भारत सरकार द्वारा हिंडाल्को माइंस को मिला 5 स्टार सम्मान**

## पर्यावरण संरक्षण के साथ उत्खनन हमारा उद्देश्य : बी.के.झा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारत सरकार खान मंत्रालय द्वारा अपनी असाधारण एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण खनन के लिए झारखंड में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संचालित भुसाड़ बॉक्साइट माइन्स को निरंतर दूसरे वर्ष भी प्रतिष्ठित 5 स्टार रेटिंग सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान हिंडाल्को के अन्य माइंस जैसे उड़ीसा के बापलीमाली एवं छत्तीसगढ़ में सामरी बॉक्साइट माइंस को सन 2022-23 के लिए प्रदान किए गए हैं। 5 स्टार रेटिंग सम्मान समारोह खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय सेंटर के सभागार में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री (कोयला एवं खान, भारत सरकार) जी.किशन रेड्डी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री (कोयला एवं खान, भारत सरकार) सतीश चंद्र दुबे द्वारा संयुक्त रूप से हिंडाल्को के अध्यक्ष (माइंस एवं मिनरल्स) बिजेश कुमार झा की अगुवाई में वरीय उपाध्यक्ष (खान) प्रतीक कुमार, विजय चौहान, संजय पाढ़ी, तापस गच्छायत को प्रदान किया गया। ज्ञातव्य हो कि खान मंत्रालय के मार्गदर्शन में भारतीय खान ब्यूरो की निगरानी में वर्ष 2022-23 में पूरे देश से 1256 खानों ने ऑनलाइन स्व मूल्यांकन टेंप्लेट प्रस्तुत किया। जिसमें केवल 68 खानों ने अपनी असाधारण, स्थाई एवं वैज्ञानिक विधि से कार्य शैलियों के लिए प्रतिष्ठित 5 स्टार रेटिंग अर्जित की। हिंडाल्को के अध्यक्ष बिजेश कुमार झा ने कहा कि हिंडाल्को अपने उत्कृष्ट कार्यशैली को अपनाते हुए खनन के साथ साथ बायो पार्क का निर्माण, जल प्रबंधन और सोलर प्लांट की स्थापना जैसे अनेक पहल के साथ-साथ स्थिरता में नए मानक स्थापित कर रही हैं। इसके अलावे पर्यावरण पर्यटन,जैव विविधता संरक्षण और सामुदायिक विकास में सीएसआर के माध्यम से निरंतर योगदान दे रही है। यह प्रयास पारिस्थितिकीय संरचना का निर्माण और संतुलित औद्योगिक विकास का अनुपम उदाहरण है।

## आदिवासी मूलवासी को आगे बढ़ता नहीं देख सकती है भाजपा और कांग्रेस : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कांग्रेस और भाजपा कभी भी आदिवासी मुलवासी को आगे बढ़ता हुआ नहीं देख सकती है। कोई डिलिस्टिंग के माध्यम से आदिवासी समाज को प्रताड़ित करने का प्रयास कर रहा है तो कोई भोले भाले आदिवासियों की भावनाओं के साथ खेलकर ठगने का काम कर रहा है। पूर्व मंत्री सह झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का शनिवार को पंडरीपानी में आयोजित पार्टी के बैठक को संबोधित कर रहे थे। एनोस एक्का ने कहा कि विस चुनाव में जिले की दोनों सीटो में झापा की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ता कमर कस ले। उन्होंने कार्यकर्ताओं को झापा की पुंजी और आधार स्तंभ बताते हुए जोश भरने का काम किया। एनोस एक्का ने कहा कि नए जोश और उमंग के साथ सभी लोगों को पार्टी के साथ जोड़कर क्षेत्र के विकास के लिए झापा का झंडा पूरे जिले में लहराना है। उन्होंने जिले में जनता को कोई मान सम्मान नहीं मिलने, भ्रष्टाचार हावी होने की बात कहते हुए विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा। बैठक में विधानसभा चुनाव में दोनों सीट में जीत दर्ज करने के लिए रणनीति बनाई गई, साथ ही साथ संगठन मजबूती के लिए भी कई सुझाव दिए गए। जो सेकंड ने सभी कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों की सेवा करने की बात कही। बैठक को जिला अध्यक्ष मतियस बागे ने भी संबोधित किया। मौके पर संदेश एक्का, आईरीन एक्का, हर्ष बारला, अजित किंडो, विनोद बारला,अभय विश्वकर्मा, ललन प्रसाद, सुजीत नाथ, शंभु केशरी, ललित समद, किरण डांग, निकोलसन कोंगाड़ी, आनंद इंजुरुस, तैरस लकड़ा सहित कई लोग उपस्थित थे। युवा नेता प्रदीप टोप्पो ने थामा झापा का दामन बैठक में कांग्रेस, भाजपा के कई लोगों ने झापा की सदस्यता ग्रहण की। आदिवासी छात्र संघ एवं युवा आदिवासी नेता प्रदीप टोप्पो अपने दर्जनो साथियों के साथ झापा की सदस्यता ग्रहण की। वहीं कांग्रेस पार्टी गुमला जिला के महामंत्री बिरसा तिर्की ने भी अपने समर्थको के साथ झापा का दामन थामा।

## मोबाइल छीनतई मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा-लोहरदगा भंडरा प्रखंड के उदरंगी पंचायत अंतर्गत भैसमुंदो गांव में बच्चे के हाथ से मोबाइल छीनतई मामले में अभियुक्त दो आरोपियों को सिसई थाना अंतर्गत बघदनी गांव से गिरफ्तार के शनिवार को जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो की कुछ दिनों पूर्व घर के बाहर फोन देख रहे बच्चा से रफीक अंसारी उर्फ भोलू पिता महमूद अंसारी ग्राम करकरी साथ में एहतेगाम अंसारी पिता सेराजुद्दीन अंसारी ग्राम बगनी निवासी फोन छीन के फरार हो गए थे। इस दरमियान भंडरा पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज के माध्यम से अपराधियों को धर दबोचने में सफलता पाई।इस मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों को घर से दबोचा गया व कांड संख्या46/24 दिनांक 5/8/24 धारा304(2)3(5)बी एन एस 2023के तहत जेल भेज दिया गया।इस अभियान में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह सब इंस्पेक्टर पप्पू गुप्ता, संतोष राय व पुलिस के जवान मौजूद थे।

## बजरंग दल के नेतृत्व में नाग पंचमी कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में नाग पंचमी के शुभ अवसर पर छतर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव शिव मंदिर प्रांगण में बजरंग दल के द्वारा महाआरती अनुष्ठान बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें बजरंग दल के युवा कार्यकर्ता ने महाआरती कर अनुष्ठान को पूर्ण किया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में माताएं बहने एवं शिव भक्त शामिल होकर महाआरती अनुष्ठान को सफल बनाया।मंत्र उच्चारण अनुष्ठान सूर्य नारायण पाठक के द्वारा किया गया एवं मंदिर पुजारी गोपाल जी के द्वारा विधि व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्रवण सिंह थे और उन्होंने कहा कि नाग पंचमी के शुभ अवसर पर मंदिर प्रांगण में जो अनुष्ठान और महा आरती का कार्यक्रम किया जा रहा है यह बहुत ही शुभ मंगल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित, सत्यम कुमार, हसमुख रंजन, सचिन कुमार साहू, अनुभव कशकार, अजय कुमार शाहा, शौर्य पांडे, रोहित कुमार, बजरंग जायसवाल, आनंद सिंह एवं सभी शिव भक्त माताएं बहने शामिल थी।

## गोस्वामी तुलसी दास कवि, दार्शनिक एवं समाज सुधारक थे : प्रधानाचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर्षोलाश के साथ मनाया गया गोस्वामी तुलसीदास की जयंती। वही कार्यक्रम की शुरुआत गोस्वामी तुलसीदास की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर प्रारम्भ किया गया। आचार्य आचार्या व भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एक कवि दार्शनिक, एवं उत्कृष्ट समाजसुधारक थे। संत तुलसीदास जी जन्म का प्रमाण नही है परन्तु बताया जाता है की 11 अगस्त 1511 ई. में उत्तर उत्तरप्रदेश के वाराणसी में जन्मे तुलसीदास ने पावन ग्रंथ रामचरितमानस की रचना के साथ साथ प्रसिद्ध लेख के रूप में गीतावली, कवितावली, विनय पत्रिका की रचना कर समाज मे समरस और प्रेम का भाव जगाने का कार्य किया था। साथ ही बताते हुए कहा कि तुलसीदास का सम्पूर्ण जीवन संघर्ष से भरा रहा इनकी संघर्ष के साथ इनकी उपलब्धि से भैया बहनों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कक्षा अष्ठम के बहन पूजा कुमारी,रेशमा उराँव द्वारा तुलसीदास की जयंती पर प्रकाश डाला गया। तथा इस अवसर पर भैया बहनों के बीच निबंध, सुलेख और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमे रामायण की कथा, तृतीय में महाभारत की कथाएँ, चित्रकला, निबंध जल ही जीवन है। दयानंद सरस्वती की देशभक्ति, स्वच्क्ष भारत, पर्यावरण संरक्षण में हमारी भूमिका, मर्यादा पुरुषोत्तम राम की जीवनी, देशभक्ति जैसे विभिन्न विषय पर विद्यालय के कक्षा द्वितीय से दशम तक के भैया बहन प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए।

## रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है : मंजू देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में दिनांक 10 /8 /2024 दिन शनिवार को राखी,मेहंदी एवं कलश निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा षष्ठ से दशम तक की बहनें भाग ली। मेहंदी प्रतियोगिता में बहनों ने भाग लेकर एक दूसरे के हाथों पर मेहंदी की विभिन्न आकृतियां बनाई। यह प्रतियोगिता कार्यक्रम प्रमुख मंजू देवी एवं श्वेता संदेश के दिशा निर्देशन में आयोजित हुई। दूसरे चरण में राखी बनाओ प्रतियोगिता में बहनों के द्वारा विभिन्न प्रकार की राखियां बनाई गई ।जिसमें बहनों के द्वारा मौली धागा, मोती, रेशम के धागे, ऊन, अन्य विभिन्न घरेलू सामग्री के द्वारा राखी निर्माण किया गया। रक्षाबंधन का महत्व एवं पौराणिक कथाओं से भी अवगत कराया गया। विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या मधुमिता शर्मा ने कहा कि हर बच्चों में कुछ खास गुण होते हैं सभी की अपनी अलग-अलग प्रतिभा होती है अपने गुणों और प्रतिभा को परखना चाहिए। सभी प्रतिभागी बहनों को विद्यालय के तरफ से प्रशस्ति पत्र दिया गया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग को मिली इंडियन नर्सिंग काउंसिल की मान्यता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम ग्रामीण विकास स्वयं सेवी संस्थान माराडीह द्वारा संचालित लातेहार के हुटाप ग्राम में अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग को इंडियन नर्सिंग काउंसिल की मान्यता प्राप्त हो गई है। सचिव इंद्रजीत कुमार ने बताया कि इंडियन नर्सिंग काउंसिल की टीम ने जुलाई माह में निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपी जिसके उपरांत अविराम कॉलेज को आई एन सी की मान्यता प्राप्त हो गई है। अविराम के बी एस सी नर्सिंग के स्टूडेंट्स और सभी संकाय में बहुत जोश है और यह टीम वर्क का परिणाम है आगे अविराम व्यावसायिक गुणात्मक शिक्षा के लिए तत्पर है लोहरदगा और लातेहार जिले को शिक्षा स्वास्थ्य स्वावलंबन का अग्रणी बनाना है

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई बैठक



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोनपाला मंडल में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित हुई। यह बैठक मंडल अध्यक्ष विजय महतो की अध्यक्षता में की गई। इस कार्यक्रम के जिला मंत्री एवं सहसंयोजक नरेंद्र बड़ाइक कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में मंडल स्तर पर आजादी की खुशी के साथ हर घर तिरंगा फहराने की बातें की गई, कहा गया हर घर तिरंगा कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लें, आजादी के अमृत महोत्सव को हम सभी मिलकर मनाएंगे एवं भाजपा कार्यकर्ता हर घर तिरंगा कार्यक्रम में अपने भूमिका बखूबी निभाएंगे द्यसभी कोई मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मंडल अध्यक्ष विजय महतो के साथ सह संयोजक नरेंद्र बड़ाइक पूर्व प्रत्याशी डॉ महेंद्र भगत हरचंद सिंह मोहरचंद महतो सुनील केरकेट्टा अनिल साहू पंकज कुमार पंडित नीरज महतो सत्येंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

**दिव्यांग एवं अन्य जरूरतमंदो के लिए भी खुले हुए हैं डालसा के द्वार : पीडीजे**

# मेगा विधिक शिविर सह सशक्तिकरण एवं गरिमा सम्मेलन का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा और जेएसएलपीएस लोहरदगा के संयुक्त बैनर तले 10 अगस्त में सदर प्रखंड परिसर स्थित नए टाउनहॉल में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर सह गरिमा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा अरविंद कुमार पांडेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण, डालसा सचिव श्री राजेश कुमार, डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं लोहरदगा जिले के सभी प्रखंडो मे आयोजित शिविर में पांच करोड से अधिक परिसंपतियों का वितरण किया गया। जिसमें पीएम आवास योजना अंतर्गत 10 लाभुकों के बीच 13 लाख रुपए, जेएसएलपीएस द्वारा स्वरोजगार के लिए 88 लोगों के बीच 262 लाख रुपए,कृषि विभाग द्वारा 10 पावर स्पेयर और 12 पंपसेट, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत 6 लाभुक के 31.04 लाख रुपए, श्रम विभाग द्वारा 210 लाभुकों के बीच 5.5 लाख रुपए, जिला आपूर्ति शाखा द्वारा 20 नए राशन कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 35 लाभुकों के बीच 4.88 लाख रुपए, पशुपालन विभाग द्वारा पशुधन योजना अंतर्गत 10 लाभुकों के बीच 2.51 लाख रुपए,सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा 20 लाभुकों के बीच कई योजनाओं का वितरण किया गया। वहीं सभी प्रखंडों को मिलाकर कुल 971 लाभुकों और 5 स्वयं सहायता समूहों के बीच कुल 5 करोड रुपए की योजना का वितरण किया गया। मुख्य कार्यक्रम लोहरदगा नगर भवन मे आयोजित किया गया। जबकि कुडू प्रखंड में एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, सेन्हा प्रखंड में वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, कैरो प्रखंड में सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा, भंडरा प्रखंड में एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, किस्को प्रखंड में न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता कुजूर व पेशरार प्रखंड में मध्यस्थ अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव ने कार्यक्रम की अगुआई की। संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार एवं डालसा सचिव राजेश कुमार के द्वारा क्या गया।

# आदिवासियों के नाम पर सत्ता में बैठी हुई सरकार ही आदिवासियों का शोषण कर रही है : देवशरण भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी के द्वारा प्रधान कार्यालय लोहरदगा में आदिवासी अखड़ा का आयोजन किया गया एवं विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉक्टर देवशरण भगत एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत शामिल हुई। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत जिले से आए हुए तमाम पाहन,पुजार का विधिवत रूप से पैर धोकर एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। उसके पश्चात समाज के लिए अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया जिसमें भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज महतो, किस्टो कुजूर, सहदेव भगत, रनिया देवी, अनीता देवी, राधा देवी, सहदेव ऊराव, मंगरा ऊराव सहित अन्य सैनिकों को उनके देश के प्रति बहुमूल्य योगदान के लिए अँग वस्त्र देकर स्वागत किया गया एव जिन सैनिकों ने इस देश के लिए शहादत दी है उनके परिजनों को बुलाकर भी सम्मानित किया गया सभी का स्वागत श्रीमती नीरू शांति भगत के द्वारा किया गया। वहीँ पाहन-पुजार में कुडु के देवी पाहन विश्रामगढ के संजय पाहन उडुमुलु के रोहित पहान दिनेश पहान किस्को के पहान इंद्रजीत मुंडा,रंजीत तुरी,सिकंदर नगेसिया सहित अन्य पहान पूजार को स्वागत करते हुए मंच पर बिठाया गया। उसके पश्चात विश्रामगढ की बच्चियों के द्वारा आदिवासी नृत्य करते हुए मेहमानों का स्वागत किया गया उसके बाद पाखर एवं किस्को की टीम ने आदिवासी नृत्य और खोडा के द्वारा मेहमानों का स्वागत किया। इस बीच किस्को प्रखंड के जितेंद्र तुरी, सुदर्शन तिग्गा और अनीता देवी, श्रीमती प्रधान अपने 36 समर्थको के साथ आजसू पार्टी में शामिल हुए। सभी का स्वागत डॉक्टर देवसरन भगत ने पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित आदिवासी अखड़ा को संबोधित करते हुए पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर देवशरण भगत ने कहा कि आज आदिवासियों की स्थिति को लेकर हम सभी चिंतित हैं और हमने इस आदिवासी बहुल राज्य को अलग कराने के लिए पूरी पार्टी के साथ जबरदस्त आंदोलन करके इस राज्य को अलग कराया था इसलिए इस आदिवासी बहुल राज्य का विकास आजसू पार्टी ही कर सकती है। डॉक्टर देवशरण भगत ने कहा कि आदिवासियों के नाम पर सत्ता में बैठी झारखंड सरकार आज आदिवासियों का शोषण कर रही है आए दिन बच्चियों के साथ बलात्कार, पुलिस महिला कर्मियों की हत्या, गरीब आदिवासियों को महंगा बालू के अलावा अस्पताल और शिक्षा की समुचित व्यवस्था सरकार नहीं कर पा रही हैं। नीरू शांति भगत ने कहा कि इस राज्य एवँ इस जिले के लिए स्वर्गीय कमल किशोर भगत पूर्व विधायक ने अनेकों काम किया। सर्वप्रथम 2009 में विधायक बनने के पश्चात उन्होंने विधानसभा में सरना कोड की आवाज उठाई थी लेकिन उस समय की तत्कालीन सरकार के द्वारा सरना कोड पर कोई पहल नहीं की गई।

चलते चलते एक नजर

## उत्तराखंड में ट्रैकिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने की तैयारी



**देहरादून :** प्रदेश की धामी सरकार प्राचीनकाल में उत्तराखंड के चारधाम यात्रा पैदल मार्ग को फिर से विकसित करेगी, जिससे राज्य में ट्रैकिंग टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके। इसके लिए सरकार की ओर से योजना तैयार की गई है। शुक्रवार को तीर्थनगरी पहुंचे पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि उत्तराखंड की प्राचीन चारधाम पैदल यात्रा 5120 वर्ष पुरानी है। राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा ट्रैक को फिर से विकसित करने का निर्णय लिया है। योजना के तहत मार्ग में पड़ने वाली चट्टियों, पड़ावों की तलाश का कार्य शुरू किया जा चुका है। इस योजना के क्रियान्वयन से प्राचीन मार्ग पर पड़ने वाले पर्यटक व तीर्थस्थल, मठ-मंदिर फिर से आबाद होंगे। इससे राज्य में देशी-विदेशी सैलानियों की आमद और अधिक बढ़ जाएगी। यह कदम राज्य में स्वरोजगार बढ़ाने व पलायन को रोकने में काफी हद तक मददगार साबित होगा।पर्यटन मंत्री ने बदरीनाथ व केदारनाथ के मध्य रावल ट्रैक, नीती माणा ट्रैक आदि ट्रैकों को भी खोलने पर योजना तैयार करने की बात कही है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पुराने ट्रैक्स को खोलने को लेकर कार्ययोजना तैयार कर की गई है। होमस्टे योजना पर भी विभाग तेजी से कार्य कर रहा है। कमरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। उत्तराखंड के फूड को भी प्रमोट करने को लेकर कार्य किया जा रहा है।

## 14 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस मनाएगा बजरंग दल

**मीरजापुर :** बजरंग दल मीरजापुर नगर प्रखंड की ओर से चौदह अगस्त की रात दस बजे संकटमोचन मंदिर चौराहा पर अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत अखण्ड भारत दीपोत्सव व सामूहिक वन्देमातरम गीत कार्यक्रम प्रायोजित किया गया है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मीरजापुर नगर प्रखंड की बैठक शनिवार को जिला कार्यालय इम्लहानाथ मंदिर, दक्षिण फाटक पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष राजमहेश्वरी ने संगठन विस्तार व आगामी कार्यक्रम अखण्ड भारत संकल्प दिवस, स्थापना दिवस के संदर्भ में रूपरेखा तैयार की। विभाग संगठन मंत्री अमित का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में मीरजापुर नगर प्रखंड समिति के नवीन दायित्ववान पदाधिकारियों की घोषणा हुई। नगर अध्यक्ष राज माहेश्वरी, नगर उपाध्यक्ष रूप नारायण अग्रहरि व राहुल चंद जैन, नगर मंत्री बृजेश ऊमर, नगर सह मंत्री शोभित पाल व आशीष तिवारी, नगर संयोजक चन्द्रप्रकाश शर्मा, सह संयोजक रितेश गुप्ता व श्याम सोनी, दुर्गावाहिनी संयोजिका सिमरन, मातृशक्ति संयोजिका शशि तिवारी, समरसता प्रमुख शेखर केशरवानी एवं गौ रक्षा प्रमुख विशाल गुप्ता को मनोनीत किया गया। इस दौरान विधि प्रकोष्ठ मीरजापुर व सोनभद्र के पालक अमरेश, बजरंग दल जिला सहसंयोजक पवन व अशोक समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

डीपीएस सूदना में हुआ पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन

# अपने बच्चों के विकास से गदगद दिखे सभी पैरेंट्स



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल यानी डीपीएस सूदना में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के पीटी परीक्षा का परिणाम घोषित किए गए बच्चों के रिजल्ट से पूर्व के मुकाबले अपेक्षित सुधार देखी गई। सभी अभिभावक भी अपने बच्चों के परिणाम से संतुष्ट देखे गए। प्री नर्सरी से 11वीं तक के सभी वर्गो के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया। स्कूल द्वारा बच्चों के समुचित विकास के लिए किए गए प्रयासों की अभिभावकों ने खूब सराहना की। मौके पर स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर श्वेता कुमारी व निदेशक इंजीनियर विनय मेहता ने बच्चों और अभिवावकों का मार्गदर्शन किया और आगामी अर्धवार्षिक परीक्षा में बेहतर करने की शुभकामनाएं दी। बैठक में शिक्षकों ने मोबाइल से दूरी बनाकर पढ़ाई पर फोकस करने पर जोर दिया गया। अभिभावकों की सहभागी एवं घर पर बच्चों को ध्यान देने हेतु शिक्षकों ने सुझाव भी दिया। इस परीक्षा के साथ-साथ ओलंपियाड व एनटीएसई परीक्षा की जानकारी एवं तैयारी हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अपने बच्चों के विकास से सभी पैरेंट्स गदगद देखे गए।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर विद्यालय के कोऑर्डिनेटर नीलिमा मिश्रा, नीतू मिश्रा, आनंद कुमार, श्वेता पाठक, निशिकांत दुबे, विशाल मल्होत्रा, श्वेता कुमारी, नेहा कुमारी, पूनम पांडेय, धीरज उपाध्याय, श्वेता शबनम और चंद्रदीप कुमार उपस्थित थे। साथ ही अभिभावकों में प्रभात अग्रवाल, संजीव कुमार सिंह, विजय उपाध्याय, कुणाल तिवारी आदि ने अपने बच्चों के विकास के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त दिखे।

### हमारे सोच के अनुरूप रहा पेरेंट्स का जीरो कंप्लेंन : ई. विनय मेहता



मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डेडीकेटेड के निदेशक इंजीनियर विनय मेहता ने कहा कि बच्चों के विकास का स्कूल मैनेजमेंट ने जो सपना देखा गया था, उस सपने को डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल के शिक्षक, बच्चे और अभिभावक तेज गति से पूरा कर रहे हैं। यहां के प्रबंधन का एक ही सोच था कि पेरेंट्स साइट से कोई भी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। पेरेंट्स का जीरो कंप्लेंन विद्यालय के प्रबंधन का सोच था। इसी सोच को विद्यालय के शिक्षकों ने कठिन परिश्रम कर साकार किया। स्कूल में बच्चों को इस तरह से पढ़ाई कराई जा रही है कि अभिभावक गदगद दिखे। अभिभावकों की ओर से किसी भी तरह का शिकायत नहीं किया गया। इंजीनियर विनय मेहता ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, योग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी सहित कई अन्य चीजों की शिक्षा दी जाती है। इसका परिणाम भी सुखद देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल में शैक्षणिक और बौद्धिक विकास अभिभावकों के अनुरूप चल रहा है। बच्चों को एकेडमिक पढ़ाई के साथ-साथ ओलंपियाड और एनटीएसई जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी अभिभावकों को प्रत्येक सुविधा देने के लिए प्रेरित किया गया। विनय मेहता ने कहा कि यहां के बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देकर देश और समाज का नाम रोशन करेंगे। ऐसा मुझे विश्वास है। उन्होंने कहा कि अपने नाम के अनुरूप डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल बच्चों को शिक्षा दे रहा है।

### विद्यार्थी और अभिभावक की मुस्कान ही हमारा पहचान है : डॉ श्वेता कुमारी



विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्वेता कुमारी ने कहा कि स्कूल के सभी विद्यार्थी के अभिभावक यहां की पढ़ाई से खुश हैं। ऐसे में स्वाभाविक है कि मैं भी खुश हूं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी और अभिभावक की मुस्कान ही हमारा पहचान है। डॉक्टर श्वेता कुमारी ने कहा कि बच्चों को हाई क्वालिटी का एजुकेशन देने में स्कूल प्रबंधन कोई कसर न तो छोड़ा है और नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चों को किताबी ज्ञान के अलावा सामाजिक ज्ञान भी दिया जाता है। ताकि वह सभी तरह के गुण से अवगत हो सके।

## निमियां स्थान का होगा कायाकल्प : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर नागपंचमी के मौके पर शहर के निमियां स्थान पहुंचे। यहां मंत्री ने पहलवानो से हाथ मिलाकर दंगल अखाड़ा का उद्घाटन किया। इस दौरान पहलवानों की मांग पर मंत्री ने निमियां स्थान में हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। मंत्री ने कहा कि निमियां स्थान का कायाकल्प किया जाएगा। यहां पहलवानों के लिए हर संभव आवश्यक सुविधा उपलबध करायी जायेगी। तत्पश्चात मंत्री रंका प्रखंड के हुरदाग में मेला



समिति ग्राम हुरदाग की ओर से आयोजित नागपंचमी मेला महोत्सव में पहुंचे। यहां भी मंत्री ने पहलवानों से हाथ मिलाकर कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, प्रीतम गौड़, आशिश अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मंत्री श्री ठाकुर रंका प्रखंड के खरडीहा पंचायत भवन में पहुंचे। यहां झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत आवेदन जमा करने आयी महिलाओं से मुलाकात की। मंत्री ने आवेदन जमा करने की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित माता-बहनों से कहा कि इस योजना का सभी जरूरतमंद लोग लाभ उठायें। कोई भी गलत लोग इसका लाभ नहीं ले सकें, इसका भी ख्याल रखें। मंत्री ने कहा कि आवेदन जमा करने का कार्य बिल्कुल निःशुल्क है। यदि कोई भी व्यक्ति पैसा मांगता है तो सूचना दें। त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा व प्रबंधन ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को उनके जन्मदिन के अवसर पर संत जेवियर्स कॉलेज राँची के प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा, एसजे, कुलसचिव डॉ. फादर प्रभात केनेडी सोरेंग व बीएड हेड डॉ. फादर फ्लोरेंस पूर्ति ने मुख्यमंत्री आवास पर जाकर बधाई एवं शतायु होने की शुभकामनाएं दीं।उक्त अवसर कॉलेज पर प्राचार्य फादर एन. लकड़ा, एसजे ने कॉलेज के शैक्षणिक गतिविधियों व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान कॉलेज प्रबंधन के फादर फ्लोरेंस पूर्ति द्वारा सम्पादित किताब रीओरिएनटेशन ऑफ हायर एजुकेशन एस एनवीसंद इन एनईपी 2020 और डॉ. फादर केनेडी द्वारा लिखित किताब लर्न हाउ टू ग्रो मशरुम को सप्रेम भेंट की ।

